सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

HAPPY NEW YEAR

नववर्ष 2023 हार्दिक शुभकामनाएं

रांची, रविवार 01.01.2023 epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 169



## न्यूज डायरी

### खरसावां गोलीकांड : आज सीएम श्रद्धांजलि देने जायेंगे

**शरसांवा।** एक जनवरी, शहीद दिवस पर खरसावां गोलीकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। श्रद्धांजलि देने के सीएम हेमंत सोरेन दोपहर करीब एक बजे खरसावां पहुंचेंगे तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और लोगों को संबोधित भी करेंगे। केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा भी समर्थकों के साथ सुबह खरसावां पहुंच कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### गुजरात में भीषण सड़क हादसा, 9 की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के नवसारी जिले में शनिवार को तड़के एक भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गयी। 15 अन्य घायल हो गये। हादसे पर पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया है। पुलिस के अनुसार यह हादसा एक बस और एक एसयूवी में भिड़ंत से हुई।

### एक इंच जमीन भी नहीं ले सकता चीन : शाह

**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के बीच चल रहे विवाद के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि किसी की मजाल नहीं कि वह भारत की सीमा में घुस पाये। एक इंच हमारी जमीन चीन नहीं ले सकता। श्री शाह ने कहा, आइटीबीपी ने स्थापना काल से विषम भौगोलिक परिस्थितियों, मुश्किल मौसम से लड़ते हुए, कठिन से कठिन क्षेत्र के अंदर असाधारण काम किया है। उनके इसी शौर्य के कारण देश की जनता उन्हें हिमवीर कहकर बुलाती है। यह पद्मश्री और पद्म विभूषण से भी बड़ा उपनाम जनता ने जवानों को दिया है।



# नये साल का जश्न मनायें, पर सावधानी और सतर्कता से

### लगातार बढ़ती सर्दी और कोरोना के खतरे से भी बचें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नव वर्ष 2023 का जश्न जम कर जरूर मनायें पर लगातार बढ़ती सर्दी और कोरोना के खतरे को ले कर सावधानी और सतर्कता के साथ। झारखंड में नये साल के आगाज के साथ- साथ मौसम भी अपना मिजाज बदल रहा है। झाखंड में पछुआ हवा ने कनकनी बढ़ा दी है। नये साल के आगाज के साथ- साथ शीतलहर भी चलेगी। ऐसे में ठंड से खुद और अपने परिजनों का ख्याल रखें। तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि कांके का तापमान शुक्रवार को 3.3 डिग्री तक गिर गया। इतना ही नहीं इसका तापमान शून्य तक जाने की संभावना जतायी गयी है। रांची के मौसम केंद्र ने 24 घंटे के दौरान खूंटी को ठंडी जगह बताया है। यहां का तापमान 6.1 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। 31 दिसंबर की रात से लेकर पहली जनवरी की रात तक के जश्न की तैयारियां चल रही हैं। ज्यादातर होटल और रेस्टोरेंट बुक हो चुके हैं।




वहीं मंदिर, चर्चा एवं अन्य धार्मिक स्थलों की व्यवस्था बेहतर की जा रही है। नववर्ष 2023 के स्वागत को हर कोई बेकरार है। शनिवार रात 12 बजते ही पूरा शहर जश्न में डूब गया। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल की तैनाती की गयी है। महिला सुरक्षा विशेष दस्ता शक्ति कमांडो की तैनाती है।

## पीएम के मुख्य सचिव ने की हाइलेवल बैठक में समीक्षा

# चीन समेत 5 देशों के यात्रियों का आज से कोरोना टेस्ट अनिवार्य

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी के मुख्य सचिव डॉ पीके मिश्रा ने शनिवार को शीर्ष अधिकारियों, विशेषज्ञों के साथ कोविड को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कोविड की स्थिति और कोविड से लड़ने की तैयारी को लेकर चर्चा की। वहीं नये साल के जश्न की तैयारियों के बीच विदेशों में में हाहाकार मचा रहे ओमीक्रोन के नये सब वैरिएंट एक्सबीबी 1.5 ने भारत में भी दस्तक दे दी है। इस बीच सरकार ने चीन, जापान, सिंगापुर सहित अन्य देशों में तेजी बढ़ते कोरोना मामलों के बीच देश



में तैयारी तेज हो गयी है। कोरोना से लड़ने के लिए केंद्र सरकार ने कई कदम उठाये हैं। एक जनवरी 2023 से चीन, जापान, सिंगापुर, हांगकांग से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी पीसीआर टेस्ट अनिवार्य कर दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने संशोधित कोविड दिशा-निर्देश जारी कर दिये। ये निर्णय दुनिया के विभिन्न हिस्सों में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण लिया गया।

**भारत पर मंडरा रहा है 'डबल अटैक' का खतरा :** कोरोना को लेकर कई सारे एक्सपर्ट भारत के लिए जनवरी का महीना काफी अहम मान रहे हैं। चीन में जिस तरीके से कोरोना से हालात पैदा हुए हैं उस वेरिएंट को लेकर सरकार भी अलर्ट है। वहीं अमेरिका वाले वेरिएंट की भी भारत में एंट्री से टेंशन बढ़ गई है। ऐसे में लापरवाही न बरतने की सलाह दी जा रही है।

(शेष पेज 11 पर)

### भारत में दस्तक, गुजरात में मिला पहला केस

नये साल के जश्न की तैयारियों के बीच कोरोना में हाहाकार मचा रहा ओमीक्रोन का नया सब वैरिएंट एक्सबीबी 1.5 ने भारत में दस्तक दे दी है। गुजरात में पहला केस सामने आया है। इस वैरिएंट के सबसे ज्यादा मामले अमेरिका में आ रहे है। भारत में फिलहाल बीएफ.7 के मामले गुजरात और ओड़िशा में मिले हैं।

**रेबिका पहाड़िन हत्याकांड**

### हत्या के 14 दिन बाद तालाब से मिला कटा सिर

**रांची ।** साहिबगंज की रेबिका पहाड़िन का कटा हुआ सिर हत्या के 14 दिनों बाद शनिवार को एक तालाब से बरामद हुआ। बोरियो स्थित तालाब में मछुआरों ने महिला का सिर होने की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने रेबिका का सिर सहित शव के 30 टुकड़े अब तक बरामद किये हैं। बोरियो थाना क्षेत्र निवासी आदिम पहाड़िया जनजाति की 22 वर्षीया रेबिका की हत्या उससे महज डेढ़ महीने पहले शादी रचाने वाले दिलदार अंसारी और उसके परिवार के लोगों ने कर दी थी और इसके बाद उसकी लाश के 50 टुकड़े कर दिये थे।

पुलिस ने अब तक दिलदार अंसारी, उसके पिता मो. मुस्तकिम अंसारी, मां मरियम खातून, पहली पत्नी गुलेरा अंसारी, भाई अमीर अंसारी, महताब अंसारी, बहन सरेजा खातून सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## रिम्स को एकेडमिक ब्लॉक और परिजन विश्रामगृह की सौगात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स में व्यवस्था सुधारने को लेकर प्रबंधन रेस हो गया है। इसके तहत नये साल में कई नई सुविधाएं मिलेगी। मेडिकोज के लिए एकेडमिक ब्लाक शुरू किया जाएगा। वहीं, मरीजों के परिजनों के लिए भी रात गुजारने के लिए छत मिलेगी। मरीजों के परिजनों को अब जहां-तहां रात नहीं गुजारनी पड़ेगी। इसके अलावा नई सिटी स्कैन मशीन भी मरीजों के लिए चालू कर दी जाएगी। इसके अलावा मरीजों के लिए सुपर स्पेशियलिट बिल्डिंग का भी निर्माण कार्य शुरू होगा, जिसमें चाइल्ड और मेटरनिटी वार्ड होगा।

**एक छत के नीचे मेडिकोज को सुविधा :** एकेडमिक ब्लॉक में एक ही छत के नीचे पढ़ाई से लेकर खाने और फिट रहने का इंतजाम होगा। रिम्स का एकेडमिक ब्लॉक 43 करोड़ रुपए से निर्माण कराया गया




है। जल्द ही इस बिल्डिंग का उदघाटन हो जाएगा। इस बिल्डिंग में रिम्स की लाइब्रेरी समेत मेडिकल स्टूडेंट के पढ़ाई से जुड़े सभी इंतजाम हैं। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुसार लाइब्रेरी को लेकर लगातार निर्देश मिलता रहा है। नयी बिल्डिंग में मेडिकोज के लिए लेक्चर थियेटर, कैफेटेरिया और जिम की सुविधा भी होगी।

**परिजनों को डॉरमेट्री की मिलेगी सुविधा :** रिम्स में बिहार-झारखंड के अलावा अन्य राज्यों से मरीज इलाज के लिए आते हैं। यहां मरीजों के साथ आनेवाले परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनके सामने सबसे बड़ी समस्या रात गुजारने की होती है।

(शेष पेज 11 पर)



# 15वें वित्त आयोग की कम राशि खर्चनेवाले जिले के बीडीओ-मुखिया पर होगी कार्रवाई

**वार्षिक विकास योजना के आधार पर ली गयी 18 हजार से अधिक योजनाओं के शुरू नहीं होने से अधिकारी नाराज**




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत आबद्ध एवं अनाबद्ध मद से उपलब्ध राशि से त्रिस्तरीय पंचायतों द्वारा वार्षिक विकास योजना के आधार पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 71,009 योजनाओं के विरूद्ध 55,409 योजनाएं ही प्रारंभ हो पायी। इस योजना का करीब 17 हजार स्वीकृत योजनाओं पर काम प्रारंभ नहीं हो सका है। वहीं, इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में 7,995 स्वीकृत योजनाओं में से 6,056 योजनाओं पर ही काम प्रारंभ हो पाया है। पंचायती राज निदेशक राजेश्वरी बी ने इसे गंभीरता से लिया है। सभी जिलों के उपविकास आयुक्तों सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद झारखंड को पत्र लिखा है और 15वें वित्त आयोग अंतर्गत चयनित योजनाओं का क्रियान्वयन एवं राशि का समुचित व्यय अविलंब सुनिश्चित करने को कहा है। इसके लिए अपने जिले की सभी त्रिस्तरीय पंचायतों की समीक्षा करने को कहा गया है और जिले के औसत से कम व्यय वाली पंचायत एवं पंचायत समिति के मामले में जवाबदेह पंचायत सचिव, प्रखंड विकास पदाधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। निदेशक ने यह भी कहा है कि संबंधित मुखिया, प्रमुख के विरूद्ध कार्य में जानबुझकर लापरवाही एवं कर्तव्य निर्वहन में असफलता के आरोप में निलंबन का प्रस्ताव विभाग को भेजें।

**सीएस ने की थी समीक्षा**

बताते चलें कि राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने 15वें वित्त आयोग से मिली राशि के कम व्यय की समीक्षा की थी। सीएस ने कम व्यय होने पर नाराजगी जतायी थी और बड़ी संख्या में योजनाओं के शुरू नहीं होने पर पंचायती राज विभाग को कई निर्देश दिए थे।

# कस्टमर संतुष्टि सर्वे रिपोर्ट में रांची एयरपोर्ट खिसक कर चौथे स्थान पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** रांची एयरपोर्ट पर जो सुविधाएं ग्राहकों को दी जा रही हैं, उससे कस्टमर खुश नहीं हो रहे हैं। उनके खुश न होने का परिणाम यह हुआ है कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ग्राहक संतुष्टि सर्वे (कस्टमर सटिस्फैक्शन) की सर्वेक्षण रिपोर्ट में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची का रैंक खासा पीछे चला गया।

छह महीने पहले रांची एयरपोर्ट को पहला रैंक मिला था, लेकिन जुलाई से दिसंबर महीने के सर्वे रिपोर्ट में इस रैंक पहले से खिसकर कर चौथे पर आ गया है। रांची एयरपोर्ट को चौथे पायदान पर ला कर पहले पायदान पर कब्जा जमाया है राजस्थान के उदयपुर के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट ने।

**सर्वे में मिले में 4.96 अंक**

बताते चलें कि जुलाई से दिसंबर के बीच कस्टमर सटिस्फैक्शन सर्वे कराया गया था। जिसका रिपोर्ट जारी किया गया। इस रिपोर्ट के मुताबिक रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को 4.96 अंक मिले हैं। पहले पायदान से चौथ्झे पायदान पर आने की वजह सर्वे में 0.03 अंक कम मिलना है। रिपोर्ट के मुताबिक रांची को 4.96 अंक हासिल हुए, जबकि उदयपुर एयरपोर्ट ने 4.97 अंक हासिल किया। एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से निर्धारित क्वालिटी मापदंडों को ध्यान में रखकर यह सर्वे कराया गया। जुलाई से दिसंबर 2022 के सर्वे में उदयपुर को पहला स्थान मिला।

**जल्द मिलेगा पहला स्थान**

इस बाबत बिरसा मुंडा एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि हम फिर पहले स्थान पर होंगे। जिन मानदंडों के आधार पर सर्वे हुई उसके परिणाम बेहद सटीक रहे। कुछ अंतर होने के कारण पिछड़ गए। यह सर्वे कई मानकों पर किया गया। इसमें एयरपोर्ट टर्मिनल भवन, साफ-सफाई, आसपास का वातावरण, एयरलाइंस कर्मियों का व्यवहार, स्वच्छता, साफ-सफाई, उड़ान संबंधी जानकारी और डिस्प्ले, पार्किंग, बैगेंज, सुरक्षा जांच के समय कर्मियों का व्यवहार, मनोरंजन और अन्य ग्राहक सुविधाओं से जुड़े मानक शामिल किए गए।

## जून के सर्वेक्षण में मिला था पहला स्थान

उल्लेखनीय है कि इस साल छह माह पहले सर्वेक्षण जनवरी से जून 2022 में हुआ था। तब रांची एयरपोर्ट ने पहला स्थान प्राप्त किया था। दोनों राउंड के सर्वे के आधार पर परिणाम आये। देश के 56 एयरपोर्ट के सर्वे में रांची से ऊपर भोपाल, जम्मू और आंध्र प्रदेश का राजामुंद्री एयरपोर्ट रहा। इसमें भोपाल को दूसरे और जम्मू व आंध्र प्रदेश के राजामुंद्री ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा (जिला योजना)**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**
**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**
**(Very Short term Tender Notice)**

विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA) अन्तर्गत लोहरदगा जिला के कुडू प्रखण्ड के डोराटोली में सरसो तेल उत्पादन केन्द्र वैकल्पिक सौर्य उर्जा समर्थन के साथ स्थापना हेतु मशीन, उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के आपूर्ति, अधिष्ठापन, FPO के प्रशिक्षण एक वर्ष तक विपणन लिंकेज, संचालन और रख–रखाव हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/अर्द्ध सरकारी संगठनों/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **16.01.2023** के **11:30** बजे पूर्वाह्न तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) दूसरी बार आमन्त्रित की जाती है।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में **दिनांक 16.01.2023 के 12:30 बजे (अपराह्न)** जिला क्रय एवं मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात केवल तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। इसके पश्चात् प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा क्रय एवं मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 9608135911/8603984499 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/–
उपायुक्त,लोहरदगा

PR 286404 Lohardaga(22-23).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग**

**CORRIGENDUM**

दिनांक 09.11.2022 को प्रकाशित अल्पकालीन निविदा(PR280836Road(22-23)#D के क्रम संख्या 03 में अंकित कार्य "गैर योजना मद्अन्तर्गत ईचाक से झुमरा पथ की साधारण मरम्मति कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23" को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि० पथ प्रमण्डल,
हजारीबाग।

PR 286408 Road(22-23)D


## झारखंड में कुड़मी को आदिवासी बनाने का विरोध शुरू

**रांची।** कुड़मी/कुरमी को आदिवासी बनाने के विरोध में 26 फरवरी को आदिवासी बचाव रैली निकाली जायेगी। शनिवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों की धूमकुड़िया सभागार, करम टोली में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम समेत कई जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में आदिवासी संगठनों के नेताओं ने अपने-अपने विचार रखे। तय किया गया कि आदिवासी संगठनों का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मिलकर अपना विरोध दर्ज करायेगा। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद अधीर रंजन चौधरी, मंत्री आलमगीर आलम, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का पूरे झारखंड सहित ओड़िशा व पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में सांकेतिक विरोध के तौर पर पुतला दहन किया जायेगा। साथ ही वर्तमान आदिवासी संगठनों का साझा मंच बना कर आदिवासी समन्वय समिति के नाम से एकजुट होकर आंदोलन और महारैली का आयोजन करेगा। बैठक में पूर्व मंत्री गीता उरांव, देवकुमार धान, पूर्व सांसद चित्रसेन सिंकू, आदिवासी अधिकार रक्षा मंच के संयोजक लक्ष्मी नारायण मुंडा,आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, अजीत उरांव, अनिल कुमार टुडू, यदुनाथ तियू, गब्बर सिंह हेंब्रम, जलेश्वर भगत व अन्य मौजूद थें।

# झारखंड में आयातित खाद्यान्नों पर 2 फीसदी कृषि शुल्क लगने पर बढ़ेगी मंहगाई

**सुधीर**



रांची। सब कुठ ठीक रहा तो राज्य की बाजार समितियों में एक बार फिर से व्यापारियों को टैक्स देने होंगे। अब, उन्हें एक नहीं, बल्कि 2 फीसदी टैक्स देने होंगे। इसके लिए सरकार ने एक विधेयक भी लाया है, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर लिया गया है। अब, राज्य में कृषि उपज और विपणन विधेयक का व्यापारी और थोक विक्रेता विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि राज्य में अधिकतर कृषि उत्पादित वस्तुएं दूसरे राज्यों से आयातित होती है। ऐसे में बाहर से आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाने से हर वर्ग के लोग प्रभावित होंगे। नयी व्यवस्था लागू होने से महंगाई बढेगी। बताते चलें कि विधानसभा के शीत सत्र के दौरान इस विधेयक को सरकार ने फिर से पास करा लिया। इसके साथ ही विरोध भी शुरू हो गया। राज्य सरकार के विधेयक के अनुसार दो फीसदी शेष या शुल्क कृषि उत्पादों पर लगाया जा रहा है। वहीं, व्यापारियों की मानें तो गैर जरूरी शुल्क, जिसे सरकार ने पूर्व में हो रही अनियमितता को देखते हुए ही वर्ष 2015 में समाप्त कर दिया थ। इसे फिर से राज्य में लागू करने का निर्णय न सिर्फ अव्यवहारिक बल्कि अप्रासंगिक भी है। व्यापारियों की मानें तो राज्य में अधिकांश खाद्यान्न आयतित होती है। ऐसे में अतिरिक्त शुल्क लगाकर व्यापारियों और कृषकों का शाोषण ही होगा।

**केंद्र का प्रावधान भिन्न**

पूर्व चैंबर अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा के अनुसार राज्य में केंद्र सरकार के ही कृषि विपणन बिल को लागू किया गया है। केंद्र सरकार ने राज्यों को इसमें छूट दी है कि वे अपने तरीके से इसे लागू कर सकते हैं। लेकिन कृषि शुल्क के लिये शून्य से लेकर दो फीसदी तक की दर तय की गयी है। अभी तक जिन जिन राज्यों में इस शुल्क को लागू किया गया है, इनमें कहीं भी कृषि शुल्क दो फीसदी नहीं है। वहीं, राज्य में इसे लागू किया गया है। इसमें सब्जी समेत अन्य खराब न होने वाली वस्तुओं पर एक फीसदी शुल्क लगाया गया है, जबकि अन्य वस्तुओं पर दो फीसदी शुल्क है। उनके अनुसार राज्य कंज्यूमिंग स्टेट है। यहां से बाहर से उत्पाद आते हैं, तब बिक्री होती है। राज्य सरकार इस पर कृषि शुल्क नहीं लगा सकती? क्योंकि कृषि शुल्क अपने राज्य में होने वाले उत्पादों पर लगाया जाता है।

**राज्यपाल ने इस बिल को किया था वापस**

बताते चलें कि साल के शुरूआती महीनों में भी राज्य सरकार ने इस बिल को लाया था। व्यापारियों के विरोध के बाद सरकार ने इसे वापस लेने की बात कही थी। वहीं, राज्यपाल ने भी मई महीने में इस बिल को राज्य सरकार को संशोधन के लिये भेजा था। लेकिन इस विधानसभा सत्र में सरकार ने फिर से इसे पारित कर दिया गया। इधर राज्य के खाद्यान्न व्यापारियों की ओर से लगातार इस मुद्दे पर बैठक हो रही है। रांची बाजार समिति के व्यापारिक प्रतिनिधि संतोष सिंह ने रांची चैंबर अध्यक्ष को पत्र लिखकर इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की अपील की है। उनका कहना है कि अगर इस विधेयक को झारखंड में लागू कर दिया गया तो राज्य के चारों दिशाओं के राज्यों में मंडी शुल्क नहीं होने से झारखंड का व्यापार खत्म होने के कगार पर आ जाएगा। मंडियों में स्थित दुकानें बंद हो जायेंगी।

**सुविधाएं नदारद और टैक्स की कवायद**

व्यापारियों की मानें तो कृषि शुल्क राज्य सरकार बाजार समितियों के विकास के लिये लिया जाता है। लेकिन राज्य की 28 बाजार समितियाों में कहीं भी व्यापारी या किसानों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। सिर्फ रांची बाजार समिति के लिये दो सौ करोड़ रुपए का फंड है। 28 बाजार समितियों से सरकार को लगभग 300 करोड़ का फंड है। वहीं, हर महीने भाड़ा भी दिया जाता है। सरकार का कहना है कि उनके पास बाजार समिति चलाने के लिये पैसे नहीं है, जबकि सरकार के पास फंड है। इसके बाद भी मूलभूत सुविधाएं न देते हुए सरकार शुल्क की मांग करती है।

## सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को दी गई विदाई



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत छह कर्मियों को सेवानिवृति के बाद शनिवार को सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। दिसंबर माह में पूरे सीसीएल से 95 कर्मियों को सेवानिवृति के बाद विदाई दी गई। कार्यक्रम में सीएमडी,सीसीएल पीएम प्रसाद ने सेवानिवृत कर्मियों को स्वागत करते हुए कहा कि आपकी उत्कृष्ट कार्यक्षमता एवं दृढ़ विश्वास से आज कंपनी ने वह मुकाम हासिल किया जो अभूतपूर्व है। उन्होंने ने सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम में निदेशक कार्मिक हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी बी साईराम ने सेवानिवृति के मौके पर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।**
**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–28/2022–23**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 10.01.2023 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 11.01.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 11.01.2023 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) जिला नियंत्रण कक्ष हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work for HSC Saraiya, Padma Hazaribag | 1625970/- | 33000/- | 5000/- | 03 माह |
| 2 | Renovation work for HSC Pandeywara, Chouparan, Hazaribag | 1750300/- | 36000/- | 5000/- | 03 माह |
| 3 | Renovation work for HSC Panchmadav, Barhi, Hazaribag | 1536550/- | 31000/- | 5000/- | 03 माह |
| 4 | Renovation work for HSC Tithi, Chouparan, Hazaribag | 2126450/- | 43000/- | 5000/- | 04 माह |
| 5 | Renovation work for HSC Rampur, Chouparan, Hazaribag | 1932000/- | 39000/- | 5000/- | 03 माह |
| 6 | Renovation work for HSC Vedna, Chouparan, Hazaribag | 1626000/- | 33000/- | 5000/- | 04 माह |
| 7 | Renovation work for PHC Sultana, Katkamsandi, Hazaribag | 3475900/- | 70000/- | 5000/- | 04 माह |
| 8 | Renovation work for HSC Dadi, Block - Dadi, Hazaribag | 2413700/- | 49000/- | 5000/- | 04 माह |
| 9 | Renovation work for HSC Hesalong, Dadi, Hazaribag | 1982350/- | 40000/- | 5000/- | 03 माह |
| 10 | Renovation of HSC at Kandsar at Katkamsandi block ,Hazaribag | 3067550/- | 62000/- | 5000/- | 04 माह |
| 11 | Renovation work for PHC Padma, Barhi, Hazaribag | 3783750/- | 76000/- | 5000/- | 04 माह |
| 12 | Renovation work for HSC Garwa, Barhi, Hazaribag | 3111750/- | 63000/- | 5000/- | 04 माह |
| 13 | Renovation work for HSC Balsagara, Dadi , Hazaribag | 1159400/- | 24000/- | 2500/- | 03 माह |
| 14 | Renovation work for HSC Pundri, Katkamdag, Hazaribag | 1022350/- | 21000/- | 2500/- | 03 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 286405 Building(22-23)D कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।



**कार्यालयः राँची नगर निगम, राँची**
**(प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग)**
**कचहरी रोड, राँची - 834001**
**ईमेल आई डी:- support@ranchimunicipal.com**

पत्रांक:– 619 दिनांक:– 30/12/2022

**सूचना–3**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक **'Light House Project'** अन्तर्गत आनी मौजा, पंचमुखी मंदिर, धुर्वा में कुल–1008 आवासों को आवंटन किया गया है। वैसे लाभुक जो प्रथम किस्त की राशि दे चुके हैं, वे योजना गाईडलाइन/आवंटन पत्र के अनुसार द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम किस्तों की राशि डिमाण्ड ड्राफ के माध्यम से निगम कार्यालय में अथवा RTGS/NEFT/डिमाण्ड ड्राफ के माध्यम समर्पित करना चाहते हैं, वैसे लाभुक द्वितीय किस्त की राशि 1,63,500 रू० निम्नवत बैंक में खाता का नाम– **LIGHT HOUSE PROJECT, DHURWA** के नाम से दिनांक–20.01.2023 तक जमा करना सुनिश्चित करेंगे :–

| बैंक का नाम | खाता का नाम | खाता संख्या | IFSC Code |
|---|---|---|---|
| कैनरा बैंक, अशोक नगर शाखा, रांची | LIGHT HOUSE PROJECT, DHURWA | 5365101002120 | CNRB0005365 |
| बैंक ऑफ बड़ौदा, अपर बाजार शाखा, रांची | LIGHT HOUSE PROJECT, DHURWA | 78940100013881 | BARB0VJRANC |

विदित हो कि योजना के गाइडलाईन अनुसार (आवंटन–पत्र में वर्णित कंडिका–3) आवासीय ब्लॉक का निर्माण कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण हो गया है।

अतः जिन लाभुकों के द्वारा दिनांक–20.01.2023 तक द्वितीय किस्त की राशि जमा नहीं की जायेगी, वैसे लाभुकों के आवंटित आवासों का आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी।

नोट:– जो लाभुक RTGS/NEFT/Online के माध्यम जमा करना सुनिश्चित करेंगे, वैसे लाभुक पासबुक Update करते हुए पासबुक की छायाप्रति निगम कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/–
सहायक नगर आयुक्त,
राँची नगर निगम, राँची

PR 286390 Ranchi Municipal Corporation(22-23).D


# वर्ष 2023 में कई बड़े मामलों में आयेंगे हाईकोर्ट के फैसले

**प्रभात सिंह**



**रांची।** नये वर्ष 2023 में झारखंड के लिए खास होगा। झारखंड हाईकोर्ट में ऐसे कई महत्वपूर्ण मामले में फैसला आयेगा। जिसका राज्य को इंतजार है। चर्चित मामलों में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के दलबदल मामले में स्पीकर के न्यायाधिकारण में फैसला सुरक्षित रखे जाने के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। वहीं भाजपा के कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र पर हाईकोर्ट का फैसला आना है। हाल ही में कांग्रेस के तीन विधायकों के कैश कांड मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई जारी है। एनोस एक्का के आय से अधिक संपत्ति मामले में हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित है। मॉब लिंचिंग अलीमुद्दीन हत्याकांड के सजायाफ्ता की अपील पर फैसला सुरक्षित है। ऐसे कई मामले हैं जिनपर हाईकोर्ट की ओर नजरें टिकी है।

**बाबूलाल मरांडी दलबदल मामले में 5 को सुनवाई**

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दलबदल मामले में स्पीकर के न्यायाधिकरण में फैसला सुरक्षित रखे जाने के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई चल रही है। मामले में प्रार्थी बाबूलाल मरांडी की ओर से शिकायतकर्ता कांग्रेसी विधायक दीपिका पांडे सिंह की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब दिया जा रहा है। 5 जनवरी 2023 को मामले की सुनवाई होनी है।

**3 विधायकों के कैश कांड मामले में 16 को सुनवाई**

46 लाख के साथ कोलकाता में पकड़े गए कांग्रेस से निलंबित तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की ओर से रांची में किए गए जीरो एफआईआर को कोलकाता ट्रांसफर के खिलाफ दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में चल रही है। कोर्ट ने मामले राज्य सरकार व मामले के सूचक अनूप सिंह को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। बंगाल सरकार की ओर से मामले में जवाब दाखिल कर दिया गया है। अगली सुनवाई 16 जनवरी 2023 को निर्धारित

**कांके विधायक समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र पर 9 को बहस**

राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा कांके विधायक समरीलाल का जाति प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के मामले में झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है। मामले में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि समरी लाल के 1950 के पहले झारखंड में रहने का कोई दस्तावेज और अभिलेख नहीं है। 9 जनवरी 2023 को सुरेश बैठा की ओर से बहस होनी है। समरी लाल की ओर से उनके जाति प्रमाण पत्र निरस्त किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर की गई है। इसमें कहा गया है कि वे झारखंड के मूल निवासी हैं।

**एनोस एक्का के आय से अधिक संपत्ति में फैसला है सुरक्षित**

हाईकोर्ट ने सजायाफ्ता पूर्व मंत्री एनोस एक्का एवं उनकी पत्नी की अपील पर हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित रखा है। वही एनोस एक्का के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। आय से अधिक संपत्ति मामले में 25 फरवरी 2020 को सीबीआई कोर्ट द्वारा एनोस एक्का, उनकी पत्नी को मिली 7-7 साल की सजा को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। वहीं एनोस एक्का की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अप्रैल 2020 में उन्हें मिली सात साल की सजा को भी हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

**मॉब लिंचिंग अलीमुद्दीन हत्याकांड के सजायाफ्ता की अपील पर फैसला सुरक्षित**

रामगढ़ में मॉब लिंचिंग में अलीमुद्दीन की हत्या के सजायाफ्ता के मामले में हाईकोर्ट में 21 सितंबर को बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। दीपक मिश्रा व अन्य की ओर से निचली अदालत द्वारा दी गयी आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील दायर की गई है। रामगढ़ कोर्ट ने 21 मार्च 2018 को 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। हजारीबाग के मीट कारोबारी अलीमुद्दीन अंसारी की बीफ ले जाने के आरोप में भीड़ द्वारा 29 जून 2017 को पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी थी। जिन्हें अदालत द्वारा आजीवन कारावास की सजा दी गयी थी उनमें छोटू वर्मा, दीपक मिश्रा और संतोष सिंह के अलावा भाजपा नेता नित्यानंद महतो, विक्की साव, सिकंदर राम, उत्तम राम, विक्रम प्रसाद, राजू कुमार, रोहित ठाकुर, और कपिल ठाकुर शामिल थे।

**एइ नियुक्ति परीक्षा में आरक्षण पर 3 को सुनवाई**

जेपीएससी द्वारा ली गई सहायक अभियंता नियुक्ति में प्रारंभिक परीक्षा में आरक्षण देने से संबंधित मामले में एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई जारी है। मामले में सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं करने और समय मांगे जाने पर कोर्ट ने राज्य सरकार पर 10 हजार रूपए का जुमार्ना भी लगाया है। इस मामले में 3 जनवरी को सुनवाई होनी है। राज्य सरकार की ओर से इस मामले में जवाब दाखिल कर दिया गया है। कोर्ट ने पूर्व में सरकार से पूछा था कि कोटि और कोटा में क्या अंतर है। याचिकाकर्ता भास्कर ने इस मामले में याचिका दायर कर कहा है कि सहायक अभियंता की नियुक्ति में कोटिवार रिजल्ट जारी किया गया है वही आरक्षित श्रेणी के कुछ अभ्यर्थियों को आरक्षण देते हुए सामान्य श्रेणी में रखा गया है, जबकि पीटी परीक्षा में आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है।

**सिपाही नियुक्ति नियमावली–2014 को चुनौती वाली याचिका की सुनवाई**

झारखंड हाई कोर्ट में सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली सुनील टुडू सहित 50 याचिकाओं पर सुनवाई जारी है। कोर्ट में राज्य सरकार ने बताया कि सिपाही नियुक्ति नियमावली नियम संगत है और सही है। इस संबंध मे प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया है कि सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 पुलिस मैनुअल के प्रावधानों के विपरीत है। नई नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त भी गलत है। इसलिए नई नियमावली को निरस्त कर देना चाहिए। वही जेपीएससी का कहना है कि नई नियमावली के अनुसार ही वर्ष 2015 में सभी जिलों में सिपाही और जैप के जवानों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया था। नियुक्ति की प्रक्रिया वर्ष 2018 में पूरी कर ली गई है। इस पर वादियों की ओर से कहा गया था कि पूर्व में हाई कोर्ट की एकलपीठ ने इस मामले के अंतिम फैसले से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होने का आदेश दिया था। प्रार्थी ने सिपाही नियुक्ति नियमावली को असंवैधानिक बताते हुए हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

स्पीड न्यूज



### जरूरतमंदों में भाजमो टेल्को ने बांटे कंबल

**जमशेदपुर।** शनिवार को संध्या 4:30 बजे पूर्वी के माननीय विधायक श्री सरयू राय जी के सौजन्य से भारतीय जनतंत्र मोर्चा टेल्को मंडल के तत्वाधान में आज टेल्को स्थित आजाद मार्केट, न्यू मार्केट और भुनेश्वरी मंदिर के समीप ठंड को देखते हुए असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर औद्योगिक प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह ,टेल्को मंडल के अध्यक्ष महेश तिवारी , जिला उपाध्यक्ष श्री राव, टेल्को मंडल के विधायक प्रतिनिधि अभय सिंह , अमरेश, विकास व कई लोग उपस्थित थे।

### भुनी में एक दिवसीय जांच शिविर आज

**जमशेदपुर।** नये साल की पहली तारीख को नव वर्ष के स्वागत में बोड़ाम प्रखंड के भुनी गांव में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन गांव के स्वतन्त्रता सेनानी रह चुके स्वर्गीय दीनबंधु पाठक की स्मृति में उनके परिवार की ओर से किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों के बीच दवाएं वितरित किए जाएंगे और मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की जाएगी। यह शिविर भुनी गांव के ऐतिहासिक व पौराणिक कोठारी मंदिर के पास ही सुबह नौ बजे से आयोजित होगा। उक्त आयोजन के सम्बंध में शिशिर पाठक, दिलीप पाठक, पंकज पाठक व डॉ मनोज पाठक पूरी तैयारी पर गंभीरता से कार्य कर रहे हैं।

### असामाजिक तत्वों ने जम कर मचाया उत्पात

**गम्हरिया।** बीते शुक्रवार की रात कांड्रा में असामाजिक तत्वों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए जमकर उत्पात मचाते हुए कॉलोनी स्थित एसकेजी क्लब में खड़ी कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की। इस दौरान बदमाशों ने कमल प्रसाद के वाहन (संख्या-जेएच05सीओ/5754)9, राजेश दत्ता की कार (संख्या-जेएच05एयू/ 5725) और मुकेश नंदी की कार (संख्या-जेएच05सीके/1409) की बैक लाइट का शीशा तोड़ दिया और गाड़ियों को क्षति पहुंचाई। सभी गाड़ी मालिकों द्वारा स्थानीय पुलिस को इस संबंध में सूचना देते हुए समुचित कार्रवाई करने की मांग की गई है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

### छात्रों ने सीखे पेंसिल व शापनर बनाने के गुर

**जमशेदपुर।** आजादनगर के मदरसा दारूस सलाम मे आज राजस्थान से आए पिंटू बारूद ने मदरसा के छात्रों को कलम, पेंसिल व शार्पनर बनाने के गुण बताए। उन्होंने अपने साथ लाए कलम व पेंसिल भी बच्चों को दिखाया जिसे समाजसेवी अशफाक आलम ने खरीद कर सभी बच्चों के बीच वितरण किया जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर मदरसा के सचिव हाजी अशरफ अली, शिक्षक मौलाना हामिद रजा, मौलाना बशीर अहमद फैजी, हाफिज शरफुद्दीन, कमेटी सदस्य अबुल कलाम आजाद, मोइनुद्दीन अंसारी, अशफाक आलम थे।

### बीएसएनएल के नये जीएम विजय ने पदभार लिया




**जमशेदपुर।** भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी विजय कुमार ने आज जमशेदपुर दूरसंचार विभाग के जनरल मैनेजर का कार्यभार संभाल लिया । उन्होंने आज कार्यभार प्रभारी जनरल मैनेजर दशरथ महतो से ग्रहण किया। दशरथ महतो डीजीएम एडमिनिस्ट्रेशन होम प्लानिंग के पद पर कार्यरत हैं किंतु संजीव वर्मा के स्थानांतरण के पश्चात वे जनरल मैनेजर के प्रभार में थे।

## वर्ष के अंतिम दिन परिवार संग लोगों ने लिया वनभोज का आनंद




साल के अंतिम दिन शनिवार को डिमना में मीठी धूप का आनंद लेते पर्यटक।



साल के अंतिम दिन शनिवार को जुबिली पार्क में लिया वनभोज का लुत्फ उठाते बच्चे और बड़े।

## शिव को रुद्राक्ष अतिप्रिय, धारण करने से कई लाभ : वृजनंदन शास्त्री

- महाकाल के भष्म आरती देख जय-जय महाकाल, हर हर महादेव गूंजा
- मानगो वसुन्धरा एस्टेट में श्रीमद् भागवत और शिवकथा महोत्सव का छठवां दिन
- सपत्नीक पहुंचे भारत सरकार के मंत्री अर्जुन मुंडा और झारखंड के मंत्री बन्ना




शिव कथा महोत्सव में भष्म आरती का विहंगम दृश्य और भाग लेने पहुंचे केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मीरा मुंडा, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सुधा गुप्ता एवं अन्य अतिथि गण कथा सुनने पहुंचे।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुंधरा एस्टेट में चल रहे श्रीमद् भागवत और श्री पाशुपात्य व्रत शिवकथा महोत्सव ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन शनिवार को कथा वाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान शिव को सबसे प्रिय रूद्राक्ष हैं। रुद्राक्ष धारण करने से कई लाभ मिलते हैं, क्योंकि रुद्राक्ष को भगवान शिव का वरदान ही कहा जाता है। रुद्राक्ष का शाब्दिक अर्थ भी यही है-रुद्र और अक्ष अर्थात रुद्राक्ष। रुद्राक्ष मानसिक तनाव से मुक्ति देता है। यह शरीर, मन और आत्मा के लाभ के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। रुद्राक्ष मानव शरीर के अंदर के साथ-साथ शरीर के बाहर की वायु में भी जीवाणुओं का नाश करता है।

महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से भगवान शिव की महिमा का गुणागान करते हुए आगे कहा कि स्वार्थ छोड़कर निःस्वार्थ भाव से जल, तन और धन का दान करना चाहिए। महाराज जी ने कथा के माध्यम से भगवान श्री शिव के अलग-अलग रूपों की जीवंत झांकियों का दर्शन कराया। शिव कथा के दौरान हुए भजन संगीत कार्यक्रम एवं धार्मिक धुन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। आज के यजमान किरण-उमाशंकर शर्मा थे। रविवार को हवन एवं भंडारा के साथ कथा का विश्राम होगा। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्ण शर्मा काली, जयप्रकाश शर्मा, गोविन्दा शर्मा, राखी शर्मा, रवि शर्मा, चंदन शर्मा, शत्रुधन शर्मा, श्रवण शर्मा सहित पूरे शर्मा परिवार का योगदान रहा।

शनिवार को विभिन्न राजनीतिक एंव सामाजिक संगठन के गणमान्य आदिवासी कल्याण केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, उनकी पत्नी मीरा मुंडा, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, उनकी पत्नी सुधा गुप्ता, टिनप्लेट के पदाधिकारी सुशील, जेवियर स्कूल के डायरेक्टर अखिलेश सिंह, भाजपा नेता लक्ष्मण टुडू, विनोद सिंह, अभिषेक मुंडा, चितरंजन वर्मा, शैलेश गुप्ता, श्वेता कुमारी, अजय श्रीवास्तव, सदानंद कृपा सिंधु, श्यामा तिवारी, दिनेश साहू, बंटी सिंह, नवजोत सिंह, नित्यानंद, हरेंद्र पांडेय, मुकुल मिश्रा, सतवीर सिंह सुमो, राजन सिंह, अनिल सिंह थे।

# ईचागढ़ विस से चुनाव लड़ चुके प्रेम कुमार सिंह का सड़क दुर्घटना में निधन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



समाजसेवी प्रेम कुमार सिंह।

**गम्हरिया।** बीते शुक्रवार की देर रात कांड्रा थाना अंतर्गत रेलवे ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल पल्सर सवार चांडिल निवासी प्रेम कुमार सिंह की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। बताया गया है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि पल्सर सवार बाइक से सड़क के किनारे कुछ दूर तक रगड़ा गया और पल्सर के परखच्चे उड़ गए। उक्त मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने उसे सड़क के किनारे हटाया और कांड्रा थाना को घटना की सूचना दी थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा राहगीरों के सहयोग से घायल युवक को जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल भेजा गया थाजहां उसकी स्थिति गंभीर थी। ट्रेलर घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गई। मालूम हो कि प्रेम सिंह 2014 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। इधर दुर्घटना की जानकारी मिलने पर सगे संबंधी, दोस्तों में मायूसी छा गई। इस घटना के बाद प्रेम सिंह के घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

## चोरी का आरोप : तीन नाबालिग समेत छह धराये

### >> प्रमथनगर में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**जमशेदपुर।** गत 27 दिसंबर की मध्य रात्रि को परसुडीह थाना अंतर्गत प्रमथनगर में एक बंद घर का ताला तोड़कर घर से सोने का कंगन, एक चांदी का अंगूठी, दो चांदी का ताबीज, चांदी का तीन लॉकेट, चांदी का पतला एक चैन और चांदी का टूटा हुआ चूड़ी,एलसीडी टीवी और डीवीडी कप -प्लेट का बॉक्स और ढोसा बनाने वाला तावा को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए गत 30 दिसंबर को अप्राथमिकी अभियुक्त (1) देवा महतो, पिता-बादल महतो, (2) सावन कर्मकार, पिता- मोकारो कर्मकार दोनों पता- सोपडेरा थाना-परसुडीह, जिला- पूर्वी सिंहभूम एवं तीन नाबालिको के निशानदेही पर कांड में चोरी किया गया एलसीडी टीवी, डीवीडी कप -प्लेट का बॉक्स और ढोसा बनाने वाला तावा को बरामद किया है। साथ ही चोरी हुए सोना के जेवरात को पिघलाकर बनाए गए गोले को एवं चांदी के जेवरात को अप्राथमिकी अभियुक्त शशि बर्मा, पिता-बिमल प्रसाद, पता- राहरगोडा, नियर बस स्टैंड, थाना-परसुडीह, जिला- पूर्वी सिंहभूम के निशानदेही पर बरामद किया गया है। 31 दिसंबर को उक्त सभी तीन अभियुक्तों एवं तीनों नाबालिक निरुद्ध बालकों को न्यायालय में अग्रसारण के पश्चात न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उक्त चोरी की घटना में संलिप्त एक अभियुक्त गिरफ्तारी की डर से फरार है।




चोरी के आरोपी गिरफ्तार युवकों के साथ थाना प्रभारी।

## एक नजर में

### आजादनगर : अल-अम्मारा स्कूल में संजीव नेत्रालय ने लगाया जांच शिविर



**जमशेदपुर।** आजादनगर स्थित अल-अम्मारा इंग्लिश स्कूल में संजीव नेत्रालय के सौजन्य से एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिस मे कुल 50 असहाय व जरूरतमंद लोगों की जांच की गई जिस मे 10 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद मिला। उन सभी रोगियो का निशुल्क आपरेशन अगामी 3 जानवरी को संजीव नेत्रालय साकची में किया जाएगा। नेत्र जांच टीम मे डॉ शिव कुमार, सुनील कुमार व शोभा वर्मा शामिल थीं। इसे सफल बनाने में प्राचार्य इश्तियाकुद्दीन अहमद, डायरेक्टर परवेज आलम, जेबा तबस्सुम व जीशान आफरीदी ने भूमिका निभाई।

### राजस्थान कल्याण परिषद ने 200 ग्रामीणों के बीच बांटे नये गर्म कपड़े




**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक संस्था राजस्थान कल्याण परिषद, (श्री अग्रसेन भवन) साकची द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस कड़ाके की सर्दी को देखते हुये पूर्वी सिहभूम जिला के पोटका विधानसभा क्षेत्र के हरिना मुक्तेश्वर धाम परिसर में ग्राम कुंदरुकोचा, हरिण ओतोझारी, चिरूगोड़ा, बालीचुंवा, जामबनी के 200 जरूरतमंद महिलाओं, बुजुर्गो एवं बच्चों के बीच नए गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। मौके पर संस्था के सदस्य सह मारवाड़ी सम्मेलन के प्रान्तीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश रिंगसिया ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा को मूलमंत्र मान कर संस्था यह कार्य कर रही हैं और आगे भी करते रहेंगी। मौके पर नरेश कांवटिया, दीपक पारीक, बजरंग लाल अग्रवाल, ओम प्रकाश झांझरिया, आशोक अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, ग्राम प्रधान विकास भगत, रघुनाथ सरदार उपस्थित थे।

### अग्रसेन भवन में महासर माता का मासिक उत्सव



**जमशेदपुर।** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री महासर माता परिवार जमशेदपुर (कोल्हान) द्वारा कुलदेवी महासर माता का तीसरा मासिक कीर्तन उत्सव साकची श्री अग्रसेन भवन में धूमधाम से मनाया गया। यजमान गणेश भालोटिया द्वारा सपत्नी पूजा अर्चना की गयी। पंडित रामजी पारिक ने पूजा की और सबको रक्षा सूत्र बांधा। मुख्य आकर्षण माता का आलौकिक दरबार, छप्पन भोग, महाप्रसाद आदि रहा। कीर्तन शाम 7.30 बजे से शुभारंभ हुआ, जो रात 11.30 बजे तक चला। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर स्थानीय भजन गायक सुमित्रा बनर्जी, रोहित गुलाटी, बंटी चांगिल, सौमी चौधरी, प्रशांत रूस्तोगी द्वारा माता के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा कर कुलदेवी का गुणगान किया गया। कलाकारों ने श्री गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ किया। भजनों की शानदार प्रस्तुति पर भक्त माता के जयकारे लगाते हुए झूमते रहे। मौके गजानंद भालोटिया, दीपक भालोटिया, संगीता मित्तल, सुनीता पसारी, पुष्पा भालोटिया, नेहा भालोटिया, नमिता अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, जय प्रकाश मित्तल आदि श्रदालु मौजूद थे।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



**जमशेदपुर।** कोलकाता स्थित एसबीएस स्कूल प्रांगण में तीन दिवसीय राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का समापन 30 दिसंबर को हुआ जहां उत्तर कोलकाता के सांसद सुदीप बंदोपाध्याय एवं जोड़ासाँको विधानसभा के विधायक विवेक गुप्ता ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। झारखंड की टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विजेता की ट्रॉफी हासिल की एवं 31000 रूपए का इनाम जीता। समृद्धि मिश्रा आशमी रोहित, रणवीर सिंह, प्रियंका बांकीरा, आकाशी पांडे, रंजन कुमार राय, दीपलक्ष्मी को स्वर्ण पदक हासिल हुआ। रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ी हैं : यस चंदा विवेक गोराई रमन कुमार राय मेघा कश्यप एवं सौरभ हेंब्रम जबकि कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ी हैं आदित्य नाग सुहानी कुमारी अस्मिता कौर प्रेयसी पाल विष्णु प्रसाद स्वेचा कुंकल पल्लवी मंडी खुशी कश्यप अर्चना हो,आयु रितेश एवं अर्चना। झारखंड ताइक्वांडो अकैडमी एवं सोशल एक्शन के निदेशक रविशंकर ने टीम के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य और अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। टीम में कोच के रूप में दयाल सिंह मेहरा एवं समृद्धि मिश्रा के साथ रेफरी मौसमी गोराई आयुष कुमार पांडे एवं महावीर सरदार भी साथ थे।

### सर्वोदय मंडल के जिलाध्यक्ष बने डॉ सुखचंद्र झा



**जमशेदपुर।** शनिवार को बिष्टुपुर ड्रीम हाइट्स एस्टेट सर्वोदय मंडल के पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई गठित की गई और वरिष्ठ गांधीवादी एवं लेखक डॉ सुख चंद्र झा को सर्व समिति के अध्यक्ष की जवाबदेही सौंपी गई। आज की बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा कर यह तय किया गया कि 20 जनवरी से 30 जनवरी 2023 गांधी दिवस तक हमारे साथ गांधी हैं अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में विचार गोष्ठी एवं गांधी चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को गांधीजी के मूल विचार से अवगत कराया जाएगा। आगामी 14 से 16 मार्च तक गांधीजी की कर्मस्थली सेवाग्राम वर्धा में आयोजित सर्वोदय समाज सम्मेलन में पूर्वी सिंहभूम इकाई की भागीदारी सुनिश्चित की गई। उपरोक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए विक्रम को कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्यों ने एमजीएम में मरीजों और परिजनों में बांटे फल-पावरोटी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शनिवार 31 दिसंबर को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा एमजीएम अस्पताल में रह रहे मरीजों एवं उनके अभिभावकों के बीच साल 2022 के अंतिम दिन को बड़े उत्साह से मनाया। इस दौरान ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा 505 जरूरतमंदों एवं गरीबों के बीच भोजन और मिनरल वॉटर का वितरण किया। आज के वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर इंजीनियर सैयद साहब मंजर और विशिष्ट अतिथि के तौर पर सैयद मंजर अमीन मौजूद होकर स्वयं अपने हाथों से भोजन सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर इंजीनियर सैयद साहब मंजर ने कहा कि ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा यह कार्य सराहनीय है, हमें खुशी है कि संस्था द्वारा आज का दिन हमें मिला। वहीं सैयद मंजर अमीन ने ट्रस्ट के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज के दिन ट्रस्ट से जुड़ कर वे खुद को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। समारोह में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सरपरस्त सय्यद आसिफ अखतर भी थे।

## 29 स्वास्थ्य शिविरों के जरिए इस वर्ष गरीबों की सेवा की : डॉ दिनेशानंद

- बहरागोड़ा के सियालबिंधा के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 9 डॉक्टरों ने 508 मरीजों का किया उपचार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



शिविर में जन समुदाय को संबोधित करते डॉ दिनेशानंद गोस्वामी।

**जमशेदपुर।** डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के प्रयास से वर्ष के अंतिम दिन बहरागोड़ा प्रखंड के सियालबिंधा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। 9 अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा 508 मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें चिकित्सीय सलाह प्रदान किया गया तथा मोतियाबिंद से ग्रस्त 41 नेत्र रोगियों का पूर्णिमा नेत्रालय में मुफ्त ऑपरेशन किया जायेगा। डॉक्टरों के परामर्श पर मरीजों को निःशुल्क दवाईयां भी प्रदान किया गया । इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भारत सरकार के प्रमुख उद्यम राइट्स लिमिटेड के सहयोग से स्वयं सेवी संस्था सिटिजन्स फाउंडेशन के द्वारा किया गया। इस वर्ष राइट्स लिमिटेड के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में 29 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन हुआ। अब तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में 15 हजार से अधिक गरीब लोग लाभान्वित हो चुके हैं तथा 400 से अधिक मोतियाबिंद से ग्रस्त नेत्र रोगियों का निःशुल्क आपरेशन कराया जा चुका है।

## भाजमो बिरसानगर पश्चिम मंडल की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भाजमो पश्चिमी बिरसानगर मंडल की बैठक बिरसानगर जोन नंबर-6 स्थित सामुदायिक विकास भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ने की। बैठक में सक्रिय कार्यकताओं के साथ सगंठन विस्तार को लेकर सभी पदाधिकारियों से सुझाव लिया गया। संगठन को मजबूत बनाने के लिए जोनल क्षेत्रीय समिति और बुथ समिति के गठन एवं क्षेत्र में मूलभूत समस्याओं सुविधाएं विकास के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से भाजमो जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष एम चंद्रशेखर राव , जिला मंत्री विकास गुप्ता, एसटी जिला महामंत्री कुंदन मुखी, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, महिला अध्यक्ष नंदिता गागराई , एसटी मंडल अध्यक्ष रजेन कूजूर, मंडल उपाध्यक्ष आंनद सिंह गिल,जय प्रकाश सिंह, मंडल महामंत्री प्रेम रंजन घोष, कोषाध्यक्ष एस एन मिश्रा, मंडल मंत्री विनय कुमार, मंडल मंत्री रामनाथ दास, मंडल मंत्री अमरजीत सिंह, मंडल मिडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार, सुनिल प्रसाद, बबलू यादव, स्यामल रॉय, धर्मपाल सिंह, विक्की मररिया,उमेश शर्मा, जमुना देवी,शीतल रानी,सुशीला देवी, शांति केरकेट्टा, रेशमी सरकार, सामेल ठांडी, सरबजीत सिंह, एस प्रसाद, जगदीश कुमार आदि थे।

## नववर्ष के शुभ अवसर पर चेंबर भवन में होगा केक कटिंग


**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा नववर्ष 2023 के आगमन के शुभ अवसर पर चैम्बर भवन में रविवार, दिनांक 1 जनवरी, 2023 को संध्या 6.00 बजे केक कटिंग समारोह आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि सिंहभूम चैम्बर में प्रत्येक वर्ष नववर्ष के शुभ अवसर पर केक कटिंग कर नववर्ष का उल्लासपूर्वक स्वागत किया जाता है और अपने सदस्यों के साथ-साथ जमषेदपुर के सभी लोगों को शुभकामनायें प्रेषित किया जाता है और कामना की जाती है कि पूरा वर्ष उनके व्यवसाय, उद्योग और जीवन अच्छे ढंग से व्यतीत हो। इस बार यह केक कटिंग समारोह को यादगार बनाने के लिये इसके मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रूचि नरेन्द्रन उपस्थित रहेंगी। अध्यक्ष एवं मानद महासचिव द्वय ने बताया कि चैम्बर भवन के विकास एवं सौंदर्यीकरण प्रक्रिया के तहत चैम्बर भवन के प्रथम तल में निर्मित नये कांफ्रेंस रूम का उद्घाटन भी मुख्य अतिथि रूचि नरेंद्रन के कर-कमलों के द्वारा किया जायेगा।

# भक्तों की रक्षा के लिए मां दुर्गा ने अवतरित होकर महिषासुर दैत्य का किया संहार : विजय गुरुजी

- कृष्ण जन्म प्रसंग पर जयकारों के साथ झूम उठे भक्त
- बिष्टुपुर श्रीराम मन्दिर में नौ दिवसीय श्रीमद देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का चौथा दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




कथा सुनाते विजय गुरुजी और यज्ञ में हवन करते विधायक सरयू राय व अन्य यजमान।

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर मेन रोड़ श्रीराम मन्दिर में चल रहे श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डीय श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्देवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन शनिवार को पूज्यनीय आचार्य विजय गुरूजी महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी से श्री कृष्ण अवतार कथा प्रसंग, महिषासुर जन्म कथा, देवी का प्रादुर्भाव संवाद की व्याख्या किये। कथा में कृष्ण जन्म का वर्णन होने पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद श्रद्धालु भगवान कृष्ण के जयकारों के साथ झूम उठे। कथा के दौरान झांकियों ने श्रोताओं को आनंदित किया। रोजाना की तरह शनिवार को भी 37 यजमानों द्वारा श्री अम्बा यज्ञ नव कुण्डात्मक सहस्त्रचंडी महायज्ञ किया गया, जिसमें जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय भी शामिल हुए। व्यास पीठ से गुरूजी ने कहा कि मां आदिशक्ति ने दुर्गा के रूप में अवतार लिया था। उनका यह अवतार दानवों के संहार के लिए हुआ था। उन्होंने ऐसे दानवों से पृथ्वी व स्वर्ग को मुक्त कराया, जिनका संहार करना देवताओं के वश में नहीं था। ऐसे ही दैत्यों में पहला नाम आता है महिषासुर का। उसने कठिन तपस्या कर ब्रह्मा जी से वरदान मांगा कि देवता और दानव उस पर विजय प्राप्त न कर सकें। इस तरह महिषासुर ने पृथ्वी और स्वर्ग को जीत कर देवताओं तथा मनुष्यों को कष्ट देना शुरू कर दिये।

# पलामू जिला के लिए गौरव बना मेदिनीनगर नगर निगम

■ महापौर के निरीक्षण के बाद जोर शोर से सफाई का कार्य प्रारंभ निरीक्षण का दिखा असर

■ आने वाले नये वर्ष 2023 में नगर निगम महिलाओं को देगा बस की सौगात : अरुणा शंकर





आजादी के बाद चार वर्षों में बदली नगर निगम की तस्वीर



लोगों को लुभा रहा पार्क और मरीन ड्राइव



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आजादी के पूर्व ही डाल्टनगंज में नगर पालिका का गठन हो चुका था। लेकिन आजादी के बाद से लेकर वर्ष 2018 तक नगरपालिका में कई उतार-चढ़ाव होता रहा। बिहार से लेकर झारखंड सरकार तक कई अधिकारी आते-जाते रहे, लेकिन इस नगरपालिका की त्रासदी दूर नहीं हो सकी। जब वर्ष 2018 में नगर निगम का चुनाव तत्कालीन भाजपा सरकार के कार्यकाल में कराया गया। तब से नगर निगम की तस्वीर धीरे-धीरे बदलती चली गयी। महापौर अरुणा शंकर के अंदर कुछ कर गुजरने की तमन्ना थी। जिसे उन्होंने निगम चुनाव जीतने के बाद नगर निगम की तस्वीर बदलने का एक खाका तैयार किया और उस पर चलने का कठिन निर्णय लिया। उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ महज चार वर्षों में नगर निगम की तस्वीर को ऐसा बदला कि लोग देखने को आतुर हैं। चार वर्ष के कार्यकाल में शहर के बीचों बीच स्थित बड़ा तालाब का सौंदर्यीकरण ही नहीं किया गया। बल्कि शहर वासियों को एक बहुत बड़ा पार्क दिया गया। जिसमें महिला, पुरुष, बच्चे और आगंतुक अपना समय सुकून भरे माहौल में व्यतीत करते हैं। इतना ही नहीं, शहर का गांधी मैदान (जो कूड़ा कचरा से भरा रहता था) आज उसी मैदान में लोग सैलानियों की तरह आनंद उठा रहे हैं। कोयल नदी की कलकल बहती जलधारा के किनारे मरीन ड्राइव किसी बड़े महानगर से कम नहीं है। जहां लोग सुबह-शाम अपना समय व्यतीत कर आह्लादित होते हैं। यह मरीन ड्राइव जिले वासियों को अपनी ओर लुभा रहा है। महापौर अरुणा शंकर के अंदर कुछ कर गुजरने की जो तमन्ना थी। उस पर वह बहुत हद तक खरा उतर पायी हैं। लेकिन कुछ कसक उनके अंदर रह गयी है। वह राज्य सरकार के उदासीन रवैये से नहीं हो सकी है। बावजूद वे अपने तेवर कम करने वाली नहीं हैं। लोग कहते हैं कि खूब लड़ी मर्दानी वो तो... की कहावत को महापौर चरितार्थ कर रही हैं। नये साल में महिलाओं के लिए बस सेवा की सौगात देने पर आमादा हैं। अपने पूरे दल-बल के साथ नववर्ष के स्वागत में चौक चौराहे, पार्क, मॉडलर टॉयलेट की विशेष सफाई देखने खुद निकलीं। नववर्ष में निगम क्षेत्र के लोग विशेषकर महिलाएं, बच्चे घर से बाहर शहर तथा पार्क घूमने निकलते हैं। जहां निगम का स्वच्छता, सुंदरता एवं सुरक्षा का दायित्व बढ़ जाता है। इसी क्रम में गांधी उद्यान, अंबेडकर पार्क, मरीन ड्राइव की विशेष सफाई, रास्ते में लगे मॉडलर टॉयलेट की सफाई के साथ ब्लीचिंग का छिड़काव, चौक चौराहों की मूर्तियों की सफाई एवं रास्ते पर पड़े कचरे उठाने का निर्देश निगम कर्मियों को दिया।

**खास बातें :** महापौर ने भ्रमण के क्रम में कई योजनाओं का निरीक्षण किया तथा कुछ योजनाओं के भुगतान पर रोक लगाते हुए पुनः कार्य करने को कहा। कहा कि 14 जनवरी के बाद हर वार्ड में महापौर आपके द्वार कार्यक्रम की शुरुआत होगी। जिसमें निगम की पूरी टीम संबंधित वार्ड पार्षदों के साथ उपस्थित रहेंगे। ताकि वर्ष 2023 में ली जाने वाली उस वार्ड की योजना को बैठक में तय किया जायेगा। महापौर ने सभी निगम वासियों को कोरोना को सावधानी बरतते हुए नया वर्ष मनाने की शुभकामनाएं दी।

**नये साल में क्या होगा नया**

महापौर ने कहा कि वर्ष 2023 में शहर के लिए कई प्रमुख योजनाएं धरातल पर नजर आयेंगी। जिसमें प्रमुख महिला सिटी बस, निगम का नया भवन, शीतल दास मंदिर तक मरीन ड्राइव, तिरंगे लाइट से सजा कोयल पुल, नये स्वरूप में चौक चौराहे, एयर कंडीशन शव वाहन का परिचालन, शिवाजी मैदान का जीर्णोद्धार, स्टेट बस डिपो का जीर्णोद्धार, बच्चों के लिए स्केटिंग जोन के साथ गांधी उद्यान का नया स्वरूप, चैनपुर, शाहपुर, रेडमा, पुलिस लाइन रोड, सिंगाही कॉलोनी में बच्चों के लिए मल्टी पर्पस स्टेशन तथा शीतल पानी की व्यवस्था, पुलिस स्टेडियम का जीर्णोद्धार, चौधराना बाजार क्षेत्र की सड़कों में टाइल्स लगाना, हर मुख्य मार्ग का कालीकरण एवं चौड़ीकरण के अलावे शहर के सबसे प्रमुख योजना शहरी जलापूर्ति फेस टू का कार्य प्रारंभ कराना प्रमुख होगा।

## स्पीड न्यूज

### मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान से जुड़ा है : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप मुख्यालय के खुटीसोत नदी तट पर आस्था के प्रतीक बाबा महत्वना धाम पर वर्ष के अंतिम दिन शनिवार को भव्य मेला लगा। वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसंबर को बाबा महत्वना धाम पर भव्य मेला लगता है। मेला में स्थानीय के अलावा दूर-दूर से भी लोग आये थे। कड़ाके की ठंड के बावजूद पूजा-अर्चना का दौर पूरे दिन चलता रहा। आयोजन कमेटी ने भोजपुरी दुगोला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। उद्घाटन नप के सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज व स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने किया। डॉ ईश्वर ने कहा कि मेला ग्रामीण संस्कृति की पहचान है। यह सांस्कृतिक पहचान हमे विरासत में मिली है। मौके पर विजय रवि, निवर्तमान वार्ड सुनील चौधरी, उखमजी यादव, संजय महतो, देववंश राम, समिति अध्यक्ष अरविंद पाल, कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, सचिव गोविंद पाल, बिनोद विश्वकर्मा मौजूद थे।

### त्याग की प्रतिमूर्ति थीं हीराबेन : अविनाशदेव



**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूजनीया माता हीराबेन (99) का निधन हो गया। वह अपने बेटे पीएम मोदी का खास ख्याल रखती थीं। इनके निधन पर संत मरियम स्कूल में शोक सभा हुई, जिसमें संत मरियम स्कूल के बच्चों व शिक्षकों ने गहरा शोक जताते हुए उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि दी। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि पीएम की मां हीराबेन त्याग, संस्कार व सदभाव की प्रतिमूर्ति थी। संतान चाहे जितने बड़े हों, माता-पिता के लिए सदैव बच्चे होते हैं।

### भाजपा नेताओं ने दी सिविल सर्जन को बधाई



**हुसैनाबाद पलामू।** नव पदस्थापित प्रभारी सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार को भाजपा नेताओं ने बुके और माला पहना कर बधाई दी। सीएस ने कहा कि मैं पूरी ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाउंगा। पलामू जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुनियादी स्वास्थ्य व्यवस्था जो भी वर्तमान में संसाधन और उपकरण उपलब्ध हैं उसी में बेहतर करने का लक्ष्य है। उन्होंने आम लोगों से कोरोना के तीसरे फेज की आहट को हल्के में नहीं लेने की नसीहत दी। मौके पर पूर्व चेयरमैन रामेश्वर राम, भाजपा नेता सुरेंद्र विश्वकर्मा, शिक्षक बीरेंद्र कुमार समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### सतबरवा: बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा




**सतबरवा पलामू।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन सतबरवा प्रखंड कमेटी की बैठक गुप्ता ढाबा में प्रखंड अध्यक्ष दिलीप चौधरी की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन उपाध्यक्ष विनोद ठाकुर ने की। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिसमें संगठन मजबूत करने को लेकर सदस्यता अभियान चला कर लोगों को संगठन से जोड़ने, केंद्रीय-राज्य व जिला कमेटी के कार्यक्रम का निर्देशों का पालन कर प्रखंड कमेटी की बैठक हर माह करने, प्रखंड के कोष में प्रति माह 50 रुपये जमा करने पर चर्चा हुई। बैठक में प्रखंड सचिव पप्पू कुमार, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास चौधरी थे।

### मुखिया संघ की बैठक में कई निर्णय



**नावा बाजार पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत तुकबेरा सचिवालय में नावा बाजार मुखिया संघ की बैठक हुई। जिसमें पांच बिंदुओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में जनवरी से पंचायत में उपस्थित सभी कर्मियों को पंजी में हस्ताक्षर करने, जाति, स्थानीय, आय, जन्म, इत्यादि प्रमाण पत्र को प्रखंड पदाधिकारियों से मिल कर निर्गत करने, 15वें वित्त आयोग में अनुदान मद मापी पुस्तक पंचायत से निर्गत करने, सभी पंचायत में इंटरनेट सेवा ठीक करना एवं सभी मुखिया को डिजिटल हस्ताक्षर करने हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण कराने को जिला अधिकारी से मिल कर मांग करना शामिल है। मौके पर कंडा मुखिया सह मुखिया संघ उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सोहदाग मुखिया कमला देवी, कुंभी कला मुखिया सत्या सिंह, बसना मुखिया सुगंधा देवी, राजहरा मुखिया चंदन कुमार, रबदा मुखिया सुमन देवी उपस्थित थे।

### जिप के नोटिस पर दुकानदारों में हड़कंप



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू (अवध किशोर राय)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला परिषद के दुकानदारों ने किराया वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। इसे लेकर दुकानदारों ने जिप पश्चिमी सदस्य आशा देवी व पूर्वी विजय राम को ज्ञापन सौंपा है। डीडीसी, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिप से समाचार पत्र के माध्यम से मिले नोटिस का हवाला देते हुए दुकानदारों का कहना है कि जबसे दुकान का आवंटन हुआ है तभी से उपर तल्ले की दुकानों का ताला तक नहीं खुला है और शटर बंद है। इसका कारण दुकानदारों ने दुर्घटना की आशंका होने आदि की बात बताई है। दुकानदारों का कहना है कि तत्कालीन जिप सदस्य अध्यक्ष प्रभा देवी को भी जानकारी दी गई लेकिन कोई आवश्यक कदम नहीं उठा।

### अपने स्थापना दिवस पर इतिहास गढ़ेगा पलामू, हो रही नयी परंपरा की शुरुआत

**मेदिनीनगर।** कैलेंडर नववर्ष की शुरुआत एक जनवरी 2023 से होगी। संकल्प और उल्लास का दिन। चारों ओर खुशियां-ही-खुशियां। इन खुशियों के बीच पलामू के स्थापना दिवस को यादगार बनाने की मुहिम और पलामू पत्रिका की शुरुआत। अपने उदय के साथ ही पलामू पत्रिका पलामू के 131वीं वर्षगांठ को यादगार और ऐतिहासिक बनाने को ठाना है। इस बीच पलामू पत्रिका आवाम की आवाज बनेगी। मौके पर 1 जनवरी को मशाल जलाकर पलामू के नवनिर्माण का संकल्प लिया जायेगा। वहीं गणेश लाल अग्रवाल (जीएलए) कॉलेज से जिला स्कूल मैदान तक दौड़ भी होगी। जिला स्कूल मैदान में प्रातः 8 बजे से समारोह होगा और पलामू पत्रिका की विधिवत शुरुआत। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा दौड़ एवं समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। वहीं विशिष्ट एवं सम्मानित अतिथियों के रूप में कई गणमान्य इस यादगार पल को और ऐतिहासिक बनायेंगे।

इंडियन रोटी बैंक के राज्य संयोजक सह झामुमो नेता दीपक तिवारी ने विपक्षी पार्टी पर हमला बोला

# विपक्ष कर रहा बालू चोरी पकड़ाने पर दे रहे फाइन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** इंडियन रोटी बैंक के राज्य संयोजक सह झामुमो नेता दीपक कुमार तिवारी ने विपक्षी पार्टी पर हमला बोला है। श्री तिवारी ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आजसू को गैंगमैन की संज्ञा देते हुए कहा कि यह संगठन घर बैठे महज चार लोगों का संगठन है, जो सरकार की नीतियों का अपने बचाव में सिर्फ दुरुपयोग करने का काम करती है। उन्होंने आजसू नेताओं से पुलिस पदाधिकारियों पर बालू को लेकर उठाये गये सवाल को गैर जिम्मेदाराना बताया है। कहा कि विपक्षी ही बालू की चोरी कर सरकार को बदनाम करने में लगे हैं। जब प्रशासन इनके वाहन को जब्त करती है तब ये फाइन देकर भाग जाते हैं। ऐसे में चोर मचाये शोर कहावत को विपक्षी चरितार्थ कर रहे हैं। कहा कि बालू को लेकर हेमंत सरकार गंभीर है। बहुत जल्द ही मामला को निपटाया जायेगा।

**खास बातें :** खुलासा करते हुए कहा कि तथाकथित पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मेहता खुद बालू अवैध धंधा करते हैं और जब पूरे राज्य में सरकार बालू को प्रतिबंध किए हुए है, तो यह लोग पुलिस की कार्यशैली पर मनगढ़ंत और झूठ की बुनियाद पर कहानी गढ़ कर सवाल उठाते हुए सरकार को बिना वजह कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। ताकि इनकी अवैध व्यावसायिक मनसा पूरी हो सके। आजसू नेता क्या यह बतायेंगे कि उनके पूर्व जिलाध्यक्ष विजय का बालू से लदा ट्रैक्टर 11 फरवरी को टीओपी तीन की पुलिस ने क्यों पकड़ी थी? क्या यह भी बतायेंगे कि उनकी इस अवैधगिरी पर जिला परिवहन विभाग एवं जिला खनन विभाग ने लगभग 18 हजार का फाइन क्यों लगाया था?

# ट्रैक्टर में रखे गये 190 सीएफटी बालू समेत चार ट्रैक्टर और छह बाइक जब्त

■ अवैध खनन में संलिप्त व्यक्ति बख्शे नहीं जायेंगे : ऋषभ गर्ग

■ बालू अनुज्ञप्ति धारी करता था अवैध भंडारण

■ जिले में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं : आनंद कुमार

■ बीति रात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और जिला खनन पदाधिकारी ने किया छापेमारी

■ बालू भंडारण अनुज्ञप्तिधारी ट्रैक्टर मालिक एवं चालक व बाइक मालिक समेत संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन किये जाने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग ने बीति रात बड़ी कार्रवाई की है। शहर थाना क्षेत्र के बीसफुटा पुल के समीप अनुज्ञप्तिधारी के बालू भंडारण में छापेमारी की एवं अवैध रूप से नदी से बालू उठाव कर भंडारण स्थल पर बालू ले जाते हुए चार ट्रैक्टर एवं छह बाइक को जप्त किया। छापेमारी के दौरान बालू भंडारण करने वाले संलिप्त लोग व ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहे। इसके बाद जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा थाने में बालू भंडारण अनुज्ञप्तिधारी संतोष कुमार सिंह समेत ट्रैक्टर मालिक,चालक एवं बाईक मालिक समेत बालू के अवैध भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाया गया। अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर शुक्रवार की रात्रि 10:45 बजे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग एवं जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार पुलिस बल के साथ बीसफुटा पुल के छापेमारी की। इस दौरान वहां ट्रैक्टर वाहन को आवगमन करते देखा गया। जिस पर संदेह हुआ एवं जांच की गयीतो पाया गया कि मे. सुदना डम्प यार्ड प्रो संतोष कुमार सिंह के भंडारण स्थल पर अवैध रूप से बालू भंडारण किया जा रहा है। पुलिस को देखते ही अवैध बालू उठाव एवं भंडारण में संलिप्त व्यक्ति भाग खड़े हुए। जिस पर कार्रवाई की गयी एवं ट्रैक्टर में रखे गए लगभग 190 सीएफटी बालू समेत चार ट्रैक्टर एवं छःह बाइक को जप्त किया गया। सभी व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई।

### हीराबेन का जीवन प्रेरणादायी : महादेव यादव



**नावा बाजार पलामू।** पीएम मोदी की मां हीराबेन के निधन पर नावा बाजार मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने कहा कि देश यशस्वी प्रधानमंत्री की माता का निधन हम सबके लिए दुखद है। उनका संपूर्ण जीवन संघर्षों से भरा रहा, उनका जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणादायी है। वो देश के प्रधानमंत्री के माता होने के बाद भी हमेशा सादगी जीवन जीने में विश्वास करती थी।

### जोगा देवी धाम मंदिर का कार्य हुआ प्रारंभ



**उंटारी रोड (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र के जोगा में देवी धाम मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शनिवार को निर्माण कार्य का जायजा लेने के बाद समाजसेवी रामकृष्ण पाल ने बताया कि देवी धाम मंदिर पूर्व में बना था, लेकिन धीरे-धीरे खंडहर होते जा रहा था जिसे देखते हुए जोगा ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का पुनः निर्माण शुरू कर दिया गया है, जो दूसरे नींव से मंदिर निर्माण का कार्य हुआ है।

## मनातू का पकरियाडीह आदर्श ग्राम के लिए किया गया चयनित

खबर मन्त्र संवाददाता

■ प्रशिक्षु आइएएस बिसपुते ने किया पदमा पंचायत के पकरीयाडीह का दौरा



**मनातू पलामू।** मनातू प्रखंड के पदमा पंचायत के पकरियाडीह गांव में प्रभारी बीडीओ प्रशिक्षु आईएएस विसपुते श्रीकांत यशवंत के द्वारा गांव का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पकरियाडीह को आदर्श ग्राम के रूप में चयनित किया गया। मौके पर प्रशिक्षु आइएएस विसपुते ने कहा कि आदर्श ग्राम के लिए चयनित पकरियाडीह का सर्वांगीण विकास किया जायेगा। इससे लोगों को काफी लाभ मिलेगा। जनहित में सरकार की योजनाओं का संचालन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने को लेकर संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जनसमस्या का समाधान प्राथमिकता होगी। योजनाओं के चयन में क्षेत्र के ग्रामीणों व मजदूरों के रोजगार का भी ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि पदमा पंचायत के पकरियाडीह के विकास में पंचायत प्रतिनिधि की भी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

## हेमंत सोरेन सरकार के विकास के दावा खोखला : आलोक चौरसिया

›› विधायक ने सदर प्रखंड के पूरनाडीह टोला में पथ निर्माण का किया शिलान्यास

›› बोले- धरातल पर कहीं नहीं दिख रहा विकास



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज-भंडरिया के विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने राज्य संपोषित योजना अन्तर्गत सदर प्रखंड के पंचजा में पोखराहा तलाब से पूरनाडीह टोला होते हुए बकोइया स्कूल तक पथ निर्माण का शिलान्यास किया। पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास होने से स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि भाजपा लोगों की समस्या को दूर करने के लिए गंभीर है। चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं को दूर करने के लिए मैं संघर्षरत हूं। लेकिन वर्तमान राज्य सरकार ने गांव, कस्बे, टोला की मूलभूत सुविधाओं से बेखबर है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा जो विकास का दावा किया जा रहा है। वह धरातल पर कहीं देखने को नहीं मिल रहा है। इससे जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

### अवैध बिजली जलाने पर तीन के खिलाफ प्राथमिकी

**हरिहरगंज पलामू।** बिजली विभाग ने शनिवार को शहर में बिजली चोरी के खिलाफ जांच अभियान चलाया। कनीय अभियंता कुलदीप यादव ने मेन बाजार के विष्णु गुप्ता, दिलीप जायसवाल तथा विजय शंकर प्रसाद के खिलाफ अवैध तरीके से बिजली जलाने का आरोप लगाते हुए हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जेई ने बताया कि उक्त लोगों पर कनेक्शन बाईपास कर बिजली जलाने, सामान्य कनेक्शन पर कामर्शियल उपयोग करने के कारण प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अभियान में सहायक अभियंता दयानंद सिंह, विद्युतज्ञ रंजीत कुमार, सुरेश महतो, अनिल कुमार सिंह,परबली राम उपस्थित थे।

## करोड़ों खर्च के बावजूद समस्याओं से घिरा है छत्तरपुर नगर पंचायत

खबर मन्त्र संवाददाता

■ शहर में टैंकरों से पेयजलापूर्ति शुरू करने की भी नगर पंचायत से मांग

■ नगर पंचायत की सड़कों पर धूल से लोग बीमार, समाधान करे नगर पंचायत नहीं तो आंदोलन : अरविंद गुप्ता



**छतरपुर पलामू।** समस्याओं से घिरे छतरपुर नगर पंचायत का हाल बेहाल है। सड़कों पर उड़ने वाली धूल से लोग गंभीर बीमारी से पीड़ित हो रहे हैं। आलम है कि अस्पतालों में श्वांस संबंधी बीमारी के रोगियों की संख्या बढ़ी है। नगर पंचायत के इन्हीं हालातों के मद्देनजर नगर के पूर्व और भावी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद कुमार गुप्ता ने नगर के कार्यपालक अधिकारी कामेश्वर बेदिया को ज्ञापन सौंप समाधान की मांग की है। उन्होंने पानी टैंकरों से नगर के प्रभावित इलाकों में जलापूर्ति कराने को कहा। नगर के लोगों की बीमारी का कारण बन रही मुख्य सड़क की धूल को हटाने का कार्य नगर में नियमित कराने की मांग की।

### पीएम की मां के निधन पर शोक

**पड़वा पलामू।** देश के पीएम नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर पड़वा मंडल भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शोक जताया है। शोक जताने वालों में विधायक प्रतिनिधि वशिष्ठ मेहता, अभय मिश्रा, महामंत्री निरंजन प्रसाद, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र चंद्रवंशी, राकेश पांडेय, मुन्ना प्रसाद, मेघनाथ मेहता उर्फ रामबालक, जयपाल सिंह आदि के नाम शामिल हैं।

### पुलिस ने पकड़ा बालू लदा ट्रैक्टर

**नावा बाजार पलामू।** नावा बाजार पुलिस ने अवैध तरीके से बालू उठा कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ा है। थाना प्रभारी दीपक दास ने बताया कि शुक्रवार की रात पुलिस गश्ती कर रही थी। इसी दौरान पाटन की तरफ से बालू लदा एक ट्रैक्टर आ रहा था। गश्ती दल को देख ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़ भाग गया। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर थाना ले आयी। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक का पहचान नहीं हो सकी है।

## पांच लाख से अधिक की लागत से बना नया आंगनबाड़ी भवन बेकार

मनीष दुबे

■ हाल आदर्श ग्राम किशुनपुर आंगनबाड़ी केंद्र तीन का



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के आदर्श ग्राम किशुनपुर आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या तीन का हाल बेहाल है। जहां चार साल पहले पांच लाख से अधिक की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र का भवन बन कर तो तैयार हो गया, लेकिन अभी तक उसमें आंगनबाड़ी केंद्र संचालित नहीं हो पाया। जिससे नव निर्मित भवन शौचालय के रूप में प्रयोग हो रहा है। वहीं भवन रहते सेविका किराये के घर में केंद्र चला रही है। आज तक न ही बाल विकास परियोजना के कोई अधिकारी उस भवन का सुध-बुध लिये, न ही सेविका वहां केंद्र चलाना चाहती है।

> तालाब के पास आंगनबाड़ी केंद्र भवन बना। इसे लेकर उपायुक्त को सूचना दी गयी है। फिलहाल, केंद्र को साफ सुथरा करा कर, तालाब के किनारे बाउंड्री वॉल कराकर सुचारू रूप से चालू किया जायेगा। - **मनोज तिवारी, पाटन बीडीओ**


### प्रशिक्षण से कार्य करने में सहूलियत : बीडीओ



**पाटन पलामू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में चल रहे ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन किया गया। दूसरा चरण जिसमें 11 पंचायत सतौवा, सगुना, उतकी, पाल्हेकला, नौडीहा, हिसरा बरवाडीह, मेराल, कांके कला, शोले, राजहारा, एवम सीरमा के पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, 2 वार्ड सदस्य, 2 वीपीआरपी सदस्य, मनरेगा मेठ, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया का चयन ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के रूप में किया गया है। अंतिम दिन जिला में मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षक अनूप तिवारी ने प्रशिक्षण दिया। साथ में प्रखंड समन्वय पंचायती राज अमित चौबे, बीपीएम जेएसएलपीएस अमित कुमार एवं प्रधान सहायक मृत्युंजय सिंह उपस्थित रहे।

# मुखिया विनोद की इच्छाशक्ति ने बदल डाली पंचायत सचिवालय भवन तुकबेरा की सूरत

खबर मन्त्र संवाददाता





नावा बाजार प्रखंड के तुकबेरा का पंचायत सचिवालय।


**नावा बाजार पलामू।** जिले के ज्यादातर ग्राम पंचायत सचिवालय भवनों की स्थिति ठीक नहीं है। किसी की फर्श टूटी होती है, तो किसी भवनों में शौचालय भी नही होता है। लेकिन इन सब के बीच एक ऐसा पंचायत सचिवालय भवन है, जो सुंदरता और साफ सफाई व्यवस्था की मिसाल पेश की है।

नावा बाजार प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुकबेरा के मुखिया विनोद विश्वकर्मा की कुछ अलग करने की चाह रखने की इच्छा शक्ति तुकबेरा सचिवालय भवन की तस्वीर बदल दी है। विनोद विश्वकर्मा तुकबेरा पंचायत के मुखिया के साथ साथ नावा बाजार प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष भी है। उन्होंने पंचायत सचिवालय भवन की बहुत ही सुंदर तरीको से व्यवस्थित किया है।

दीवारों पर आपतकालीन सेवा संपर्क नंबर, ग्रामीणों का अधिकार, जॉब कार्ड, बेरोजगारी भत्ता, मजदूरी भुगतान, मनरेगा, ग्रामसभा की जिम्मेदारी, राशन कार्ड, इत्यादि के बारे में पंचायत सचिवालय के भवन की दीवारें पर लिखित रूप से बताये गये हैं।

पंचायत भवन को बहुत ही सुदर से सजावट और रंग बिरंगे रंगों से रंगरोधन करवाया गया है। दीवारों पर शानदार चित्राकारी किया गया। जो पंचायत सचिवालय भवन का आकर्षक लुक पेश कर रही है।

**क्या कहते हैं तुकबेरा मुखिया विनोद विश्वकर्मा**




तुकबेरा पंचायत के मुखिया और नावा बाजार मुखिया संघ अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ने कहा कि केवल पंचायत सचिवालय भवन ही नहीं बल्कि पूरे तुकबेरा पंचायत सभी गांवों, टोले, कस्बे, मुहल्ले को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प है। पंचायत भवन बहुत सारे फूलों और शो प्लांट के पौधे लगाये जायेंगे। साथ ही इच्छाशक्ति हो तो क्या नहीं हो सकता है। सरकार भी चाहती है, योजनाओं की पैसे का सदुपयोग किया है।

# सतबरवा : प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने की संगठन की मजबूती पर चर्चा

➲ प्रधानमंत्री की माता के निधन से पूरा देश मर्माहत : मनोज

खबर मन्त्र संवाददाता



संगठन की मजबूती पर चर्चा करते प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह।

**सतबरवा पलामू।** भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने सतबरवा प्रखंड के कई क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा समर्थक व कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात कर संगठनात्मक चर्चा की। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा अनुशासित पार्टी है।

चुनाव के समय पार्टी जिसे सिंबल देती है उसे भाजपा कार्यकर्ता तहे दिल से स्वीकार करते हुए उमीदवार की जीत के लिए तन मन धन से कार्य करते हैं। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ताओ को चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी करने का अधिकार है। वहीं उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माता जी हीरा बेन के निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और कहा कि प्रधानमंत्री जी की माता जी तपस्वी थी। उनके निधन से पुरा देश मर्माहत है। उन्होंने एक ऐसे सुपुत्र को जन्म दिया जो देश की सेवा करते हुए राष्ट्र के नव निर्माण में लगे हुए हैं। श्री सिंह ने कहा कि माता हीरा बेन करीब एक सौ वर्षो तक इस दुनिया में रही।

मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रवि प्रसाद, भाजपा नेता बिट्टू सिंह, जिप सदस्य सुधा कुमारी, भाजपा नेता अवधेश सिंह चेरो, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजय उरांव, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा समेत कई लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी के माताजी के निधन पर गहरा संवेदना प्रकट की है।

स्पीड न्यूज

### अभियंता के साथ दुर्व्यवहार की निंदा

**नामकुम।** डिप्लोमा अभियंता संघ झारखण्ड ने चतरा के पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभिंयता अविक अम्बाला के साथ झामुमो जिलाध्यक्ष पंकज कुमार प्रजापति द्वारा दो अन्य लोगों के साथ मिलकर मारपीट करने की कडी निंदा करी है। संघ के अध्यख्ज्ञ गुप्तेष्वर राम ने कहा कि जनपगतिनिधियों द्वारा अधिकारियों के साथ ऐसी कारवाई करने से अधिकारियों का मनोबल गिरता है और उनके कार्यक्षमता पर प्रतिकूल असर पडता है। संघ ने मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप कर कारवाई करने की मांग की हैं।

### हुंडरू फाल में चला स्वच्छता अभियान

**सिकिदिरी।** नए साल को देखते हुए हुंडरू फाल के दूसरी छोर में यंग इंडिया और सिकिदिरी थाना की पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया।सफाई अभियान में सिकिदीरी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश रविएएसआई अरूण कुमार सिंहएझारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के संरक्षक बालेश्वर बेदियाएपर्यटन कर्मी मनोज बेदियाएमेघनाथ बेदियाएजीत वाहन भोगताएविष्णु कुमार बेदियाएरंजन कुमार बेदियाएबुधराम बेदिया शामिल थे।

### बरियातू को हराकर गाड़ी होटवार सेमीफइनल में पहुंचा

**सिकिदिरी।** चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूनार्मेंट के एक मैच में शनिवार को दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच के संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीएफसी गाड़ी होटवार की टीम ने राजा स्पोर्ट्स बरियातू को 1.0 से हराकर सेमीफइनल में प्रवेश कर लिया है। गाड़ी होटवार की टीम सेमीफइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी। सिकिदोरी फुटबॉल मैदान में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में खेल के पहले हाफ में दोनों ही टीमें एक.दूसरे पर हावी रही। खेल के दूसरे हाफ में गाड़ी होटवार की ओर से प्रकाश कुमार ने 66वें मिनट में शानदार गोल कर अपनी टीम जीत दिला दी। बेहतर खेल के लिए गाड़ी होटवार के खिलाड़ी प्रकाश कुमार को मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य मोहसिन खान ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया। प्रवक्ता शिवधर रजवार ने किया।

### तिलाईपीड़ी गांव में हाथियों ने मचाया उत्पात

**सोनाहातू।** प्रखंड के तिलाईपिड़ी गांव में शुक्रवार की रात जंगली हाथियों का झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। गांव के किसान सोभा महतोए वरुण महतो एमगरू महतो के 1 एकड़ खेत में तैयार आलू की फसलों को खाया ओर रौंद दिया है। वही महावीर महतो के खलियान में रखे दो ट्रैक्टर धान नष्ट किया है। ग्रामीणों ने बताया की 6 की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड पिलीद जंगल की ओर से गांव पहुंचा और जमकर उत्पात मचाया।

### चौकीदार को राहे ओपी में रिटायर्ड होने पर दी गयी विदाई

**राहे।** ओपी में कार्यरत चौकीदार नरोत्तम महतो के रिटायर्ड होने और ओपी परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बुंडू डीएसपी अजय कुमार ओपी प्रभारी मौके पर बुंडू डीएसपी अजय कुमार राहे ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान सहित ओपी के पुलिसकर्मियों ने भावभीनी विदाई दिया।सभी ने शॉल ओर गीता देकर सम्मानित किये।

### नारायण शोशो में हुई आजसू पार्टी की बैठक

**अनगड़ा ।** अनगड़ा पंचायत के नारायण सोसो गाव में आजसू पार्टी की एक बैठक सोहन मुन्डा की अध्यक्षता में संपन्न हुयी । बैठक मे ग्राम कमेटी के साथ महिला कमेटी का भी गठन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरॉव विशिष्ट अतिथि प्रखड अध्यक्ष जगरनाथ महतो प्रेम कुमार साहू सरीता देवी सोहराई उरांव उपस्थित थे। बैठक मे विश्व युवा दिवस के मौके पर कार्यकताओं को आंदोलन के लिए तैयार रहने को कहा गया।


# नववर्ष पर जश्न के लिए पिकनिक स्पॉट सजकर तैयार

## पिकनिक स्पॉट पर उमड़ेंगे पर्यटक

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** नये वर्ष पर पर्यटको के लिए सिल्ली मुरी एवं आसपास के रमणीक स्थल सजकर तैयार है। सिल्ली में जहां मुरी टुंगरी पार्क को सजाया गया, पर्यटको के बैठने की सीटो का मरम्मत किया गया। पर्यटको को पार्क में लगे विभिन्न किस्म के गुलाब फुल देखने मिलेंगे। वही रामडेरा सिल्ली स्थित हिरण पार्क में छोटे बड़े हिरणो का झुंड देखने को मिलेंगे एवं ऑडियो विजुवल केंद्र रामडेरा सिल्ली में लोगो को पार्क में झुला समेत कला संस्कृति की झलकीयां भी देखने को मिलेगी तथा अंबेदकर पार्क सिल्ली में प्राकृतिक दृश्य एवं बाबा अंबेदकर की प्रतिमा तथा आसपास के मनोरंम दृश्य देख सकते है। वही चांगड़ु स्थित ईको पार्क पर भी आनंद ले सकते है। साथ ही धौवाटिकरा सिल्ली के उरांगढ़ा नदी तट पर मनोरम वादियो के बीच पिकनिक मनाने एवं मारदु मुरी स्थित स्वर्णरेखा नदी के तटपर देलबेड़ा मंदिर की कलाकृतियां एवं आदि भगवान भोले शंकर के दर्शन पुजा अर्चना कर सकते है।

## पिठोरिया घाटी पिकनिक मनाने वालों के लिए तैयार



**पिठोरिया।** आकर्षण का केन्द्र पिकनिक पिकनिक स्पॉट के लिए फेमस पिठोरिया घाटी पूरी तरह से तैयार है। दो साल के बाद इस बार पिकनिक मनाने वालों की भीड़ होने की उम्मीद है। पिछले दो साल कोरोना महामारी को लेकर पिकनिक मनाने वालों में काफी निराशा रही। बता दें कि रांची समेत आसपास के इलाकों से काफी संख्या में पिठोरिया घाटी में नए साल के अवसर पर पिकनिक मनाने के लिए लोग उमड़ पड़ते हैं ।नये साल के अवसर पर क्षेत्र के पूरे घाटी में पिठोरिया पुलिस की नजर रहेगी। लोगों की सुरक्षा के लिए पुलिस की टीम तैनात रहेगी।

## हिरण पार्क में आया नया मेहमान



**सिल्ली।** सिल्ली रामडेरा स्थित हिरण पार्क में नए साल के पूर्व संध्या पर नया मेहमान पहुंचा। शुक्रवार को एक हिरण ने बच्चे को जन्म दिया। इसी के साथ ही हिरणों की संख्या अब पार्क में 19 हो गई। ज्ञात हो कि वर्ष 2012 दिसंबर को तत्कालीन वन मंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा उक्त हिरण पार्क का उद्घाटन किया गया था। उस समय पार्क में विभाग की ओर से पांच हिरन लाया गया था। हिरण पार्क में हिरण को देखरेख कर रहे अमर एवं शशि रंजन ने बताया कि बहुत जल्द 5 से 6 और नए मेहमान शीघ्र ही पार्क में दिखेंगे।

# इटकी : सड़क हादसे में दो छात्र सहित चार घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** रांची- गुमला मुख्य मार्ग पर थाना क्षेत्र के इटकी मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में डोरंडा कालेज के दो छात्र सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है। घायलों में मदन गुप्ता (छत्तीसगढ़) मनोहर तिर्की (डालटेनगंज) दोनों डोरंडा कॉलेज के छात्र बताये गये हैं जबकि सुरेश उरांव इटकी के सौका व महिला सिलवंती बाखला सेमरा गांव की है। घटना में मदन गुप्ता का एक पैर टूट गया है। घटना शनिवार दोपहर करीब 12.30 बजे की है। मिली जानकारी के मुताबिक मदन गुप्ताए मनोहर तिर्की व सुरेश उरांव पल्सर बाइक में सवार हो रांची से गुमला की ओर जा रहे थे। इसी बीच इटकी मोड़ के समीप एक ऑटो ने उन्हें पीछे से ठोकर मार दी जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और सड़क पार कर रहे महिला से जा टकराया जिससे सभी सड़क की दूसरी छोर पर जा गिरे। घटना में चारो गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर इटकी थाना प्रभारी रजनी रंजन पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर सभी घायलों को इलाज के लिये अस्पताल भेज दिया है।



## जमुवारी नाला के निकट मिला महिला का शव

**पिठोरिया।** पिठोरिया-रांची मुख्य मार्ग में पिठोरिया चौक से एक किलोमीटर आगे केला बागान के पास जमुवारी नाला में एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों के द्वारा महिला का शव देखे जाने परए इसकी सूचना पिठोरिया पुलिस थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार घटनास्थल पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए रिम्स भेजा गया। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है कि महिला की हत्या हुई है यह आत्महत्या का मामला है। घटना को यहीं अंजाम दिया गया है या घटना को दूसरे जगह अंजाम देने के बाद शव को ठिकाने लगाने की नियत से यहां लाकर लाकर फेंक दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दंपति घायल


**सिकिदिरी।** ओरमांझी–गोला पथ के न्यू स्वर्णरेखा रेस्टोरेंट के समीप पश्चिम बंगाल के हावड़ा से हुंडरू फाल घूमने आए दंपति रैनक मजूमदार और उनकी पत्नी पूजा राय मजूमदार अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल सहो गए।दोनों के पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है।घटना शनिवार की शाम छह बजे की है।घटना की सूचना पर सिकिदिरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों को एम्बुलेंस से अस्पताल भेज दिया। एसआई अरुण सिंह ने बताया कि दंपति स्वर्णरेखा के बाहर खड़ा थे। इसी दौरान वे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये।

## कार्यशाला में शामिल होने दिल्ली जायेंगी ओरमांझी प्रमुख अनुपमा

**ओरमांझी।** पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यषाला में शामिल होने के लिए ओरमांझी प्रखंड के प्रमुख अनुपमा देवी को भी अवसर मिला है। डा0 भीमराव अंबेडकर इंटरनेषनल संटर दिल्ली में पांच व छह जनवरी को आयोजित कार्यषाला में झारखंड राज्य के विभिन्न 15 जिला से कुल 26 निर्वाचित व पदाधिकरी (जिला परिषद सदस्य व जिला विकास आयुक्त) के साथ प्रमुख अनुपमा देवी को भी शामिल किया गया है। कार्यषाला में प्रखंड पंचायत विकास योजना व जिला पंचायत विकास योजना में किन योजनाओं का चयन करना है। योजनाओं का लाभ व क्या कार्य है। योजनाओं को कैसे क्रियान्वयन करना है। संबंधित जानकारी कार्यशाला में उपस्थित प्रतिनिधियों को दी जाएगी।

## एक नजर में

### सज संवर कर तैयार हैं अनगड़ा के पर्यटन स्थल



**अनगड़ा।** नववर्ष का लुत्फ उठाने के लिए अनगड़ा के पर्यटक स्थल सज संवर कर तैयार हैं। इन पर्यटक स्थलों में मुख्य रूप से जोन्हा फॉल सीता फॉल एवं हुंडरू फॉल शामिल है, जो अपनी मनमोहक और मदमस्त प्राकृतिक सौंदर्य छटा एवं झरनों से झर झर बहते हुए पानी पर्यटकों को अपनी और आकर्षित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते हैं। इन पर्यटक स्थलों पर एक जनवरी को काफी संख्या में पिकनिक मनाने वाले पर्यटकों के भीड़ जमा होने की संभावना को देखते हुए प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इन्तजाम किए गए है।

### सीआइएसएफ ने जब्त किया 200 टन अवैध कोयला

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के सरैया जंगल ग्राम भालू बांध के नजदीक सीआईएसएफ के द्वारा अवैध कोयला खनन कर रखे लगभग 200 टन कोयला को जप्त किया गया। जानकारी कस अनुसार सीआईएसएफ अधिकारी मांगा को मिली गुप्त सूचना पर गठित टीम में पिपरवार पुलिसए सिविल प्रशासन और सीसीएल के द्वारा औचक छापामारी किया गयाण जिसने जंगल में अवैध कोयला खनन कर रखे लगभग 200 टन कोयला को जब्त किया गयाण कोयला उठाने के लिये 2 हाइवाए 2 जेसीबी का इस्तेमाल किया गया। उसके बाद अवैध माइनिंग खदान को जेसीबी की सहायता से बंद किया गया। इसमें एसडीओ सिमरिया सुधीर कुमार दास, डीएसपी शंभू कुमार सिंह, सीओ सिमरिया छोटेश्वर दास, बीडीओ टंडवा रंटू महतो, जीएम पिपरवार सी ाी सहाय, उप कमांडेंट उपेंद्र सीआईएसएफ, निरिक्षक ददन सिंह, सीआईएसएफ क्यूआरटी, पिपरवार पुलिस के अधिकारी एएसआई कृष्णा, एएसआई उपेंद्र और हथियार के साथ जवान, सीसीएल एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो और सिविल प्रशासन के अन्य अधिकारी शामिल थे।

### चोर बोलेरो और ट्रांसफार्मर चोरी कर हुए चंपत

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुर में चोरों ने आतंक मचा रखा है। इन दिनों पहली घटना 27 दिसंबर की रात पिपरवार थाना के चौकीदार आदित्य पासवान के घर के बाहर खड़ी बोलोरो गाड़ी नंबर जेएच 01 डीबी 6878 को चोर चोरी कर उड़ा ले गए। चौकीदार आदित्य पासवान 4 दिनों से गाड़ी ढूंढने में ही व्यस्त है 4 दिनों से अन का एक दाना भी नही खा पा रहे हैं चौकीदार और उनके परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है पिपरवर पुलिस को भी सूचना दे दी गई है पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर कल साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर की आधी रात्रि को कल्याणपुर बंद कोल डंप के समीप बिजली का ट्रांसफार्मर चोरी कर चोर चंपत हो गए।

## कराटे में सर्वोदय स्कूल को देश में दूसरा स्थान

**राहे।** आगरा में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए राहे प्रखंड के सर्वोदय पब्लिक स्कूल के कराटे खिलाड़ियों ने देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है ।स्कूल के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण पदकए5 रजत पदक और 9 कांस्य पदक जीता है कल्याणी कुमारी एकिशन मुंडाए दिलीप भोक्ता ने स्वर्ण पदक जीता है। ममता कुमारी नमिता कुमारीए जगदीश महतोए प्रमोद महतो एसंदीप महतो ने रजत पदक जीता है।

# घायल पशु चिकित्सक की इलाज के दौरान मौत

## तिग्गा कांप्लेक्स के सामने सड़क पर पड़े मिले थे पशु चिकित्सक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** थाना क्षेत्र के मुड़मा एवं ब्रम्बे के बीच स्थित तिग्गा कंप्लेक्स के सामने मुख्य पथ पर घायल पाए गए 30 वर्षीय पशु चिकित्सक सुशील कुमार का इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गई। बताया जाता है कि सुशील को सड़क पर गिरा हुआ देख एनएच की पीसीआर टीम ने रेफरल अस्पताल मांडर पहुंचाया उसकी स्थिति काफी गंभीर बनी हुई थी प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। पर परिजन उसे रांची के राज अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सुशील चान्हो थाना क्षेत्र के बीजूपड़ा के खलारी रोड़ में किराए के मकान में रहता था और मवेशियों का इलाज करने का कार्य करता था। इस हादसे की जानकारी मिलते ही बिहार के जहानाबाद से उसके परिजन रांची आए थे। सुशील के मामा डॉक्टर संजय के अनुसार सोची समझी साजिश के तहत उसकी हत्या की गई है। उसके मोबाइल से कॉल डिटेल हटा दिया गया था साथ ही हेलमेट भी उसका गाय पाया गया है। जबकि बिना हेलमेट के अपने मकान से बिजुपाड़ा चौक तक सब्जी लेने भी बाइक से नहीं जाता था साथ ही उसने घटना से कुछ देर पहले अपने एक बिजुपाड़ा के दोस्त को फोन पर किसी घटना को लेकर आशंका भी जताई थी। राज अस्पताल में नाम में मिस्टेक होने के कारण शनिवार की शाम लगभग 5.00 बजे उसका शव पोस्टमार्टम के लिए रिम्स पहुंचाया गया था। वहीं दूसरी और मामले को लेकर मांडर के थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया की मुख्य पथ पर उसे घायल अवस्था में पाया गया था जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची भेज दिया गया परिजनों द्वारा अभी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद पुलिस कार्रवाई करेगी।

# मारुति मंगल परिवार ने बुजुर्गों को दिये कंबल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो के महादानी मंदिर स्थित रंगमंच पर शनिवार को मारुति मंगल परिवार धार्मिक व सामाजिक संस्था के द्वारा कंबल वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की जिप सदस्य पार्वती कुमारीए बेरोनिका एक्का केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतोएसंगठन प्रमुख सुमेश कुमार कोषाध्यक्ष मुकुंद, जगरनाथ भगत, कैलाश कुमार, निरंजन गोप, अजय जोगी मौजूद थे। जहां संस्था के द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।साथ ही प्रखंड के 6551 बुजुर्गों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस दौरान लोगों के बीच धार्मिक और सामाजिक कुरूतियों को दूर करने के मुद्दों पर गहन विचार.विमर्श किया गया। मौके पर विधायक ने कहा जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व है। शिक्षा के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा बालक, बालिकाओं को समान रूप से शिक्षा देनी होगी तभी समाज आगे बढ़ेगा। वहीं संस्था के अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि संस्था के सदस्य निःस्वार्थ भाव से सेवा करके समाज को सुधारने में लगे हुए है।

# सरना धर्म कोड के लिए एकजुटता जरूरी : सालखन

## सिमलिया में सेंगेल अभियान का धर्म कोड पर परिचर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने कहा है कि सरना धर्म कोड के लिये विभिन्न आदिवासी संगठनों को एक मंच पर आना होगा। उन्होंने 2023 में सरना कोड हर हाल में लेने का दावा करते हुये कहा कि इसके बिना समाज का अस्तित्त्व खतरे में है। हमारी पहचान पर्यावरण से है। भाषा और संस्कृतिए हिन्दू रीति.रिवाज से बिल्कुल अलग है। हम प्रकृति के उपासक हैं।

आदिवासियत बचेगी तभी पर्यावरण की रक्षा हो सकती है। अनुच्छेद 25 का जिक्र करते हुये श्री मुर्मू ने कहा कि केंद्र सरकार समुदाय के साथ धोखा कर रहीं है। इसके खिलाफ एकजुटता जरूरी है। वह शनिवार को सिमलिया चालाटोली में सरना धर्म कोड विषय पर आयोजित परिचर्चा में बोल रहे थे। संयोजक सुमित्रा मुर्मू कहा कि आजादी की लड़ाई में पूर्वजों ने अग्रणी भूमिका निभायी है। जलए जंगल और जमीन के लिये आदिवासी सेना के हजारों योद्धाओं ने बलिदान दिया है। इसे बेकार नहीं जाने देंगे। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षित होकर अंधविश्वास से दूर रहने का आह्वान किया। इससे पूर्व श्रीमती मुर्मू ने सदस्यों को नववर्ष की अग्रिम बधाई दी। कार्यक्रम में बिरसा उरांव, सोमे उरांव, कर्मा उरांव, विशेश्वर राम ओहदार, चमरू उरांव, बैजनाथ उरांवए,अनिल लोहरा, राजू खलखो, विक्रम उरांव, संदीप लकड़ा, रामकिशुन भगत व पारस उरांव ने हिस्सा लिया। अध्यक्षता बैजनाथ उरांव ने की। जबकिए संचालन मुकेश भगत ने किया।

### खतरे में है आदिवासी समाज, शिक्षा पर दिया जोर



### कार्यक्रम में थे शामिल

सीताराम उरांव, करमा उरांव, अशोक कुमार मिंज, कैलाश उरांव, मनीता उरांव, जीतवाहन उरांव, प्रेमचंद उरांव, शनि उरांव, विजय उरांव, राजमुनी उरांव, नीरा उरांवए सीमा उरांवए प्रीति उरांवए देवकी उरांवए आशा उरांवए अंजनी कुमार उरांव व बसंत मुंडा आदि। इसमें युवा और महिलाओं की संख्या अधिक थी।

# नगड़ी में शाकाहार के लिए लोगों को किया गया प्रेरित

## जय गुरुदेव के अनुयायियों ने निकाला जुलुस



खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** जय गुरुदेव नगड़ी संगत के तत्वाधान में नगड़ी के स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुऑ के समीप नगड़ी मेला टिकरा स्थित जय गुरू देव का तीन दिवासीय तीन दिवासीय गुरू चर्चा सह शाकाहारी सत्संग महोत्सव का आयोजन किया गया मौके पर पुरे झारखंड के विभिन्न जिलों से आए हजारों जय गुरू के शिष्य

बाबा जयगुरुदेव नाम योग साधना स्थल नगड़ी में शामिल हो रहे हैं । आयोजन के प्रथम दिवस शनिवार को जय गुरूदेव के शिष्यों के दारा भव्य रूप से शाकाहारी प्रचार मोटर साइकिल रैली निकाला गया ।मौके पर जय गुरू देव के शिष्य देबू सरकार के नेतृत्व मे शाकाहारी मोटर साइकिल रैली नगड़ी प्रखंड के नगड़ीएदेवरीएनारोएसपरोम तथा लालगुटवा पंचायत के दर्जनों गांवों तक रैली घुम घुम कर लोगों को शाकाहारी बनने के लिए प्रेरित किया। शाकाहारी मोटर साइकिल रैली जय गुरू देव के हजारों शिष्यों ने बाबा जी का यही है कहना शाकाहारी बने रहना ए क्या खाने से होगी भलाईएसागर सब्जी दुध मलाई ।क्या खाने से होगी खराबी मांसएमछली अण्डा शराब सहित कई नारे लगाये गये। मौके पर जय गुरुदेव के शिष्य देबू सरकार ने बताया कि नगड़ी के स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुऑ के समीप नगड़ी मेला टिकरा स्थित जय गुरू देव का तीन दिवासीय गुरू चर्चा, सुमिरन, ध्यानई भजन, जय गुरूदेव नाम ध्वनि एवं विशाल भक्त भंडारा का आयोजन है जिसमें प्रदेश के कई जिलों से जय गुरू देव के शिष्य भाग ले रहे है।

### सात साल से हो रहा सत्संग

पिछले सात साल से गुरुदेव नगड़ी संगत के तत्वावधान में नगड़ी के स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानी चुऑ के समीप नगड़ी मेला टिकरा स्थित जय गुरुदेव का गुरु चर्चा सह शाकाहारी सत्संग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अनुप कुमार, रामगति महतो, उमेश महतो, आनंद महतो, कृष्णा महतो, कृष्णा गोप, महावीर महतो, परविंदरई, प्रदीप, अमित महतो, सोनू, मनीष लक्ष्मण, बिन्देश्वर महतो, रोहन, धनंजय कुमार, आनंद प्रजापति, धनेश्वर मुंडो, महावीर महतो, कृष्ण महतो, कपिल साहू, उमेश साहू, सुनील केसरी, धनंजय कुमार, सिकंदर साहू आदि शामिल थे।

# मुरी में ओपी भवन का शीघ्र होगा उद्घाटनः एसएसपी

## पुलिस जवानों ने एसएसपी को दी गार्ड ऑफ ऑनर

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने शनिवार को सिल्ली थाना का निरीक्षण किया। सिल्ली थाना में पुलिस जवानों ने एसएसपी को गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना प्रभारी आकाशदीप से विभिन्न मामलों की जानकारी ली तथा थाने में दर्ज विभिन्न कांडों के अनुसंधानकताओं से कांडों की समीक्षा करते हुए उन्हें जरूरी दिशा निर्देश भी दिया। उन्होंने अपराधी मामले को देखा तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने को कहा। इसके अलावे न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय अपराधीयों को रोकने के लिए झारखंड बंगाल बोर्डर स्वर्णरेखा नदी के समीप विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा तथा हर आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।



## शिकायतकर्ताओं के प्रति रखें नरम रुख

उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि थाने में आने वाले शिकायतकर्ताओ से सहज रूप से व्यवहार करते हुए सहयोग करें। थाना परिसर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिल्ली थाना के जर्जर भवन की ऊपरी तल्ले एवं छत पर जाकर भवन की स्थितियों का जायजा लिया ।उन्होंने कहा कि इस पर भी जल्द से जल्द काम किया जाएगा। इससे पूर्व उन्होंने मुरी ओपी थाना का निरीक्षण किया। तथा हिंडालको रेडमड परिसर में नव निर्मित मुरी ओपी भवन का निरीक्षण की तथा कहा नये भवन का उद्घाटन शीघ्र किया जाएगा। इस मौके पर डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा, इंस्पेक्टर राज कुमार यादव सुबोध कुमार, सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप, मुरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार सिंह समेत सिल्ली, मुरी थाना के पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।


## समय संवाद

बाजारवाद के आगे आप और हम हारते इसलिए हैं क्योंकि हम अपनी ईगो या अहंकार के गुलाम बने रहते हैं। ऐसा करना सुगम होता है क्योंकि ईगो के बहाव के साथ बहना आसान है। समाज व्यक्तियों से बनता है और जब ज्यादातर लोग उसी बहाव में बहते दिखते हैं तो समाज भी उसी बहाव में बहता दिखता है। और जैसे ही समाज बहता दिखता है बाजारवाद की लहर में, हम अपने बहने को सही मान लेते हैं। लेकिन ध्यान रहे, बहाव के साथ मुर्दा लाशें ही बहती हैं और इसी चाल को भेड़ चाल कहते हैं। बहाव के खिलाफ तैरने के लिए हुनर और हिम्मत चाहिए। नौसेना में तो बाकायदा इसकी ट्रेनिंग होती है, वो भी समुद्र में। खैर, अब कंज्यूमर किंग तो बना दिया गया है। नव वर्ष 2023 चुनौतियों से भरा होगा।

# नव वर्ष 2023: जिंदादिली के साथ सफलता का संकल्प



**अजयदीप बाधवा**



एक लक्ष्य, दो साल। तीन विषय, हजारों सवाल। ऊपर से हर रोज सुनोगे -यही समय है जान लगा दो, पढ़ाई के अलावा सब कुछ भुला दो। लेकिन प्यारे बच्चे, जान लगा देना पर जान गंवाना नहीं। बेशक डूबकर, मन लगाकर पढ़ो, उछल कूदकर, नाच गाकर पढ़ो। दीवारों पर फामूर्ले फेंको, सपनों में बेंजीन रिंग देखो, फोकस पर अड़ो, कॉन्वेक्स लेंस हो जाओ, मैप में जगह ढूंढते-ढूंढते अपनी अलग जगह बनाओ, लेकिन एक्साइट होकर ऑर्बिट से ही बाहर नहीं निकल जाना है। यहीं से शुरू होगा असली इम्तिहान जीवन का, प्रोबेबिलिटी और पॉसिबिलिटी में संतुलन बिठाना है। अपने आपको सही व्यक्त करना और खराब वक्त में स्थिर बने रहने का मूल मंत्र यहीं से समझोगे। दुनिया शिखर की बात करेगी संघर्ष सिर्फ.तुम देखोगे।

### हंसता-मुस्कुराता चेहरा

सफल बनना पर ज़िंदादिल जरूर रहना। वो हाईबर्नेशन से बाहर निकले सूखे, निचुड़े मेंढक सही लग सकते हैं, बच्चे नहीं। जो भी बनना चाहते हो डॉक्टर, इंजीनियर, आईआईटीयन या आईएएस- हंसता चेहरा ही तो अच्छा लगेगा ना। मां-बाप की सिर्फ.आस ही नहीं, आसमान भी तुम हो। वे रिजल्ट वाले दिन स्टेटस में तुम्हारी फोटो लगाकर गर्व से ना भी मुस्कुरा सके तो कोई बात नहीं पर तुम्हें हताश कभी नहीं देख पाएंगे। मांएं अपने जिगर के टुकड़ों की शरारतें और खिले चेहरे देख कई साल छोटी हो जाती हैं।

### खुद से ही मोटिवेशन

पिता तुम्हें अपने से ऊंचा निकलते देख फूले नहीं समाते और बड़े बुजुर्गों का तो शुभ महूर्त ही तुम से है। उनकी हर बात, हर डांट पर और ज्यादा पढ़ना। और सबसे खास बात- मन के गुबार भी बाहर लाना, कुछ बुरा लगे तो रोना, चिल्लाना। सब अकेले झेल पाओ इतने बड़े नहीं हुए हो पर जी तोड़ मेहनत न कर सको इतने छोटे भी नहीं। मोटिवेशन सबसे ज्यादा अपने आप से लेना, हैरान हो जाओगे अपनी क्षमता को देखकर।

### संकल्प से मजबूती

हिम्मत तुम्हारा सबसे बड़ा हथियार है। वैसे मेहनत तो ज़िंदगी हर किसी से करवा ही लेती है। अभी अपनी मजी से समर्पित होकर करोगे तो मनचाही पढ़ाई और काम मिल सकेगा नहीं तो उम्र भर लगे रहने के बाद भी पछतावा कहीं भीतर खटकता रहेगा। बेशक ध्यान भटकाने के लिए विकल्प बहुत हैं लेकिन एक दृढ़ संकल्प बड़ी मजबूती देता है। कभी भी लोगों की सोच और भारी उम्मीदों के गुरुत्वाकर्षण बल से खिंच कर धड़ाम से नीचे मत आकर गिरना बल्कि इसी से संवेग हासिल करना।

### शुरूआत से बड़े फलक तक

वो गेम की साइट, खेल के मैदान सब तुम्हारे इंतजार में हैं, फिर दौड़ना, भागना, और ये जो कहते रहते हो ना कि अब मैं बच्चा नहीं रहा, बिल्कुल यही साबित करना है...कायर नहीं, मजबूत और ज़िम्मेदार बन कर सामने आना है और दूसरों के लिए भी मिसाल बनना है। अभी जुट जाओ। कुछ वक्त बेकार गया तो भी कोई बात नहीं। जहां हो वहीं से जोरदार शुरूआत करो। सिर उठाकर देखो, ये सारी दुनिया तुम्हारे लिए है। बड़ी बड़ी कुर्सियां राह ताक रही हैं तुम्हारी। और ये ना मिला तो वो पा लोगे। बस खुद को जरा संभाले रखना तुम मुश्किलों में भी रास्ता बना लोगे।

(लेखक सीएमए सह मोटिवेटर हैं।)

# समाज में मजबूती प्रेम से ही संभव है

**स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा घिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं।

भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली।

इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये। दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान, उपजाउ भूमि, धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। उस काल में भी धार्मिक निष्ठा हमारी सुरक्षा कवच के तौर पर काम करती है। समाज को एक करने में धर्म का महत्वपूर्ण योगदान है। पूरे विश्व में ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना प्रेम बढ़ाने के लिये ही की गयी है जिससे धर्म की स्थापना स्वतः होती है। श्री राम का जीवन संतोष, प्रेम, त्याग और तप का जीवन था। यही कारण है कि आज भी भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम मुख्य स्थानः छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)

# ड्राई आई सिंड्रोम से बचें

**रितु ढिल्लों**

**आंखें** कुदरत का अनमोल रतन हैं। इनका ध्यान रखें। लंबे समय तक लैपटॉप और मोबाइल का इस्तेमाल करने से बच्चों में ड्राई आई सिंड्रोम की समस्या आम हो गई है। यूं तो पहले भी टीवी ज्यादा देखने वाले बच्चों में ऐसी परेशानी देखी जाती थी, लेकिन कोविड-19 के चलते बच्चों की पढ़ाई ऑनलाइन होने से यह समस्या बढ़ गई। बच्चे ही नहीं, बड़े भी ड्राई आई सिंड्रोम का शिकार हो रहे हैं। लेकिन मोबाइल और लैपटॉप के अंधाधुंध प्रयोग ने बच्चों को ऐसा बांधा कि लगातार एक ही जगह पर नजरें टिकाए रहने से न तो उनकी आंखों का व्यायाम हो पाता है और न ही बीच-बीच में जरूरी आराम मिल पाता। समय के हिसाब से ऑफिस या स्कूल के काम का भले ही अंदाज बदला हो, लेकिन अपनी आंखों का ध्यान हर किसी को रखना चाहिए।

कोशिश करें कि समय-समय पर आपकी आंखों को आराम मिले और लगातार आप किसी स्क्रीन की तरफ देखते नहीं रहें।

### क्या हैं लक्षण

आंखों में जलन और खुजली होने के साथ ही दृष्टि धुंधली होने लगती है। ऐसा भी देखा गया है कि आंखों से पानी आना भी ड्राई आई सिंड्रोम का लक्षण हो सकता है। सामान्यतः आई सिंड्रोम के लक्षण हैं-आंखों में जलन (इचिंग) महसूस होना, आंखें भारी होना, आंखे शुष्क होना, आंखें लाल होना, दृष्टि धुंधली होना। ऐसी समस्या आए तो चिकित्सक से परामर्श लें। इस समस्या से बचाव के लिए विटामिन-ए युक्त चीजों का अधिक सेवन करें। साथ ही पेय पदार्थ अधिक लें। बच्चों को अनावश्यक रूप से मोबाइल का इस्तेमाल करने से रोकें। चिकित्सक की सलाह के बिना आंख में कुछ भी न डालें।

### इस सिंड्रोम के कारण और निदान

मुख्य कारणों में शामिल हैं, लंबे समय तक डिजिटल डिवाइस का इस्तेमाल करना, ज्यादा समय तक एसी में रहना, लगातार कॉन्टेक्ट लैंस का प्रयोग करना, फैटी एसिड वाले भोजन का न करना, बहुत ज्यादा किताबें पढ़ना। आई सिंड्रोम की परेशानी से बचने के लिए जरूरी है कि लगातार स्क्रीन के सामने न रहें, ब्रेक लेते रहें, विटामिन-ए युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें, पेय पदार्थों का सेवन अधिक करें, तंबाकू और एल्कोहल के प्रयोग से बचें और साबुत अनाज, फल और सब्जियों का सेवन करें।

# ओरल हेल्थ को लेकर रहें सजग

**मिताली जैन**



**जब** भी ओरल हेल्थ की बात होती है तो आमतौर पर लोग दिन में दो बार ब्रश करना ही पर्याप्त समझते हैं। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। आपके दांतों के साथ-साथ जीभ की सफाई करना भी उतना ही जरूरी है। हालांकि कई बार जीभ की क्लीनिंग को पूरी तरह से इग्नोर किया जाता है। जिसके कारण जीभ पर एक सफेद परत जम जाती है। जिसके कारण ना सिर्फ मुंह से बदबू आती है, बल्कि इसे बैक्टीरियल इंफेक्शन होने व अन्य कई समस्याएं होने का खतरा भी रहता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप अपनी जीभ की सफाई किस तरह से बेहद आसानी से कर सकते हैं-

### लहसुन

आमतौर पर जब लहसुन को भोजन में शामिल किया जाता है और आप उसका सेवन करते हैं तो इससे मुंह से स्मेल आती है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह आपकी जीभ की सफाई में भी मददगार है। दरअसल, जब इसे कच्चा खाया जाता है तो यह बैक्टीरिया को खत्म करता है, जिससे जीभ जल्दी ही क्लीन हो जाती है।

### एलोवेरा का करें इस्तेमाल

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, एलोवेरा में एंटी-इंफलेमेटरी व हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। यह जीभ और मसूड़ों पर कीटाणुओं को मारने में मददगार साबित हो सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए एक बड़ा चम्मच एलोवेरा का रस मुंह में लें और इसे कुछ मिनटों के लिए घुमाएँ, और इसे थूक दें। फिर अपने मुंह को गर्म पानी से कुल्ला करें। आप इसे दिन में कई बार दोहरा सकते हैं।

### नमक आएगा काम

जीभ साफ करने के लिए नमक सबसे अच्छा और सस्ता उपाय है। यह आपकी जीभ से गंदगी व डेड स्किन सेल्स को बेहद आसानी से हटाता है। इसके लिए आप जीभ पर कुछ नमक छिड़कें और एक मिनट के लिए टूथब्रश से हल्के से ब्रश करें। फिर अपने मुंह को पानी से कुल्ला। दिन में दो बार दोहराएं। आपको पहली बार में भी अंतर नजर आएगा।

### हल्दी

हल्दी किचन में इस्तेमाल किया जाने वाला महज एक मसाला नहीं है, बल्कि यह मुंह के लिए एंटीसेप्टिक दवाओं का एक उत्कृष्ट विकल्प है। इसके इस्तेमाल के लिए आप नींबू और हल्दी को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं। अब 2 मिनट के लिए जीभ पर इस पेस्ट को रगड़ें। आखिरी में गर्म पानी से अच्छी तरह कुल्ला करें।

# इस शहर में साहित्य धड़कता है

**मनोज शर्मा**

**आज** की तारीख में हनोई जैसे शहर में छह प्रमुख नाट्यशालाओं के होने का मतलब यही होता है कि लोगों ने विरासत से अपना रिश्ता बनाये रखा है। वियतनाम का यह शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र है। हो ची मिन्ह सिटी में तीन ऑपेरा हाउस हैं, तो हनोई में छह। हनोई से 95 किलोमीटर दूर है हाओ लू। 968 से 1009 ईस्वी तक हाओ लू, वियतनाम की राजधानी रही है।

दीन होआन के शासन के समय आर्थिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का अधिकेंद्र था हाओ लू नगर। 1009 में दीन होआन को परास्त करने वाले सम्राट लाई कोंग उआन 1010 में वियतनाम की राजधानी को हाओ लू से शिफ्ट करके हनोई ले आये। उस दौर के रचनाकार, रंगकर्मी स्वाभाविक रूप से अपने आशियाने और आबोदाना की तलाश में हनोई आ गये। वियतनामी शासन व्यवस्था में कन्फ्यूशियस की अवधारणा प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से प्रकट होती रही है। कन्फ्यूशियस के विचार सत्ता की जड़ें मजबूत करते, साहित्य उसका जरिया रहता। कन्फ्यूशियस ने कहा था, विवाह से पहले बेटियां पिता की बातें माना करें। विवाहोपरांत पति की, और जब पति गुजर जाये, तो बेटे के बताये मार्ग पर औरत चले।

थिएन स्कूल के धर्मगुरुओं ने दूसरी सदी के आरंभ से कन्फ्यूशियस की सोच को साहित्य के जरिये रोपने का प्रयास किया था। कन्फ्यूशियसनिजम, बौद्धिजम और ताओइजम जैसी तीन मुख्य धाराओं की प्रतिस्पर्धा का साक्षी रहा है हनोई शहर।

हनोई के बौद्ध भिक्षु भी कवि रहे, उनमें 11वीं सदी के खोंग लो, बाद की शताब्दियों में जेन धारा के कवि वान हान, मान गियाक, विएन चिउ, विएन थोंग, को सम्मान के साथ याद किया जाता है। ट्रान राजवंश के समय मैक दीन्ह ची (1346), ट्रूंग हान सीउ (1354 में मृत्य), चू वान एन (1370 ), गुयेन ट्रुंग नगन (1289-1370) ने प्राचीन वियतनामी साहित्य को वैभव प्रदान किया था।

(पत्रकारिता विभाग रांची विवि रांची से जुड़ें हैं।)

# आध्यात्मिक सतपुरुष गुरु समर्थ रामदास

**-अशोक प्रवृद्ध**



**प्रसिद्ध** सन्त और हिन्दू पद पादशाही के संस्थापक छत्रपति शिवाजी के गुरु एवं मराठी ग्रन्थ दासबोध के रचयिता समर्थ रामदास (1608-1682) का जन्म महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के जाम्ब नामक स्थान पर चैत्र शुक्ल नवमी अर्थात रामनवमी को विक्रम सम्वत 1665 तदनुसार शालिवाहन शके 1530 (1608 ई0) को दोपहर में जमदग्नी गोत्र के देशस्थ ऋग्वेदी ब्राह्मण परिवार में हुआ था । समर्थ रामदास का मूल नाम नारायण सूर्य (सूर्या) जीपंत कुलकर्णी (ठोसर) था। बाल्यकाल में उन्हें नारायण कहकर पुकारा जाता था ।श्री राम के जन्म दिन श्रीरामनवमी के दिन इनका जन्म होने के कारण इनका नाम रामदास रखा गया । एक अन्य कथा के अनुसार, बचपन में ही उन्हें साक्षात प्रभु श्रीराम के दर्शन हुए थे। सूर्यदेव की कृपा से सूयार्जी पन्त को दो पुत्र गंगाधर स्वामी और नारायण (समर्थ रामदास) प्राप्त हुए। समर्थ रामदास के बड़े भाई का नाम गंगाधर को सब 'श्रेष्ठ' कहते थे। वे आध्यात्मिक सत्पुरुष थे। उन्होंने सुगमोपायनामक ग्रन्थ की रचना की है। मामा भानजी गोसावी प्रसिद्ध कीर्तनकार थे।

सात वर्ष की अवस्था में उन्होंने हनुमान जी को अपना गुरु मान लिया। इसके बाद तो उनका अधिकांश समय हनुमानमन्दिर में पूजा में बीतने लगा। इसके साथ ही उन्होंने शक्ति के उपासक हनुमानजी की मूर्ति की स्थापना की। समस्त भारत का उन्होंने पद-भ्रमण किया।

वे प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में उठकर प्रतिदिन बारह सौ सूर्यनमस्कार लगाते, तत्पश्चात गोदावरी नदी में खड़े होकर राम नाम और गायत्री मंत्र का जाप किया करते थे। मध्याह्न काल अर्थात दोपहर में सिर्फ पाँच घर की भिक्षा माँग कर वह प्रभु श्रीराम को भोगलगाते थे। उन्होंने स्वयं एक रामायण लिखा। हिन्दुओं की दुर्दशा देखसमर्थ रामदास का हृदय संतप्त हो उठा और उन्होंने मोक्षसाधना के साथ ही अपने जीवन का लक्ष्य स्वराज्य की स्थापना द्वारा आततायी मुगल शासकों के अत्याचारों से जनता को मुक्ति दिलाना बना लिया। इसी प्रयत्न में उन्हें छत्रपति श्रीशिवाजी महाराज जैसे योग्य शिष्य का लाभ हुआ और स्वराज्यस्थापना के स्वप्न को साकार होते हुए देखने का सौभाग्य उन्हें अपने जीवनकाल में ही प्राप्त हो सका। उस समय महाराष्ट्र में मराठों का शासन थाऔर शिवाजी महाराज समर्थ रामदास के कार्य से बहुत प्रभावित हुए । इतना प्रभावित कि जब इनका मिलन हुआ, तब शिवाजी महाराज ने अपना राज्य ही समर्थ रामदास की झोली में डाल दिया। इस पर रामदास ने शिवाजी से कहा- यह राज्य न तुम्हारा है न मेरा। यह राज्य भगवान का है, हम सिर्फ.इसके न्यासी हैं।शिवाजी समय-समय पर उनसे सलाह-मशविरा किया करते थे। छत्रपति शिवाजी और रामदास स्वामी पहली बार 1674ई० में मिले और शिवाजी ने रामदास स्वामी को अपना धार्मिक गुरु व मार्गदर्शक मान लिया था । उन्होंने शके 1603तदनुसार सन 1682में 73 वर्ष की अवस्था में महाराष्ट्र में सज्जनगढ़ नामक स्थान पर समाधि ली। समर्थ रामदास ने दासबोध, आत्माराम, मनोबोध,चौदह शतक ,जन्स्वभावा,पञ्च समाधी ,पुकाश मानस पूजा ,जुना राय बोध राम गीत आदि ग्रंथों की रचना की है। मानपंचक, पंचीकरण, चतुर्थमान, बाग प्रकरण, स्फूट अभंग इत्यादि समर्थ रामदास की अन्य रचनाएँ हैं। यह सभी रचनाएँ मराठी भाषा के ओवी नामक छंद में हैं।

# नौ सेना की चुनौतियां

**टीएस नाइनन**

**भारतीय** नौसेना के लिए पिछले कुछ सप्ताह काफी गतिविधियों वाले रहे हैं। नौसेना ने कुछ दिन पहले ही 7,400 टन वजन वाले आईएनएस मोरमुगाओ को अपने बेड़े में शामिल किया है। तीन महीने पहले प्रधानमंत्री ने 45,000 टन वजन वाले देश में ही निर्मित विमान वाहक युद्धपोत को भी नौसेना के बेड़े में शामिल किया था। नौसेना दूसरी परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएन अरिघात को भी अपने बेड़े में शामिल करने की योजना पर काम कर रही है। हालांकि इसे शामिल करने की आधिकारिक तिथि गुप्त रखी गई है। इस बीच, 5वीं स्कॉर्पीन पनडुब्बी आईएनएस वागिर नौसेना को सौंप दी गई है। अगले साल फ्रिगेट की नई श्रेणी के साथ इसे सेवा में शामिल किया जाएगा।

यह पहली बार है जब नौसेना को इतने कम समय में इतने छोटे-बड़े जहाज एवं पनडुब्बियां मिले हैं। वर्ष 2021 भी नौसेना के लिए काफी हलचल भरा रहा था जब उसके बेड़े में 2 स्कॉर्पीन पनडुब्बियां और एक डिस्ट्रॉयर शामिल किए गए थे। इन गतिविधियों से तो यही लग रहा है कि नौसेना के बेड़े का विस्तार करने की प्रक्रिया अब जोर पकड़ रही है और कुछ मायनों में यह सही भी है। हालांकि हमें दीर्घ अवधि के स्वरूप पर भी विचार करना चाहिए। वर्ष 2021 और 2022 की तुलना में 2019 और 2020 में नौसेना के बेड़े में केवल एक पनडुब्बी और और एक कॉर्वेट शामिल किए गए थे। वर्ष 2018 में बेड़े के विस्तार में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुई थी। अगर 2011 से रुझान की बात करें तो सालाना औसतन दो बड़े युद्धपोत नौसेना के बेड़े में शामिल किए जा रहे हैं।

एक दशक पहले की तुलना में प्रगति जरूर हुई है मगर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि प्रत्येक युद्धपोत के निर्माण में काफी अधिक समय लग जाता है। एक डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट या कॉर्वेट के निर्माण में सात से नौ वर्षों का समय लग रहा है। चीन की तुलना में भारत में इनके निर्माण में दोगुना समय लग जाता है। हालत यह है कि सेवा में शामिल किए जाने के समय लंबी दूरी तक मार कर सकने वाली एयर-डिफेंस मिसाइल, तारपीडो, ऐंटी-सबमरीन हेलीकॉप्टर और विमानवाहक पोत के विमान तक तैनात नहीं हो पाते हैं। सोवियत संघ से खरीदे गए विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य के साथ यही हुआ जो 2013 में नौसेना में शामिल हुआ। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के किसी भी विमानवाहक पोत पर पिछले दो वर्षों में एक भी विमान नहीं उतरा है। हालांकि इन तमाम खामियों के बावजूद यह कहा जा सकता है कि भारत धीरे-धीरे अपनी नौसेना को धार दे रहा है। आने वाले समय में नौसेना में 6,600 टन के सात फ्रिगेट शामिल किए जाएंगे।


# 'नव वर्ष की शुरुआत नयी उर्जा और नये संकल्प के साथ'

**विजय केसरी**

**नव वर्ष** की शुरुआत एक नई ऊर्जा और एक नए संकल्प के साथ करें कीजिए, फिर देखिए, जीवन की दिशा और दशा ही बदल जाएगी। सबसे पहले पिछली बातों को भूलने का प्रयास कीजिए। एक नई ऊर्जा, उत्साह और उमंग के साथ जीवन को जीने का प्रयास कीजिए। जीवन आपका है। आपकी सोच ही जीवन की दिशा और दशा बदल सकती है। आपकी उर्जा और उत्साह, आपसे दूर नहीं है बल्कि ये दोनों अव्यक्त शक्तियां आपके अंदर विद्यमान है। बस ! जरूरत है, उस सोच को पैदा करने की, जिसके पैदा होते ही ऊर्जा और उमंग उत्पन्न हो जाते हैं। नव वर्ष पर यह विशेष रुप से ध्यान रखें कि नकारात्मक विचारों को मस्तिष्क में आने नहीं दीजिए। आपकी उत्साह और उमंग का स्वरूप कैसा होना चाहिए ? शांत और शांत । आनंद और आनंद। उदाहरण स्वरूप जिस तरह साल के पहले दिन हम सब लोगों से बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मिलते हैं। नव वर्ष की बधाइयां देते हैं। खुद का चित आनंदित होता है, सामने वाले को भी आनंदित कर देते हैं। ठीक उसी तरह जीवन भर आपका चित और मन प्रसन्न होना चाहिए। जिन लोगों ने भी इस धरा पर इस प्रकार का जीवन जिया है, उसका जीवन जीना सच्चे अर्थों में सार्थक होता है। नव वर्ष पर अपनी चर्चा को आगे बढ़ाऊं इससे पहले सभी देशवासियों व विश्वासियों को नए साल की बधाई देता हूं। साथ ही ईश्वर से कामना करता हूं कि सबों का जीवन सुखमय हो, सभी निरोग हों, सभी दीघार्यु हों। सभी के घरों में सुख, समृद्धि और शांति का वास हो। नए साल में प्रवेश के प्रथम दिन की बात ही बड़ी निराली होती है। लोग इस दिन का इंतजार पिछले दो-तीन महीने से करते हैं। लोग नए साल का जश्न बड़े ही धूमधाम के साथ मनाते हैं। नए साल का सभी लोगों के जीवन में बड़ा महत्व होता है। कई लोग आज के इस महत्वपूर्ण दिन को खुद को एक नए संकल्प के साथ जोड़कर जीवन की शुरूआत करते हैं। संकल्प का किसी के भी जीवन के विकास में बड़ा योगदान होता है। संकल्प लोगों के जीवन में एक नई ऊर्जा प्रदान करता है। जितने भी महापुरुष हुए, उन सबों के जीवन का अध्ययन कर देखा जाए तो उन सबों का संपूर्ण जीवन संकल्प से बंधा हुआ था। अगर उनके जीवन संकल्पों से बंधे नहीं होते तो शायद वे इतने महान कार्य कर नहीं पाते। संत तुलसीदास जिन्होंने रामचरितमानस की रचना की थी। उनके जीवन पर गौर करें। वे पत्नी के प्रेम में घनघोर बारिश में उनसे मिलने के लिए चले गए थे।। पत्नी से मिलने के क्रम में रास्ते में कितनी रुकावटें आई, इसकी परवाह किए बिना वे पत्नी से मिले थे।। उनकी अर्धांगिनी संत तुलसीदास की आतुरता देखकर आश्चर्यचकित हो गई थी। तब उन्होंने अपने पति से कहा था कि जिस हाड मांस के शरीर से आप इतना प्रेम करते हैं। यह तो सिर्फ खून और मज्जा से बना हुआ है। अगर आप सच्चे मन से परमपिता परमेश्वर से प्रेम करते तो आपके जीवन की दिशा और दशा ही बदल जाती। यह बात संत तुलसीदास के मन मस्तिष्क को एक नई चेतना पैदा कर दी थी। वे कई दिनों तक अपनी पत्नी की कही बातों पर विचार करते रहे थें। तब उन्होंने एक संकल्प लिया और गुरु राम दास के चरणों पर गिर पड़े थे।

आज एक जनवरी है, बहुत ही बेहतर दिन है। कुछ नया करने के लिए। काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह आदि पंच विकार हैं, ये आपके जीवन पर बहुत मजबूती के साथ बैठे हुए हैं। इसलिए आज इससे मुक्त होने के लिए संकल्प लेने की जरूरत है। स्वयं को इन पांच विकारों से मुक्त कैसे किया जाये ? आज हर व्यक्ति अपने अहंकार और ईगो के कारण परेशान हैं। बात-बात पर क्रोध हो जाना। थोड़े से धन के लिए मारपीट कर देना। दूसरों के प्रति घृणा का भाव, द्वेष आदि के कारण समाज में शत्रुता बढ़ती चली जा रही है। लोगों से प्रेम और क्षमा दूर होता चला जा रहा है। इस विकट परिस्थिति पर भी चिंतन करने की जरूरत है।

तालीबानी शिक्षा....



साभारः कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# नववर्ष पर जुटेगी सैलानियों की भारी भीड़

## पर्यटकों को आकर्षित करती है दारू की खूबसूरत वादियां, दर्जनों पिकनिक स्पॉट है दारू क्षेत्र में

रौशन सिन्हा



दारु के पिकनिक स्पॉट।

**दारू।** दारू प्रखण्ड में दर्जनों खूबसूरत पिकनिक स्पॉट है जिसमे आज एक जनवरी को नव वर्ष के मौके पर पिकनिक मनाने आने वाले सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ेगी। यहां पर सिवाने नदी के अनेक पिकनिक स्पोर्ट जैसे धोरधोरवा , भूखला नदी, इंदरवा, पेटो नदी,मेढकुरी नदी कोनार नदी के कवालु, दिग्वार, जिनगा आदि जगहों पर कई पिकनिक स्पॉट है जो सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इनमें हर किसी की पहली पसंद सेवाने नदी और उसकी खूबसूरत वादियां है। यहां पहुंचने के लिए साल के अंतिम महीना और नए साल के पहले दिन का लोगों को बेसब्री से इंतजार होता है ताकि वनभोज के बहाने यहां समय गुजार सकें। दारू प्रखंड मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर दूर दारू पंचायत के बासोबार मार्ग से होते हुए चारों ओर जंगलों से घिरा शिवानी नदी की सुंदरता में चार चांद लगाते हैं। नदी के बीच बड़ी-बड़ी चट्टानें और उसके बीच बहता निर्मल जल की कोलाहल और जंगल में विभिन्न चिड़ियों की चहचाहट हर वर्ष हजारों की संख्या में लोग दूर-दूर से वनभोज करने यहां आते हैं। इस पिकनिक स्पॉट की ख्याति है कि हजारीबाग शहर से भी लोग अपने दोस्तों और परिवार वालों के साथ पिकनिक मनाने इसकी वादियों में पहुंचते हैं।पहली जनवरी के दिन सुबह से ही सिवान नदी पर अलग-अलग टोलियां युवाओं की भीड़ उमड़ने लगती है। प्राकृतिक सुंदरता के अलावा नदी के मुहाने पर भगवान शिव की शिवाले भी स्थित है जहां लोग वनभोज के अलावे अपने नव वर्ष की मंगलकामना के लिए भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने काफी संख्या में दूर-दूर से पहुंचते हैं।

# सीएम आदर्श कॉलेज में मनायी गयी रामेश्वर महथा की पुण्यतिथि


रामेश्वर महथा की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** आदर्श महाविद्यालय इचाक के प्रांगण में पूर्व विधायक रामेश्वर महथा की पूण्य तिथी मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सी एम आदर्श उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक जीवन कुमार ने स्वर्गीय महथा की तस्वीर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। बाद में कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षक ने बारी बारी से माल्यार्पण किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य मनीष कुमार ने कहा कि पूर्व विधायक रामेश्वर महथा बरही विधानसभा से सन 1952 और 1957 के लिए चुने गए। इस अवसर पर बासुदेव पाण्डे, खुर्शीद आलम समेत दर्जनों लोग शामिल हुवे।

# उपलब्धियों से भरा रहा एनटीपीसी के लिए वर्ष 2022

## नये वर्ष में भी जनकल्याण रहेगी प्राथमिकता

खबर मन्त्र संवाददाता


एनटीपीसी के अधिकारी।

**बड़कागांव।** किसी भी परियोजना की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उस पर योजना के अस्तित्व में आने के बाद कितने लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव हुए। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना देश के उन चुनिंदा परियोजनाओं में से एक है जिसकी शुरूआत से आसपास के क्षेत्रों की तस्वीर लगातार बदल रही है। परियोजना के अंतर्गत आज बड़कागांव प्रखंड और उसके आसपास के कई गांव के लोगों को जहां रोजगार मिल रहा है वही सामाजिक कार्यों के माध्यम से एनटीपीसी हजारों लोगों की जिंदगी में खुशियां भर रहा है। एनटीपीसी ने बीते वर्ष की भांति इस साल भी कई कीर्तिमान हासिल किए हैं। एनटीपीसी द्वारा संचालित कळक में प्रशिक्षण के बाद इस साल सैकड़ों छात्रों को विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी दी गई। इसी तरह कैपेसिटी बिल्डिंग की बात करें तो योजना से प्रभावित महिलाओं को सिलाई एवं मशरूम की खेती करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया जिससे आज वो स्वावलंबी बन पाईं है। एनटीपीसी ने आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए इस साल 91 मेडिकल कैंप लगाए जिसमें 11,315 मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया। इसी तरह कई गांव में हैंडपंप और डीप बोरवेल करवाया गया जिससे ग्रामीणों को पानी की समस्या से मुक्ति मिल पाई। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की बात करें तो कांदाबेर, बरियातू,गरिकला जैसे कई गांव में पक्की सड़क पीसीसी का निर्माण करवाया गया। एनटीपीसी ने गरीबों को ठंड से बचने के लिए जहां 10,000 कंबल बांटे वही ग्रामीणों को 6000 से अधिक मच्छडदानी का भी वितरण किया। इसके अलावा एनटीपीसी ने कई स्कूलों में खेल सामग्री और सामाजिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जगहों पर साफ-सफाई और ब्यूटीफिकेशन का काम भी किया। बीते दिन ही 15 दिवसीय शीतकालीन शिविर के माध्यम से 12 बच्चों को तीरंदाजी प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया है जिन्हें आने वाले 1 साल तक प्रशिक्षित कोच के द्वारा ट्रेनिंग दिलाई जाएगी। जाहिर है एनटीपीसी के लिए वर्ष 2022 जनकल्याण और उपलब्धियों से भरा रहा है हमें उम्मीद करनी चाहिए कि आने वाले नए वर्ष में भी एनटीपीसी सामाजिक सरोकार से अपने नाते को और प्रगाढ़ करेगा और आसपास के क्षेत्रों में सार्थक बदलाव लाएगा।

# सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


विदाई समारोह में शामिल अस्पतालकर्मी

**बरही।** अनुमंडलीय अस्पताल बरही में कार्यरत संगणक विनय कुमार सिन्हा एवं नेत्र सहायक महेंद्र प्रसाद 31 दिसंबर शनिवार को सेवा मुक्त हुए। जिसे लेकर अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, हॉस्पिटल मैनेजमेंट सोसाइटी सदस्य सुरेंद्र रजक, शकुंतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी उपस्थित रहे। विदाई सह सम्मान समारोह का शुभारंभ अस्पताल के चिकित्सकों एवं कर्मियों द्वारा दोनो सेवानिवृत पदाधिकारियों को माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीपीएम नारायण राम ने किया।कार्यक्रम में सेवानिवृत पदाधिकारियों के कार्यशैली पर अपनी अपनी बातों को रखा। सहकर्मियों ने इनके कार्य अवधि में कर्तव्य निष्ठा की सराहना की। समारोह में उन्हें अंग वस्त्र के साथ साइकिल देकर विदाई दी गई।अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ ज्ञानी प्रकाश ने कहा कि दोनो का कार्यकाल अस्पताल में काफी उत्कृष्ट रहा। उन्होंने हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर अस्पताल को संवारने का काम किया। अस्पताल के सभी कर्मियों को सकारात्मक निर्देश देते हुए काम करवाएं एवं क्षेत्र के मरीजों को सेवा करने का कार्य किया है। आज ये सेवानिवृत हो गए है तो इनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए इनके स्वास्थ्य जीवन की कामना करता हूं। सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर व सुरेंद्र रजक ने कहा कि अस्पताल से सेवानिवृत्त विनय सिन्हा व महेंद्र प्रसाद को सरल व शालीन व्यवहार के व्यक्ति बताया।अस्पताल में दिए गए इनके योगदान को कभी नही भुला जा सकता है।

# मांडू विधायक ने शहीद परिवार को दिया सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता


मांडू विधायक व अन्य

**विष्णुगढ़।** शनिवार को हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंर्तगत खरकी पंचायत स्थित बलकमका के झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले विष्णुगढ़ प्रखंड से सहिद साधु महतो शनिचर महतो सैंनाथ महतो,केवल महतो बोधराम महतो सोहर महतो मोहर महतो का शहादत दिवस उनके पैतृक गांव बालकमका में मनाया गया एव शहीद परिवार को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया एव बढ़ते ठंड को देखते हुए वृद्ध असहाय लगभग 60 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री जयप्रकाश भाई पटेल जी उपस्थित हुए उन्होंने कहा कि शहीदों की अपनी बलीदान से झारखंड राज्य का निर्माण हुआ है उनके आदर्शों एवं बताए गए रास्तो पर चलने से झारखंड निर्माण की सार्थकता पूरी हो सकती है अन्य वक्ताओं ने भी संक्षेप में अपनी बातें रखें बंदखारो के कलाहबार में पिछले कई दिनों दे अंधेरा था विभाग द्वारा 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया था लेकिन अतिरिक्त भार के चलते ट्रांसफार्मर जल गया जिसका शिकायत को लेकर स्थानीय लोगों ने माननीय विधायक जयप्रकाश भाई पटेल विधायक पटेल के पास रखा माननीय विधायक ने तुरंत विभाग से बात 63 केवी का ट्रांसफॉर्मर को उपलब्ध कराएं कार्यक्रम में भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो पश्चिमी मंडल महामंत्री गुरु प्रसाद साव हिरामन महतो भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार महतो गाल्होबार पंचायत के सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण में उपस्थित हुए।

## तिलेश्वर साहू सेना धनवार पंचायत कमिटी का गठन

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत में तिलेश्वर साहू सेना के कमिटि विस्तार को लेकर प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार की अध्यक्षता में कमिटी के गठन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के मूल विचारों को पूरे बरही विधानसभा में जन-जन तक पहुंचाने और 2024 में संपन्न होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में अरूण साहू को विजय दिलाने हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# गरीब–जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित


गरीबों के बीच कंबल का वितरण करते क्लब के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के पदाधिकारी व सदस्यों ने भुरकुंडा कोयलांचल व भदानीनगर आसपास के क्षेत्रों में शनिवार की सुबह डोर-टू-डोर जाकर दर्जनों गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया है। बढ़ते ठंड को देखते हुए क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, सचिव विजयंत कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, निर्मल अग्रवाल, विजय वर्णवाल सहित क्लब के अन्य सदस्यों ने लक्ष्मी टकीज, महुआ टोला, ग्लास फैक्ट्री आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर 50 चिन्हित गरीब-असहाय, महिला-पुरूष जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया।

मौके पर अध्यक्ष लायन राजेंद्र महतो ने कहा कि क्लब अपना सामाजिक दायित्व ईमानदारी पूर्वक निभाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा व समाजहित में कार्य करना है।

## बाड़ी फल सब्जी प्रोड्यूसर लिमिटेड की वार्षिक आम सभा संपन्न

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही स्थित सोमवार हाट परिसर में शनिवार को बाड़ी फल सब्जी प्रोड्यूसर लिमिटेड एजीएम का वार्षिक आम सभा किया गया। साथ हीं मांडू विधायक सह पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि क्षेत्र के किसान अपने उपज को बिचौलियों के पास औने पौने में न बेचकर केंद्र में ही बेचने का काम करें।आगे कहा कि किसान को सरकार द्वारा निर्धारित कीमत 2050 रुपये प्रति किलो के हिसाब से समय पर भुगतान किया जाएगा। मौके पर एफपीओ अध्यक्ष फुलेश्वर महतो, सचिव चौलेश्वर महतो, बहेरा मुखिया देवकी महतो,प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, जिप सदस्य बासुदेव करमाली, भाजपा मंडल अध्यक्ष मरारी सिंह, विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी, पंसस आशा राय सहित दर्जनों और किसान ग्रामीण में उपस्थित थे।

# सही मायने में कोयलांचल के साहित्यिक पुरोधा थे कवि व्यथित जी : आदित्य नारायण त्रिपाठी

**मैं तो एक ख्वाब हूं, तुमसे बिछड़ जाऊंगा, जब भी खोलोगे पलकें तो बिखर जाऊंगा ..**


मंचासीन अतिथि व गोष्ठी को संबोधित करते महेश्वर साहू।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड राष्ट्रभाषा परिषद के तत्वावधान में शनिवार को भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में स्व. ठाकुर रघुपति सिंह चौहान 'व्यथित' की 102वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष नाना तिवारी व संचालन मो. अजीम अंसारी ने की।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि आदित्य नारायण त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि गिरधारी गोप, महेश्वर साहू, मनोज कुमार सिंह, राम गोपाल अग्रवाल, मुखिया अजय पासवान व परिषद के अध्यक्ष नाना तिवारी आदि अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने व्यथित जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात आगंतुकों का आसन ग्रहण कराया गया। स्वागत भाषण परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने दिया। मौके पर मुख्य अतिथि आदित्य नारायण त्रिपाठी ने कहा कि कवि व्यथित जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन साहित्य साधन, साहित्य सेवा में समर्पित किया। आज हमें उनके साहित्यिक जीवन से प्रेरणा लेते हुए क्षेत्र में साहित्यिक गतिविधियों को तेज करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कवि जी लगातार नए लिखने पढ़ने वालों की खोज किया करते थें ताकि उन्हें प्रोत्साहित कर मंच प्रदान किया जाए। श्री त्रिपाठी ने कहा कि सही मायने में कोयलांचल के साहित्यिक पुरोधा थें कवि व्यथित जी। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि संस्था कवि जी के दिखाए मार्ग पर चलने को संकल्पित है। कार्यक्रम के अंत में खोरठा साहित्य के प्रख्यात रचनाकार ड गजाधर महतो प्रभाकर के पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## एक नजर में

### बरही पुलिस ने महुआ शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

**बरही।** उत्पाद विभाग की कमान को अपने हाथों लेकर बरही पुलिस प्रखंड के गुडिओ विजैया में संचालित अवैध शराब के विरूद्ध छापामारी अभियान कर कई भठियो की ध्वस्त कर दिया। इस दौरान ग्राम गुडियो बिजैया में अवैध रूप से स्थित महुआ शराब के भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए करीब 800 किलोग्राम जावा महुआ को विनष्ट किया गया। इस दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरही ललित कुमार ने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। पकडे जाने पर आवश्यक कानूनी कार्यवाही किया जाएगा। छापामारी दल में पु०नि० सह थाना प्रभारी ललित कुमार, पु०अ०नि० दिनेश कुमार, पु०अ०नि० निरंजन सिंह, स०अ०नि० दयानन्द सरस्वती, स०अ०नि० अरविन्द कुमार मिश्रा एवं बरही थाना के रिजर्व गार्ड उपस्थित रहे।

### डैम में तीन क्विंटल छोड़ा गया मत्स्य बीज

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत केदारूत पंचायत के केवलिया डैम में मत्स्य विभाग द्वारा लगभग तीन क्विंटल मत्स्य बीज छोड़ा गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बिनोद कुमार यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, स्थानीय मुखिया सरिता देवी, सामाजिक कार्यकर्ता विशेश्वर यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियो को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत कर किया गया। तत्पश्चात सभी मुख्य अतिथियो द्वारा संयुक्त रूप से डैम में लगभग तीन क्विंटल मछली का जीरा (बीज) छोड़ा गया। इस दौरान विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि हमारी सरकार मजदूर किसानों की सरकार है, सभी की चिंताओं एवं परेशानियों को जानती और पहचानती है। इसी निमित भिन्न-भिन्न किसानों के लिए भिन्न-भिन्न योजनाएं लाकर उनको प्रोत्साहित करने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। राज्य के सभी मछुआरे भाइयों को लाभ दिलाने के लिए प्रदेश के विभिन्न नदियों, तालाबों एवं डैमो में मछली के बीजों को छोड़ा जा रहा है जो आगे चलकर मछुआरे भाइयों का जीविकोपार्जन का श्रोत बनेगा। मौके पर महेंद्र यादव, रामचंद्र यादव, बासुदेव यादव, सुरेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन

**टाटीझरिया।** प्रखण्ड के बौधा डेम पिकनिक स्पोर्ट मे अखिल भारतीय नाई समाज टाटीझरिया द्वारा अंग्रेजी नए साल आगमन के लिए एक बैठक कर मिलन समारोह कर पिकनिक का कार्यक्रम किया। बैठक का अध्यक्षता सुखदेव हजाम संचालन किशोरी ठाकुर ने किया। मिलन समारोह का उद्देश्य अगामी 24 जनवरी को कपूर्री जयन्ती मनाने तथा सामुदायिक भवन बनाने को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर सुखदेव ठाकुर, रामबिलास शर्मा, किशोरी ठाकुर, चंदन ठाकुर, राजेश ठाकुर, भोला ठाकुर, जय प्रकाश ठाकुर, शशि शर्मा, नंदेशवर ठाकुर, जितेन्द्र शर्मा, दामोदर ठाकुर, मनोज ठाकुर, मानकी ठाकुर, राजू ठाकुर नागेश्वर ठाकुर, मथुरा ठाकुर, चंदेश्वर ठाकुर, धानेश्वर ठाकुर गोबिन्द ठाकुर छोटी ठाकुर नारायण ठाकुर समेत अन्य समाज के कई लोग शामिल थे।

### संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने 14 सूत्री मांग-पत्र सौंपा

**चरही।** संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा ने चरही जीएम को 14 सुत्री मांग-पत्र सौंपा है। जिसमें लिखा है कि सीसीएल हजारीबाग एरिया के सभी परियोजनाओं में बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार को बढावा दिया जा रहा है।जिन परियोजना में आउट सोर्सिंग द्वारा ओबी का ढुलाई कार्य किया जा रहा है,अधिकारियों की मिली भगत से लीड में हेरा फेरी को बढ़ावा दिया जा रहा है।केदला भूगर्भ परियोजना में अधिकारियों की मिली भगत से सी सीएल की जमीन पर सीसीएल का कोयला से दर्जनों ईंट भट्ठे संचालन किया जा रहा है। हजारीबाग क्षेत्र में अधिकारियों एवं सुरक्षा विभाग की मिलीभगत से सीसीएल की जमीन पर अवैध निर्माण बाहरी व्यक्तियों द्वारा कराया जा रहा है। असैनिक विभाग की मिलीभगत से गुणवत्ता हीन काया कल्प एवं अन्य कार्य कराया जा रहा है। जहां रोड सेल द्वारा कोयले का उठाव किया जा रहा है अधिकारियों की मिलीभगत से आरओएम के बदले स्टीम कोयला दिया जा रहा है। परियोजनाओं में किसी एचईएमएम में लॉग बुक नहीं रखा जा रहा है। एवं गलत हो वर्किंग आवर दिखाकर बड़े पैमाने पर डीजल का हेरा फेरी किया जा रहा है। जीएम यूनिट में सभी यूनियन को क्षेत्रीय यूनियन कार्यालय उपलब्ध कराया जाए।लइयो एवं झारखंड में जर्जर हो चुके हैं कंपनी आवास की मर मति कराई जाए।जीएम यूनिट एवं अन्य परियोजना के आवासीय परिसर में रोड सेफ्टी टैंक एवं गार वेज क्लीनिंग की जाए। क्षेत्रीय अस्पताल का निर्माण,डॉक्टर, एंबुलेंस एवं अन्य नर्सिंग स्टाफ की कमी को दूर किया जाए। हजारीबाग क्षेत्र में यूनियन के सभी समितियों के साथ विगत कई वर्षों से बैठक नहीं कराया जा रहा है इसे सुनिश्चित किया जाए। सभी परियोजना में कामगारों को सुरक्षा सामग्री वितरण में घोर अनियमितताएं है। सभी परियोजना में पीट ऑफिस एवं आवासीय परिसर में शुद्ध पीने का पानी की व्यवस्था नहीं किया जा रहा है। जीएम यूनिट में बिना हाउसिंग कमेटी के सहमति के बिना जो आवास आवंटन किया जा रहा है उसे निरस्त करते हुए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए श्रमिक संगठन के नेता रामबली चौहान, राजेंद्र प्रसाद सिंह,द्वारिका सिंह,खुशीलाल महतो, बसंत कुमार, किशुन महतो, अकल उरांव, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा और विनोद सिंह ने महाप्रबंधक को चेतावनी दिया है कि 15 दिनों के अंदर उपरोक्त मांगों को नहीं माना गया तो आंदोलन किया जाएगा।

# प्रधानाध्यापक ज्ञानाम्बुद को मिला सम्मान


सम्मान पत्र दिखाते प्रधानाध्यापक।

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के चानो में स्तिथ +2 उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ज्ञानाम्बुद को झारखंड शैक्षिक शोध एवं अनुसन्धान परिषद रांची के तत्वधान में टीआइएसएसएक्स के तहत सीटीएलटी कोर्स के प्रथम चरण की समाप्ति के अवसर पर उपनिदेशक प्रदीप कुमार चौबे एवं झारखंड यूनिसेफ को देख रहे पारुल शर्मा, पल्ल्वी शर्मा एवं पल्ल्वी शाह द्वारा इस कोर्स को सफलता पूर्ण करने वाले शिक्षकों को सर्टिफिकेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। हजारीबाग जिले से इसमें तीन शिक्षक रहे -ज्ञानाम्बुद, प्रभारी प्रधानाध्यापक +2 उच्च विद्यालय चानो, विष्णुगढ़, नितिका कुमारी, +2 जिला स्कूल हजारीबाग, सुजाता करकेट्टा, गर्ल्स +2 उच्च विद्यालय हजारीबाग रहे। इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य -शिक्षक सीखने के रचनात्मक दृष्टिकोण को समझें और छात्रों के लिए वास्तविक सीखने के अनुभवों के निर्माण में विभिन्न प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों का अन्वेषण कैसे करें और इसके साथ ही साथ सार्थक अधिगम में उनके उपयोग और उनकी भूमिका का समालोचनात्मक मूल्यांकन कर सकेंगे।

छात्रों के लिए एक सक्रिय सीखने का माहौल बनाने के लिए प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने वाले पाठ और गतिविधियाँ कैसे बनाएँ इसमे मिश्रित ऑनलाइन शिक्षण और सीखने के लिए दूरस्थ तकनीकों का अन्वेषण कैसे करें आदि का प्रयोग करना प्रमुख था।


## स्पीड न्यूज

### डुमरी पुलिस ने की वाहन चेकिंग



**डुमरी(गुमला)।** बाबा टांगीनाथ धाम मोड़ के पास शनिवार को डुमरी पुलिस के द्वारा वाहन जांच किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सभी छोटे बड़े वाहनों को बारीकी पूर्वक जांच किया गया। गाड़ी के डिक्की सहित लोगों के बैग की भी तलाशी ली गई। साथ ही कई जरूरी कागजातो की भी जांच की गई। थाना प्रभारी मनीष कुमार के द्वारा हेलमेट पहन कर वाहन चलाने की लोगों से अपील की। उन्होंने कहा क्षेत में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। बिना हेलमेट पहने वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### तीर्थस्थल में विकसित हो पारसनाथ



**कोडरमा।** विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा आस्था व भावना से ओत प्रोत पारसनाथ सम्मेद शिखर पर्वत करोड़ों जैन धर्मावलंबियों का सर्वोच्च तीर्थ स्थल है। इसलिए सरकार इसे पर्यटन क्षेत्र घोषित न करे बल्कि इसे पवित्र जैन तीर्थ स्थल घोषित कर विकसित करे। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखते हुए कहा कि जैन समाज देश के सबसे अल्पसंख्यक धार्मिक समुदाय में एक है। अहिंसा परमो धर्म, जियो और जीने दो का सिद्धांत इस पंथ का मुख्य आधार है। हमारी भारतीय परंपरा और सनातन धर्म का मूल भी अहिंसा विश्व बंधुत्व एवं वसुधैव कुटुंबकम की है। हमारा लोकतंत्र और संविधान भी ऐसी अल्पसंख्यकों की भावनाओं का सम्मान करता है। इनके संरक्षण के लिए भी संविधान में कई प्रावधान निहित हैं। उन्होंने कहा निःसंदेह इनका यह कथन काफी तर्कसंगत है कि पर्यटन क्षेत्र घोषित होने से यहां मांस मदिरा सहित कई हिंसक और तामसिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिलेगा जो इनके पंथ में निषिद्ध है। उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया कि झारखंड के लिए गौरव की बात है कि इस पंथ का सबसे प्रमुख तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर शिखरजी पारसनाथ झारखंड में अवस्थित है। यहां सालों भर देश के विभिन्न हिस्सों से जैन श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है, जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलता है, इसी को ध्यान में रखते हुए पारसनाथ जैसे छोटे स्टेशन पर भी सभी महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनों का ठहराव दिया गया है। जैन पंथ के 24 तीर्थंकरों में 20 तीर्थंकर ने शिखरजी में ही मोक्ष की प्राप्ति की। अहिंसा के पुजारी और विचारधारा के वाहक कठोर तपस्वी जैन मुनियों का भी यहां की पवित्र भूमि पर नंगे पांव आना जाना होता है, ऐसे में इनके भावनाओं का सम्मान करते हुए उनके साथ समन्वय बनाकर यहां के विकास एवं जन सुविधाओं को बढ़ावा देने की योजना सरकार को बनानी चाहिए। वहीं डॉ. नीरा यादव ने बताया कि इस पवित्र स्थल पर कोई भी विकास कार्य जैन समुदाय की राय के अनुसार ही किया जाय।

### प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शनिवार को कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष राजू सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागीरथ पासवान मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। वहीं उन्होंने प्रखंड अध्यक्षों को प्रखंड कमेटी, बूथ कमेटी एवं पंचायत कमिटी जल्द विस्तार करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय की जयंती मनाई गई। मौके पर राम लखन पासवान, फैयाज अब्बू केसर, दशरथ पासवान, सहदेव प्रसाद यादव, मो. गुलजार, वीरेंद्र राणा, बबलू तिवारी, मो. जाकिर हुसैन, मो. इम्तियाज, पंकज कुमार, दिलीप पासवान, वसीम खान, गुलाम मुस्तफा आदि सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद थे।

### तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत

**कोडरमा।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह निवासी 70 वर्षीय भुनेश्वर सिंह पिता स्व फागु सिंह की कदमा अहार में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति शुक्रवार को जानवर चराने के लिए दो बच्चों के साथ जंगल में गए हुए थे। इसी दौरान वह कदमा अहार में नहाने लगे, जहां नहाने के क्रम में पैर फिसलकर पानी में डूब गये। तभी बच्चों के हल्ला करने पर ग्रामीण एकत्रित हुए, मगर शाम होने के कारण शव नहीं निकाला जा सका। वहीं शनिवार सुबह काफी मशक्कत के बाद नवलशाही थाना पुलिस ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया।

### अहिबरन जयंती आज

**कोडरमा।** बर्णवाल धर्मशाला में एक जनवरी को अहिबरन जयंती और नव वर्ष मिलन समारोह मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता शामिल होंगी। वहीं समाज के अध्यक्ष अशोक वर्णवाल व सचिव अजीत वर्णवाल ने बताया कि कार्यक्रम में कई प्रतियोताओं का आयोजन होगा तो वहीं सहभोज में लोग शामिल होंगे।

# गुमला पुलिस ने तोड़ी नक्सलियों की कमर

**दीपक राम काजू**

**2022 में उपलब्धि**

- पुलिस ने पीएलएफआइ को दोबारा पनपने नहीं दिया
- जेजेएमपी संगठन के भी कई सदस्यों को गिरफ्तार कर भेजा जेल, मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों पर कसा शिकंजा
- पुलिस ने बिना किसी विवाद के संपन्न कराया पंचायत चुनाव

**गुमला।** गुजरता साल 2022 गुमला पुलिस के लिए उपलब्धियों भरा रहा। इस वर्ष गुमला पुलिस ने भाकपा माओवादी संगठन की पूरी तरह कम तोड़ दी तो फिर से जिले में पीएलएफआई संगठन के पनपे का मौका भी नहीं दिया।

जिले में पूरी तरह से पीएलएफआई का सफाया करने में गुमला पुलिस कामयाब रही। वहीं जेजेएमपी संगठन को भी लगभग पुलिस ने खत्म कर दिया है। वर्ष 2022 में गुमला पुलिस ने पंचायत चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न कराने में अहम भूमिका मिका निभायी है। वर्ष 2022 में पुलिस ने नक्सली संगठनों के द्वारा विशुनपुर थाना क्षेत्र में छुपाकर रखे कई हथियार बरामद किये। जिसमें पुलिस से लुटी गई रायफल भी शामिल है। वहीं भाकपा माओवादी का पूर्व कमांडर व जेजेएमपी के सक्रिय सदस्य माठु उरांव को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। लेकिन वर्ष 2022 में भाकपा माओवादी संगठन ने 7 जनवरी को कुजाम पाठ में एनकेसीपीएल कंपनी के 27 वाहनों में आग लगाकर जिले में एक बार फिर सनसनी पैदा कर दी थी। हालांकि पुलिस ने कांड में शामिल माओवादी समर्थक व पुलिस की रेकी करने वाले माओवादी सदस्यों को गिरफ्तार कर उक्त मामले में जेल भेज दिया था। लेकिन इस घटना के बाद माओवादियों ने अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज करायी थी। इधर घटना के बाद लगातार पुलिस ने माओवादी संगठन के खिलाफ सर्च अभियान चलाया।

जिसका प्रभाव यह रहा कि माओवादी इस जिले से लगभग पलायन कर गये। मुठ्ठी भर बचे माओवादियों के आने की भी आहट अब जिले में नहीं सुनाई देती है। इधर जेजेएमपी संगठन के सदस्यों के आपस में ही टकराने से पुलिस को इस संगठन को खत्म करने में ज्यादे परेशानी नहीं हुई। संगठन के सदस्य आपस में ही भीड़कर अपने साथियों की हत्या कर दी। वहीं पुलिस ने जेजेएमपी संगठन के अशोक लकड़ा को एके 56 के साथ गिरफ्तार कर संगठन की कमर तोड़ दी।

गुमला पुलिस लगातार नक्सली संगठन व अपराधी गिरोह के खिलाफ सफलता अर्जित कर रही है। जिसमें गुमला पुलिस कप्तान की रणनीति कामयाब साबित हो रही है। वहीं दूसरी ओर मादक पदार्थों के खिलाफ गुमला पुलिस ने अभियान चलाकर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया और कई तस्करों को जेल भेजा। जिले में अफीम के बढ़ते कारोबार पर भी गुमला पुलिस ने अंकुश लगाया। पुलिस लगातार मादक पदार्थ के खिलाफ अभियान चला रही है।

# पांच तालाबों का होगा जीर्णोद्धार : उपायुक्त

**20 एकड़ भूमि सिंचित कर सकते हैं, उन तालाबों को चिह्नित करें**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला ।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2022- 23 के तहत बंजर भूमि राइज फेलो विकास योजना अंतर्गत सरकारी एवं निजी तालाब जीर्णोद्धार को लेकर बैठक हुई। बैठक में तालाबों के जीर्णोद्धार हेतु प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने 5 तालाबों का चयन जीर्णोद्धार के लिए किया गया। जिसके लिए अगले बैठक में अनुमति दी जाएगी।

तालाब जीर्णोद्धार के तहत वैसे तालाब जो एक एकड़ से पांच एकड़ की जमीन पर बने है, साथ ही उसके आस पास 20 एकड़ जमीन पर सिंचाई किए जा रहे हैं। वैसे तालाबों को चिन्हित करते हुए उनका जीर्णोद्धार करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा जिला मत्स्य पदाधिकारी को भी मत्स्य समुदाय के लोगों द्वारा संचालित तालाबों को चिन्हित करते हुए उसकी सूची उपलब्ध कराने की बात कही।

उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी को भी तालाबों का चयन करने एवं तालाब जीणोर्धार हेतु प्राप्त आवेदनों का पुनः निरीक्षण करते हुए अगली बैठक में सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। परकुलेशन टैंक हेतु उपायुक्त ने कहा कि वैसे किसान जो खेती के नए तकनीक पर कार्य करते हैं एवं उन्हें सरकार की सहायता की आवश्यकता है वैसे किसानों के खेत को चिन्हित करते हुए वहां परकुलेशन टैंक बनाना है। इसके अलावा उपायुक्त ने अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, एसडीओ सदर, सहायक समाहर्ता , जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### अंधविश्वास और नशा से दूर रहे आदिवासी समाज : शनियारो



**सिसई।** प्रिखंड के बडा सैंदा गांव में पड्हा की बैठक अध्यक्ष शनियारो उरांव की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के लोग अंधविश्वास ,नशापान से दूर रहे और अपने बच्चो को शिक्षित जरूर बनाये। नशापान, अंधविश्वास और अशिक्षा के कारण आदिवासी-समाज आज अपने हक,अधिकार से वंचित होते जा रहें हैं। सभी कोई अपने बच्चे बच्चियों को शिक्षित जरूर करें। मंगरा उरांव ने कहा कि हर गांव मे प्रत्येक रोज बैठक कर पूरे सिसई प्रखंड के सभी 52 पड्हाओ को एक मंच के नीचे लानना है । तभी हमारा समाज को मजबूत होगा और अधिकार को हासिल कर पायेंगे। कोषाध्यक्ष उमेश उरांव ने कहा कि जब तक हम पड्हा समुदाय के लोग जागरूक नही होंगे तब तक हम सब अपने हक अधिकार से इसी तरह वंचित होते जाऐंगे।

### बच्चों के बीच किया गया स्वेटर का वितरण

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के सिलम आंगन बाड़ी केंद्र 1 से 5 वर्ष के 14 बच्चों के बीच गरम स्वेटर का वितरण शनिवार को किया गया। सिलम पंचायत के उप मुखिया देवमुनी देवी, आंगनबाड़ी सेविका अनिमा देवी एवम भाजपा अजामो जिला अध्यक्ष खुशमन नायक ने संयुक्त रूप से सभी बच्चों को स्वेटर प्रदान किया।इस संबंध में भाजपा नेता खुशमन नायक ने कहा अत्यधिक ठंड को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले सभी बच्चों को गरम स्वेटर प्रदान किया जा रहा है। ताकि छोटे बच्चों को ठंड से बचाया जा सके।खुशमन नायक ने 0 से 5 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों से निवेदन किया है कि वे लोग अपने अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद में भेंजे और यहां मिलने वाले सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इस मौके पर सहायिका ललिता देवी,सोमरा सिंह, पिंकी देवी,बनारसी देवी, कामेश्वर सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## युवाओं के सहयोग से ही बदलेगी गांव की तस्वीर : भूषण भगत

**मिशन बदलाव का वनभोज**



**गुमला।** मिशन बदलाव कामडारा के द्वारा शनिवार को कुरकुरा कोयल नदी तट पर वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिशन बदलाव के प्रखंड अध्यक्ष मारवाड़ी विरहोर एवं सयोंजक रामबालक बड़ाईक ने की। प्रखंड सचिव जॉन टोपनो ने बताया कि हम सभी युवाओं के द्वारा गांव गांव में युवाओं को जोड़ने का कार्य किया जा जा रहा है। आज के कार्यक्रमों में मिशन बदलाव कमाडारा के सैकड़ों लोग शामिल हुए एवं महिलाओं ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यकर्ता के लिये विभिन्न प्रकार के युवा कार्यकम आयोजित किया गया।जिसमे युवाओं को जोड़ने पर बल दिया गया।जिसमे गांव के सभी युवा गांव के विकास में अपना महत्वपूर्ण भूमिका कैसे निभा सकता है।इस विषय पर चर्चा कर रणिनित भी बनाया गया।वन भोज में मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य भुषण भगत ने कहा कि युवाओं के योगदान से ही गांव की रूपरेखा बदल सकती है। मिशन बदलाव के सलाहकार कमेटी सदस्य पंकज गोस्वामी, प्रदीप गुप्ता ने कहा कि युवाओं के द्वारा ही क्रांति सम्भव है। मिशन बदलाव खुंटी के अशोक तिगा,जयमंगल गुड़िया, ने गांव गांव अभियान चलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मिशन बदलाव के प्रदीप गुप्ता, जयमंगल गुड़िया, अवद कुमार,प्रदीप कुमार, अशोक तिगा,आशीष कुमार सिंह, लखन गोप जेम्श होरो, सिकनदर सिंह,बिरेन्द्र सुरीन,अनूप टोपनो,प्रतिभा उराव, किरण मिंज,एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पिछड़ी जाति को जल्द मिले आरक्षण : नीलेश



**चैनपुर ।** राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के जिलाध्यक्ष दिलीप नीलेश ने चैनपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य में पिछड़ों को जल्द से जल्द आरक्षण दिए जाने की मांग की है। उन्होंने ने कहा कि गुमला जिला सहित 11 जिलों में पिछड़ी जाति का आरक्षण समाप्त कर जीरो कर दिया गया है। राष्ट्रीय साहू महा संगठन चाहती है कि पिछड़ी जाति का 27 प्रतिशत आरक्षण जो मंडल कमीशन के द्वारा लागू किया गया उसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि हमारी जाति की जनसंख्या के आधार पर तेली जाति को राजनीतिक भागीदारी मिलनी चाहिए। उसी अंतर्गत बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद को मंत्रिमंडल में शामिल करें। उन्होंने कहा कि समाज को दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों से दूर करने का प्रयास किया जा रहा है एवं बालिकाओं को अधिक से अधिक शिक्षित करने पर जोर दिया जा रहा है।उन्होंने साहू समाज के सभी लोगों को एक बैनर के तले आने का आह्वान किया। कंधे से कंधा मिलाकर राजनीति भागीदारी प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर सके। जितनी सरकार आई सभी सरकार ओबीसी को ठगने का काम किया है।

# डोमचांच में लगे 12 सीसीटीवी कैमरे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इंस्पेक्टर श्रीराम पासवान ने किया कंट्रोल रूम का उद्घाटन**



**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने को लेकर एसपी कुमार गौरव की पहल व निर्देश पर डोमचांच पुलिस प्रशासन ने अपनी तीसरी आंख को मजबूत किया है। पुलिस ने कुछ व्यवसायी वर्ग के सहयोग से नगर क्षेत्र में 12 सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं और इसका कंट्रोल रूम डोमचांच टैक्सी स्टैंड में बनाया है।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा एसपी कुमार गौरव थे। वहीं कंट्रोल रूम का उद्घाटन पुलिस अंचल निरीक्षक श्रीराम पासवान ने फीता काटकर किया। इस संबंध में एसपी कुमार गौरव ने कहा कि आपराधिक तत्वों पर निगरानी रखने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के विभिन्न भीड़-भाड़ वाले इलाके में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। इससे आम जनमानस विशेषकर व्यवसायी वर्ग के लोग निर्भीक होकर अपना व्यवसाय कर सकेंगे। बाइक चोरी की घटनाओं पर भी लगाम लगेगी और बदमाशों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इन कैमरे के लगने से पुलिस को काफी सहायता मिली है। वहीं एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर ने कहा कि क्षेत्र में कैमरे लगाने का उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा की भावना बढ़ाना और अपराध के मामलों की जांच में मदद करना है। केंद्र के माध्यम से पुलिस अब चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी रखने में सक्षम है।

उल्लेखनीय हो कि डोमचांच में इन दिनों चोरी की घटनाएं, छिनतई, के साथ कई प्रकार की आपराधिक घटनाएं बढ़ गई थी। इन घटनाओं पर घटना को अंजाम देने वाले पुलिस की गिरफ्त से अभी भी बाहर हैं। ऐसी घटना की पुनरावृति न हो जिसके लिए प्रशासन ने अपनी तीसरी का आंख का प्रयोग किया है। वहीं प्रमुख सत्यनारायण यादव ने पुलिस प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि डोमचांच में आये दिन किसी न किसी प्रकार की अपराध की खबरें आती रहती थीं, खाशकर बाइक चोरी, छिनतई जैसी घटनाएं सुनने को मिलती थीं। कैमरे के लग जाने के बाद अब इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगेगी। उन्होंने महेशपुर चैक और बगड़ो चैक पर भी कैमरे लगवाने की अपील एसपी से की। साथ ही कहा कि इसमें यदि हम जनप्रतिनिधियों की भी जरूरत होगी तो हमसब तैयार रहेंगे। मौके पर पुलिस अंचल निरीक्षक श्रीराम पासवान, थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान, सुजीत मेहता, डॉ. बिनोद कुमार, अमरदीप कुमार, प्रदीप सिंह, मिथिलेश यादव साहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### कांग्रेसियों ने बांटे कंबल



**सिसई।** बढ़ते ठंड को देखते हुए पुसो मंडल कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र लोहरा, सचिव अहमद पवरिया ,प्रखंड महासचिव जुबैर अंसारी और वार्ड सदस्य नामिक कुमारी ने बोंडो पंचायत के अरको महुआटोली गांव मे वृद्धों के बीच 15 कम्बल का वितरण किया ।इस मौक पर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र लोहरा ने कहा कि गरीब व असाय लोगो का मदद करना कांग्रेस पार्टी का मूल सिद्धांत एवं कर्तव्य है। कांग्रेस पार्टी के एक एक कार्यकर्ता गरीबो के मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते है। यही कारण है कि आज पूरे देश के लोग राहुल गांधी जी के नेतृत्व मे उनके साथ कदम से कदम मिलाते हुए जनसैलाब की तरह लोग चल पडे हैं। इस अवसर पर कई लोग उपस्थित थे।

### बाईपास का निर्माण ग्रामीणों ने कराया बंद

सिसई। गुमला पलमा (एनएच 43) के निर्माण में उचित मुआवजा नहीं मिलने पर एक बार फिर से लाकया डीबरा टोली के रैयतों ने बाईपास सडक निर्माण कार्य को अनिश्चित कालीन बंद कर दिया है ।डीबरा टोली के रैयतो का कहना है कि जब तक हम रैयतो को वर्तमान बजार मूल्य अनुसार मुआवजा नही मिल जाता है। तब तक अपने जमीन में सडक निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाऐगा। चूंकि मुआवजा बढोतरी मांग को लेकर उपायुक्त से मिलने के बावजूद भी इस ओर कोई पहल नही किया गया ।इसलिए हमलोग डीबरा टोली के रैयत सडक निर्माण के लिए अपना जमीन नही देंगे। हमलोग का जमीन को ऑने पौने दाम देकर सरकार हथियाना चाहती है। ऐसा किसी कीमत पर होने नहीं दिया जाएगा। रैयतो के द्वारा बाईपास सडक निर्माण कार्य बंद कराने से सड़क निर्माण का नंगी कंपनी परेशान है।

### आठ घरों में महुआ शराब को किया नष्ट



**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के केडेंग गांव में अवैध महुआ शराब को लेकर थाना के द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लगभग सात आठ घरों से अवैध जावा महुआ को जब्त करते हुए उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वहीं चैनपुर मुख्यालय के जारी रोड के पास एक घर से भी जावा महुआ को नष्ट किया गया एवं शराब बनाने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा गया कि दुबारा शराब बनाते या बेचते पकड़े गए तो सख्त कानूनी कारवाई की जाएगी। बताते चलें कि अवैध शराब की बिक्री जोर शोर से चल रही है। जिसके कारण आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। शराब के कारण लड़ाई झगड़ा देखने को मिलता है। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि जिले के अधिकारियों के दिशा निर्देश पर अवैध शराब की छापेमारी की जा रही है। जगह जगह महुआ शराब की बिक्री हो रही है। जिससे युवा वर्ग नशे का शिकार हो रहे है और आज के दिन सड़क दुर्घटना भी शराब के कारण हो रही है। अभी लगातार छापामारी अभियान चलता रहेगा। छापामारी में एएस आई मदन शर्मा व जवान मौजूद थे।

### फांसी लगाकर ग्रामीण ने की आत्महत्या



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के चुंदरी पंचायत के बुरजु गुडरु टोली निवासी रामकेवल भगत 52 वर्षीय ने शनिवार को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना परिजनों द्वारा घाघरा पुलिस को दी गई। जिसके बाद परिजन ने शव को टेंपो में लेकर घाघरा थाना पहुंचे। जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु शव को गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाबत मृतक की पत्नी बुटैंन देवी ने बताया कि हर बार उसका पति किसी बात को लेकर नशे की हालत में घर के परिवार के लोगों के साथ मारपीट करता था। शुक्रवार की देर रात 12:00 बजे भी मारपीट कर सभी परिवार के लोगों को भगा दिया। दरवाजा खुलवाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला ।हम सभी दूसरे के घरों में सो गये। सुबह में ग्रामीणों के सहयोग से दरवाजा पुन: खुलवाया गया। फिर भी दरवाजा नही खुला। जिसके बाद घर के दरवाजा को ग्रामीणों के सहयोग से तोड़कर घर के अंदर घुसा । तो घर के छप्पर के काठ में रस्सी के सहारे रामकेवल भगत फांसी के सहारे झूल रहा है ।इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

### भीखराम भगत की जयंती 10 जनवरी को



गुमला। मुली पड़हा गुमला की बैठक जिला दीवान राजू उरांव की अध्यक्षता में शनिवार को पंचायत में हुई। बैठक में 10 जनवरी को बाबा भीखराम भगत की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। जयंती को सफल बनाने के लिए गांव-गांव में प्रचार-प्रसार करने विशेषकर आर्मी पंचायत में प्रचार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में घूडा उरांव, सुरेंद्र उरांव, मंगरा उरांव, वीरेंद्र उरांव, सरिता उराव, शकुंतला उरांव, रामचंद्र उरांव, गौरीशंकर उरांव, चंद्ररु उरांव, खुदी भगत दुखी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### घाघरा में संघ का प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**घाघरा।** मकरा सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा स्वयंसेवकों का चल रहे सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर शनिवार को संपन्न हो गया। इस आशय की जानकारी कॉलेज प्रमुख विपुल तमेडा अधिकारी सह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह सचिन किसलय ने दी।साथ ही बताया कि शिविर में 202 स्वयंसेवकों को सुबह पांच बजे से रात के नौ बजे तक तरह-तरह के प्रशिक्षण प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्वयंसेवकों में राष्ट्रीयता का भाव जगाना है। जीवन का व्रत एक ही हो भारत का नाम उत्थान रात दिवस धनु एक ही जग में हो भारत का मान जय जय मेरा देश महान भरने का काम किया जा रहा है। सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख ने प्रशिक्षण सह अभ्यास वर्ग में पहुंचे और संचालित प्रशिक्षण शिविर के स्वयंसेवकों से मिले। उन दोनों ने स्वयंसेवकों से राष्ट्र निर्माण के लिए आहूति देने को प्रेरित किया। अपने धर्म और संस्कृति को संरक्षित करते राष्ट्र भावना को बढ़ाने की जरूरत है। सात दिवसीय प्राथमिक शिविर में लोहरदगा जिला के जिला संघचालक एवं सह संघचालक दोनों उपस्थित रहे। इस कार्य में आरएसएस स्वयंसेवकों ने हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। उन दोनों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। शिविर में मुख्य रूप से राजकुमार, मनीष जायसवाल, शिक्षक सुदर्शन महतो ,देवेंद्र जी, करण, विक्रांत, अमन गुप्ता ,संतोष ,हरी, नीरज, सचिन, अजय , दीपक , सूरज सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सिसई : कुएं में डूबने से बच्चे की मौत

**सिसई।** थाना क्षेत्र के मथनी जलका गांव निवासी दया उरांव के 9 वर्षीय पुत्री अंशु कुमारी की कुएं में डूबने से शनिवार को मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अंशु कुमारी घर से कुछ दूर कुआं में पानी भरने गई थी। पानी भरने के क्रम में पैर फिसलने से वह डूब गई। जिसके बाद परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन किया गया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया। कुआं में झागर डाला गया तो झगर में फांसा कर निकाला गया। मृतक के पिता दया उरांव ने थाना में यूडी कैंस दर्ज कराया है।

## स्पीड न्यूज

### पिकअप व बस में टक्कर, दो की मौत



**गढ़वा।** गढ़वा-शाहपुर रोड में शनिवार को करीब 11 बजे के पिकअप और बस की आमने-सामने की टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार डाल्टेनगंज से पिकअप वाहन कुछ सामान अनलोड कर गढ़वा की ओर आ रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही सवारी बस की भीखही मोड़ के समीप पिकअप से टक्कर हो गई। जिससे गढ़वा के उंचरी निवासी जाहिद खान की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि पिपराकला निवासी साजिद उर्फ चिंटू खान की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गई। । दोनों मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भ्रेजा।

### सड़क हादसे में सिपाही की मौत



**मझिआंव।** खजूरी गांव स्थित मुख्य पथ पर नगर पंचायत द्वारा लगाये गये स्वागत बोर्ड के समीप दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। महाराणा यात्री बस के नीचे आने से एक मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। मृतक पलामू जिले के उंटारी रोड थाना के चेचरिया ग्राम निवासी स्व. सरजू राम का पुत्र अषोक राम है। जबकि घायलों में पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के मुंसीखाप ग्राम निवासी बिगन शर्मा के कमलेश शर्मा एवं मझिआंव थाना क्षेत्र के टड़हे गांव निवासी रामप्यारे शर्मा के 25 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार शर्मा का नाम शामिल है। बताया जा रहा है कि अशोक राम नगर उंटारी न्यायालय में सिपाही के पद पर कार्यरत है। दोनों घायलों को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया। वहीं मृतक को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।

### भारत माता पूजन कार्यक्रम



फोटो 5-पुष्पार्चन करते मंडल के सदस्य व अन्य

गढ़वा। शहर के सोनपुरवा स्थित श्री रामलला मंदिर के प्रशाल में भारतीय शिक्षण मंडल गढ़वा के तत्वावधान में भारत माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर की गई। पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी रास बिहारी तिवारी ने नेताजी के बताए मार्गों पर चलकर कर युवाओं को भारत को विश्व गुरू बनाने में अपना योगदान देने का प्रयास करना चाहिए। मौके पर भारतीय शिक्षण मंडल गढ़वा के संयोजक रवीन्द्र कुमार ओझा, मार्कण्डेय तिवारी, वंशीधर प्रसाद, अंजलि शाश्वत, कुमार गौरव गर्ग, शिव कुमार राम, पीके मिश्र, अखिलेश कुमार पाण्डेय, सुधांशु कुमार पाण्डेय, संजय कुमार सिंह, पंकज कुमार पाण्डेय, विजय कुमार शर्मा, शारदा कुमारी, माधुरी कुमारी आदि लोग उपस्थित थे।

### बिजली चोरी में सात पर प्राथमिकी

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य बाजार एवं लोहरपुरवा में वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार कनीय विद्युत अभियंता कमल कुमार ने छापामारी अभियान चलाया। इस छापामारी अभियान में विद्युत चोरी के आरोप में कनीय अभियंता ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें लोहार पुरवा निवासी राजकुमार पासवान, नागेश्वर विश्वकर्मा, रूपा देवी, संतोष विश्वकर्मा, गुप्तेश्वर विश्वकर्मा, ग्राम रैसूआ निवासी कमलेश राम एवं अमिरुद्दीन शेख, सरोजा मियां का नाम शामिल है। इस संबंध में कमल कुमार ने कहा कि वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार निरंतर छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

### भारत जोड़ो यात्रा को ले पैदल मार्च



रमना। प्रखंड कांग्रेस रमना के तत्वावधान में भारत जोड़ो यात्रा के अंतर्गत रमना प्रखंड मुख्यालय के जमा दो विद्यालय के प्रांगण से बाजार होते हुए भगत सिंह चैक तक पैदल यात्रा निकाली गई। शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नुक्कड़ सभा हुआ। पार्टी के प्रदेश सचिव अरविन्द तूफानी ने कहा कि आज देश में महंगाई एवं बेरोजगारी बहुत बढ़ गई है। केन्द्र सरकार महंगाई कम करने के बदले सरकारी संपतियों को निजीकरण करने में तुली हुई है। उन्होने कहा कि इसलिए भारत जोड़ो यात्रा के तहत सभी किसानों, मजदूरों, व्यवसायियों और देशवासियों को एक साथ जुड़ने की आवश्यकता है। मौके पर युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव रोहित पाण्डेय, जिला अध्यक्ष अब्दुलाह अंसारी, प्रखण्ड अध्यक्ष मंसूर अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोनू सिंह, नगर बीस सुत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, विशुनपुरा बीस सुत्री अध्यक्ष शालेन्द्र देव, रेयाज अंसारी, देवचंद यादव, किरण देवी, मीना देवी, खुशबून बीबी, असरफ अंसारी, जमालुदीन अंसारी, असर्फी राम, राजा राम, जितेन्द्र राम आदि लोग उपस्थित थे।

### नवोदय व एनटीसीए सेमीफाइनल में



**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 21वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में नौवें दिन खेले गए दो अलग-अलग क्वार्टर फाइनल मैचों में जवाहर नवोदय विद्यालय ने साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल को 60 रनों से हराकर दो वर्षों बाद सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं एनटीसीए की टीम ने रोमांचक मुकाबले में संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल रेहला को हराकर 19 वर्षों बाद दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले क्वार्टर फाइनल मैच में टॉस हारकर जवाहर नवोदय विद्यालय ने बल्लेबाजी करते हुए विशाल के 48 और रोशन पाल के 29 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर 107 रन बनाए। साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल की ओर से आकाश में शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक के साथ 4 विकेट लिया।

# सभी पंचायतों की मुख्य सड़कें होंगी पक्की

**गढ़वा में विकास की रफ्तार**

▸▸ पीएमजीएसवाई की 250 करोड़ रुपये की 57 योजनाएं स्वीकृत, 32 सड़क व 25 पुलों का होगा निर्माण : मिथिलेश ठाकुर



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से 250 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 57 योजना की स्वीकृति मिल गई है। इसमें 200 करोड़ रुपए की लागत से 32 सड़कों तथा 50 करोड़ रुपए की लागत से 25 पुलों का निर्माण किया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही इसकी निविदा की प्रक्रिया पूर्ण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यह जानकारी गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दी।

मंत्री ने बताया कि पीएमजीएसवाई में 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार की तथा 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार की व्यय की जाती है। मंत्री ने बताया कि पिछले वर्ष कुछ तकनीकी अवरोध के कारण चिनियां प्रखंड को छोड़कर गढ़वा जिले में पीएमजीएसवाई फेज तीन की सड़कों की स्वीकृति नहीं हो पाई थी। अब ग्रामीण कार्य विभाग एवं जेएसआरआरडीए के पदाधिकारियों के अथक प्रयासों के उपरांत सभी अड़चनों को दूर कर योजनाओं की स्वीकृति कराई गई है। उन्होंने कहा कि स्वीकृति में कुछ देर हुई पर अब ये दुरुस्त आया है। कई चिरप्रतीक्षित एवं अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाओं को हमने इसमें शामिल किया है। पीएमजीएसवाई में चयनित हो जाने के कारण कई सड़कों व पुलों का निर्माण लंबित था। जिसे राज्य सरकार अपनी संपोषित योजनाओं के तहत भी नहीं ले पा रही थी। पर अब सभी बाधाएं दूर हो गई हैं।

शीघ्र ही इनका निर्माण कार्य आरंभ कर लोगों को लाभ पहुंचाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि इस फेज में जिले में 257 किमी सड़क बनायी जाएगी। साथ ही 25 पुलों का भी निर्माण होगा। इनमें गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में करीब एक सौ किलोमीटर से अधिक सड़क तथा 18 पुल का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पथों के निर्माण की प्रगति यदि यूं ही बनी रहे तो अगले दो वर्षों में जिले के सभी पंचायतों की प्रमुख सड़कें पक्की होंगी। योजनाबद्ध तरीके से एक लक्ष्य निर्धारित कर इसके लिए कार्य किया जा रहा है। बहुत जल्द इसका सुखद परिणाम देखने को मिलेगा। मंत्री ने कहा कि पहले भी केंद्र, राज्य की वही योजनाएं थी, जो आज हैं। पर उन्हें क्षेत्र में लाने और उनके त्वरित क्रियान्वयन के लिए आधे- अधूरे प्रयास किए गए। आज स्थिति भिन्न है। हमें अपना हिस्सा लेना है। सभी प्रकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना है। अपने जिले व प्रमंडल की दशकों से उपेक्षित जनता को उनका हक अधिकार दिलाना है। हम उस दिशा तीव्र गति से आगे बढ़ रहे हैं। आने वाले समय में निश्चित रूप से लक्ष्य हासिल होगा। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि कार्य चाहे केंद्र से हो या राज्य से इसे धरातल पर उतारने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति एवं सतत प्रयास की जरूरत है। सिर्फ बातें बनाने से कार्य पूर्ण नहीं होती है। इसके लिए अथक प्रयास करना पड़ता है।मंत्री ने कहा कि उन्होंने गढ़वा सहित पलामू प्रमंडल के पिछड़ेपन को दूर करने का संकल्प लिया है, और इसे मूर्त रूप देने के लिए ब्लू प्रिंट तैयार कर इमानदारी पूर्वक प्रयासरत हैं। इन प्रयासों के सफलता मिल रही है।

**चिनियां में सात पुल व मेराल में पांच सड़कों की मंजूरी :** पीएमजीएसवाई से स्वीकृत योजना में जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए 32 सड़कों एवं 25 पुलों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनिया प्रखंड में सर्वाधिक सात पुल तथा मेराल प्रखंड में सर्वाधिक पांच सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। इनमें चिनिया प्रखंड में बहेरा दह नदी पर 344.29 लाख रुपए, विलैती खैर मोड़ से रनपूरा, चिरका रोड के कुंभीखांड रोड में दो पुल 288.68 लाख व 239.61 लाख, थामवा नाला पर 302.27 लाख, अखिनियां नाला पर 277.49 लाख, बिलैति खैर मोड़ से रानपुरा, चिरका कुंभीखांड रोड में 226.43 व 195.07 लाख रुपए, मेराल प्रखंड में प्रखंड में चार, रमकंडा में चार, रंका में तीन, भंडरिया, डंडई व धुरकी में एक-एक, कांडी तथा नगर उंटारी प्रखंड में दो-दो पुलों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। जबकि पीएमजीएसवाई सड़क की मेराल प्रखंड में पांच, गढ़वा सदर प्रखंड में एक, रंका में चार, रमकंडा में दो, भंडरिया में दो, भवनाथपुर में दो, डंडई में दो, धुरकी में दो, कांडी में तीन, खरौंधी में दो, मझियांव में दो, नगर उंटारी में दो तथा रमना प्रखंड में तीन सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# चतरा में हुंडई कार से एक लाख रुपये की शराब जब्त

**बिहार में नये साल में शराब को खपाने की तैयारी : थाना प्रभारी**

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** नए साल के जश्न मनाने वाले शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक चार पहिया वाहन के साथ बड़ी मात्रा में अवैध शराब का खेप वशिष्ठ नगर जोरी थाना प्रभारी गुलाम सरवर के नेतृत्व में जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में एसआई ओम शरण,एएसआई अखिलेश कुमार एवं थाना के सशत्र बल शामिल थे। इस बाबत थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि चतरा एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई । यह शराब का खेप ड्राई स्टेट बिहार में शराब तस्कर खपाने के फिराक में थे । इस गैर कानूनी शराब का बड़ा खेप पुलिस जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। चतरा से बिहार की ओर एक चार पहिया वाहन से अवैध शराब की खेप लेकर शराब तस्कर जा रहे हैं। सूचना के आलोक में बशिष्ठनगर थाना पुलिस के द्वारा मोरैनवा टोल टैक्स के पास चेकिंग लगाया गया। चेकिंग एनएच-22 पर लगाया गया चेकिंग के दौरान हुंडई ग्रैंड आई10 गाड़ी नं0-जेएच 24सी 1235 गाड़ी पर 7 कार्टुन में 84 बोतल अंग्रेजी शराब प्रत्येक बोतल 750 एमएल का जिसका बाजार मूल्य करीब एक लाख बताई जा रही है। पुलिस को देखते ही गाड़ी के चालक एवं तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहे ।लेकिन तस्करों के विरुद्ध बशिष्ठनगर थाना काण्ड सं-100 /2022 दर्ज कर धारा- 414 / 272 / 273/34 भादवि एवं 47 (ए0) उत्पाद अधिनियम दर्ज कर लिया गया है और आगे की कर्रवाई के लिए पुलिस जुट गई है।

### चतरा जिप उपाध्यक्ष ने तमासिन जलप्रपात का किया निरीक्षण



**चतरा।** जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शनिवार को जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड स्थित प्रसिद्ध तमासीन जलप्रपात का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारियां ली एवं उन्होंने तमासिन जलप्रपात पर्यटन स्थल समिति के सदस्यों से नव वर्ष में आने वाले सैलानियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इसके लेकर उनके साथ विचार विमर्श किया। इस दौरान राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह,गणेश यादव, नरेश पासवान, हरदयाल यादव संतोष यादव,बासुदेव यादव, मुकेश यादव, विवेक सिंह, प्रकाश यादव, कमांडो रजक समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बिहार के पूर्व सीएम कृष्ण बल्लभ सहाय की 124वीं जयंती मनी

**कोडरमा।** एकीकृत बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कृष्ण बल्लभ सहाय की 124वीं जयंती पर झुमरीतिलैया स्थित ईश्वरनाथ बैंक्विट हॉल में केबी सहाय फाउंडेशन द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू, केबी सहाय फाउंडेशन की कोडरमा प्रभारी महिला नेत्री प्रीति सहाय, झामुमो जिलाध्यक्ष, जिप सदस्य लक्ष्मण यादव, कायस्थ महासभा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार अभय, पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा, वरिष्ठ नेता संतोष सहाय, सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार, केडीसीए सचिव दिनेश सिंह सहित उपस्थित सम्मानित जनों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। स्वर्गीय सहाय के पौत्र मनोज सहाय ने बताया कि 1919 में प्रथम श्रेणी से आईसीएस परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद सरकारी सेवा छोड़ केबी सहाय ने गांधी जी से प्रभावित होकर आजादी के आंदोलन में जुड़कर वर्षों जेल में बिताया जबकि आजादी के बाद बिहार के राजस्व मंत्री एवं मुख्यमंत्री के रूप में राज्य के सर्वांगीण विकास के इनके कार्यों पर इन्हें बिहार के लौह पुरुष की उपाधि प्रदान की गई। वहीं कार्यक्रम को 15 सूत्री अध्यक्ष फैयाज कैसर, दशरथ पासवान शिक्षक राज किशोर दास ने भी संबोधित किया। जयंती में मुख्य रूप से शिक्षाविद रामप्रवेश पांडे, सुदीप सहाय, संजय कुमार सेठ, राजू सिंह, संजय कुमार शर्मा, अरविंद सेठ, विजय प्रसाद सिंह, बबलू तिवारी, विपिन कुमार सिन्हा, भारत भूषण लाल, गोवर्धन यादव, मनोज चैरसिया, संजीव मिश्रा, मिश्वाउद्दीन, अनंत कुमार मेहता, केदार राणा, सुषमा पांडेय, पंकज बर्नवाल, इरफान आलम, बलवंत सिंह, आशीष सिंह, पंकज सिंह ने महान विभूति को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# खेल के साथ देश सेवा के लिए दायित्व निभाएं खिलाड़ी : बिरजू

**क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन में शामिल हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष तिवारी**

खबर मन्त्र संवाददाता



चतरा। सदर प्रखंड अंतर्गत जांगी पंचायत में पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए टूनामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार को जांगी पंचायत के मैदान में वार्ड नंबर 1 व वार्ड 3 के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस मुकाबले में वार्ड 3 की टीम ने वार्ड नंबर 1 को 4 विकेट से हराकर जीत हासिल की। मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने कहा कि जिस तरह खेल के प्रति आप ईमानदारी निभाते हैं, उसी तरह देश की सेवा के लिए अपना दायित्व निभाएं। देश के लिए जीना है तो खेलना भी जरूरी है। खेल के माध्यम से देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेल मे हार जीत लगा रहता है। इसलिए हार से निराश एवं जीत से अति उत्साहित भी नही होना चाहिए। मौके पर मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येन्द्र यादव ,तरहसी भाजपा मंडल संयोजक अनिल सिंह, राकेश कुमार मेहता, चन्दन सिंह,जांगी पंचायत के मुखिया बलदेव साव ,पंचायत समिति सदस्य श्री विरेन्द्र रविदास ,पूर्व पंचायत समिति सदस्य वासुदेव यादव, शंकर यादव जी, सुरेंद्र यादव मनोज राम, गौतम सिंह , समेत सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# अन्नपूर्णा देवी ने सुनी जनता की समस्याएं

**रमेश प्रसाद यादव बीएड कॉलेज में भाजपा के संवाद में शामिल हुईं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री**

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। भाजपा जिला के पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ताओ कि एक बैठक केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ संवाद कार्यक्रम रमेश प्रसाद यादव वी.एड. कॉलेज में संपन्न हुई। बैठक कि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नितेश चन्द्रवंशी तथा संचालन जिला महामंत्री अनुप जोशी ने किया। संवाद कार्यक्रम में जिले के पदाधिकारी सभी मंडल अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी से अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी। वहीं पत्थर उद्योग, माईका उद्योग, करमा मेडिकल कॉलेज सभी प्रखंडों में अंचल अधिकारी एवं सभी अधिकारी भाजपा कार्यकताओं की बात को अनदेखा करते हैं, इस विषय को सांसद के पास रखी। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहीं किकरमा मेडिकल कॉलेज, माईका, पत्थर उद्योग एवं स्थानीय समस्या की जो बात रखी गई है, उसके लिए उच्च अधिकारियों से जल्द ही बात कर समस्या का निदान किया जाएगा। अभी वर्तमान में झारखंड की हेमंत सरकार भ्रष्टाचार एवं लूट खसोट में लगी हुई है। इस निकम्मी सरकार को जल्दी भाजपा कार्यकर्ता उखाड़ फेकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जो केंद्र में योजना चल रही है, उसे आप लोग जन जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

उन्होंने कहा कि 15 जनवरी को दही चुड़ा कार्यक्रम में भी सभी कार्यकर्ताओं को आना है। जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि जिले में कार्यकर्ताओं के द्वारा ही किए गए कार्य संगठन में दिखाई देता है। भाजपा कार्यकर्ताओं को सभी तरह के दायित्वों का निर्वहन करना है, संगठन जो कहता है उन्हें करना चाहिए। अपने-अपने मंडल को, पंचायतों को एवं बूथ को मजबूत करना आपकी जवाबदेही है। वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता संगठन की रीड है, कार्यकर्ता के बदौलत ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी हो गई है। वहीं कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबा के निधन पर 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में रमेश सिंह, रवि मोदी, वीरेंद्र सिंह, सुरेश यादव, राजकुमार यादव, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, जूही दासगुप्ता, शिवलाल सिंह, शशि भूषण प्रसाद, सुधीर सिंह, बैजनाथ यादव, महेंद्र यादव, चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, आकाश वर्मा, नरेंद्र पाल, दिनेश सिंह, राजेश सिन्हा, विजय यादव, जयशंकर प्रसाद, द्वारिका राणा, शशि भूषण चैधरी, रामदेव मोदी, सुरेंद्र यादव, सूरज प्रताप मेहता, जनार्दन यादव, मनोज साव, चन्दन बर्णवाल, विजय राम आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित



गिद्धौर (चतरा)। प्रखंड मुख्यालय के कौलेश्वरी परिसर में शुक्रवार को मैट्रिक 2008 बैच के पूर्ववर्ती छात्र छात्राओं ने वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया।आयोजन का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा व रंजन कुमार कर रहे थे। समारोह में एक दूसरे सहपाठियों को हर संभव मदद करने का संकल्प लिया।जबकि नव वर्ष की अग्रिम बधाई एक दूसरे को दिया। कहां गया के प्रत्येक वर्ष वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजित किया जाएगा ।ताकि आपसी तालमेल के साथ-साथ एक दूसरे के सुख दुख में सभी मित्र भागीदारी निभा सके। कार्यक्रम में गिद्धौर पंचायत की उप मुखिया मंजू देवी ममता कुमारी, मनीता कुमारी भारती कुमारी ममता कुमारी बेला पंचायत के मुखिया ममता कुमारी, पूनम कुमारी, मनीता राणा साजिया परवीन विकास कुमार, सुशील तिवारी समेत कई छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### दो घरों से पांच लाख की संपति की चोरी



**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के डाड़ी गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने दो घरों का ताला तोड़कर नकदी सहित पांच लाख रु की संपति चोरी कर ली। चोरों ने बद्री ठाकुर के घर और दशरथ ठाकुर के घर चोरी की है। चोरों ने बद्री ठाकुर के घर से एक किलो चांदी के गहना, जेवरात और सोना के जेवरात के साथ साथ लोटा, थाली, थारा, गिलास और फूल का समान है। वही 85 हजार रुपया नकद शामिल है। वही दशरथ ठाकुर के घर से गहना और जेवरात ले गये। भुक्तभोगी श्री ठाकुर ने बताया कि मेरा दो घर है, जिसमे एक कच्चा और दूसरा पक्का मकान है. पक्का मकान परिवार के सभी सदस्य सोए हुए थे। सुबह जब उठे तो देखा कच्चा मकान का कुंडी में लगा ताला टूटा हुआ था। साथ ही घर के बक्सा में रखा चांदी सोना के गहने जेवरात और पैसे गायब थे। चोरों ने सभी समान लेकर भाग गये।

### मुखिया ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान



**चतरा।** जिले के मयूरहंड प्रखण्ड क्षेत्र के मंझगावा पंचायत मुखिया सह दिशा सदस्य मंजीत सिंह ने सड़क पर चलने वाले बिना हेलमेट,तीन लोड, कार में बिना सीट बेल्ट चलने वाले लोगों को गुलाब का फूल देकर नियम का पालन करने का आग्रह किया।साथ हीं करोना काल में बेहतर जनहित कार्य करने वाले पूर्व विधायक प्रतिनिधि एवम प्रमुख पति संजय सिंह ने लड्डू खिलाकर साल के अंतिम दिन आदत में सुधार करने और नए साल 2023 से बिना हेलमेट का सफर नही करने का आग्रह किया।अभियान में पंचायत के वार्ड सदस्य, पंचायत के युवा के आलावे कई पत्रकार भी शामिल हुए।

### एसडीएम ने सुनी जनता की समस्याएं



चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी ने पूर्व से निर्धारित जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। आमजनों ने एक-एक कर अनुमंडल पदाधिकारी से मिल अपनी-अपनी समस्याएं सुनाया। समस्याओं में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। अनुमंडल पदाधिकारी ने जनता दरबार के माध्यम से आए आमजनों का समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए जल्द उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा जताया। उन्होंने मौके पर आम जनों से प्राप्त आवेदनों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का निष्पादन करने की बात कही।

### दो ट्रक और 200 टन कोयला जब्त



**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर जिले में अवैध कोयला के खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध जिले के अलग अलग क्षेत्रों में लगातार छापेमारी अभियान चलाई जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को पिपरवार क्षेत्र में अवैध माइनिंग को लेकर टंडवा एसडीपीओ शंभू सिंह ने छापेमारी की। छापेमारी में 500 मीटर के क्षेत्रफल में चल रही अवैध माइनिंग में दो ट्रक कोयला जब्त किया। इसके अलावे 200 टन कोयला और जब्त किया गया है। अशोका प्रोजेक्ट के समीप लुकइया सरिया जंगल वन क्षेत्र में देर शाम तक चले इस अभियान में आवागमन को बाधित करने के उद्देश्य से ट्रेंच कटिंग किया गया। एसडीपी शंभू सिंह ने कहा कि अवैध खनन मामले में संलिप्त लोगों के खिलाफ दर्ज होगी प्राथमिकी। छापेमारी में कमांडेंट सीआईएसएफ, कार्यपालक दंडाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी टंडवा, अंचल अधिकारी टंडवा,अंचल अधिकारी सिमरिया मौजूद थे।

# नववर्ष पर नगर मंदिर में श्रद्धालु पूजा पाठ कर लातेहार की प्राकृतिक व जलप्रपातों के मनोरम दृश्य का लेंगे आनंद, करेंगे साल की शुरुआत

## नेतरहाट पर्यटन स्थल पूरे विश्व में प्रसिद्ध है, यहां से सनसेट एवं सनराइज के दृश्य को देखने के लिए प्रतिवर्ष हजारों लोग आते हैं


डातम पातम जलप्रपात।


मंगोलिया प्वाइंट नेतरहाट।


नगर मंदिर।


लोध फॉल।

राजेश प्रसाद

**लातेहार।** जिले के दर्शनीय एवं पर्यटक स्थल यहां की सभ्यता एवं संस्कृति के चित्रांकन है। नव वर्ष के आगमण को लेकर लातेहार जिलेवासी काफी रोमांचित और उमंग उत्साह के साथ नव वर्ष की शुरूवात रविवार को चंदवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर में पुजा पाठ व अर्चना कर अपने नये साल का शुरूआत करेंगे। उसके बाद जिले के दर्जनों जल प्रपात मनोरम दृश्य नदियां एवं पर्यटक स्थल सैलानियों के लिए अपनी ओर आकर्षित करने के लिए दिखेंगे। जहां पर लोग अपने नये साल का आगाज सैर सपाटे व नाच गान व अपने सगे संबंधी एवं दोस्तों के साथ मनायेंगे। चंदवा के थाना क्षेत्र के अमझरिया ग्राम प्रकृति की गोद में छिपा है। यहां एक वन विश्रामागार भी है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़ा है। 2150 फीट की ऊंचाई पर स्थित 1955 ई. में सरकार ने इसे कब्जे में लिया था। यह पर्यटकों को अपनी ओर खींचने के लिए काफी है। इसी थाना क्षेत्र में कांति झरना नामक एक जलप्रपात है जहां दूर-दूर से पर्यटक आते है। झारखंड राज्य के पलामू प्रमंडल में बड़ा-सा पठारी भूभाग, वनों से घिरा हुआ, छोटी-छोटी पहाड़ियां, नदियां, जलप्रपातों एवं झीलों से आच्छादित जिला लातेहार अपने अंदर ढेरों पर्यटक स्थलों को समेटे हुए है। सुकरी नदी के आगोश में छिपा हुआ सुषुप्तावस्था में लातेहार के ततहा गर्म जल कुंड अत्यंत ही मनोहारी एवं आकर्षण है। यह प्रकृतिस्थल विश्व के जनमानस में अपनी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। विकसित होने बाद राजगीर के गरम जलकुंड का पर्याय बनने की सारी संभावनाएं स्पष्टद्द झलकती है। इस गरम जल कुंड का कोई शानी नहीं है। जिसके जल की शक्ति तो सम्मोहित करनेवाली तथा पीड़ाहर एवं चर्मरोग निवारक के नाम से ततहा गरम कुंड दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। वहीं हेरहंज स्थित पातम डाटम जल प्रपात में भी हजारों लोग नव वर्ष में खुशियां मनाने जायेंगे।

**3000 फीट से अधिक ऊंचाई पर अवस्थित नेतरहाट लुभाती है सैलानियों को :** लातेहार के नेतरहाट पर्यटन स्थल पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यहां से सनसेट एवं सन राइज के दृश्य को देखने के लिए प्रतिवर्ष हजारों लोग आते हैं। प्रकृति का अप्रतिम सौंदर्य नेतरहाट तो वास्तव में नेचर हाट है जो 3000 फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित है। राज्य का ख्यातिप्राप्त शिक्षण संस्थान नेतरहाट आवासीय विद्यालय भी इसी क्षेत्र में है। जहां सबसे अधिक प्रतिभाशाली छात्रों का आवासीय सुविधा प्रदान कर शिक्षित किया जाता है। महुआडांड़ का बूढ़ाघाघ जल प्रपात व सुगा बांध पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस तरह लातेहार जिले में कई पर्यटक व दर्शनीय स्थल हैं जहां लाखों पर्यटकों की आवाजाही होती है। लातेहार जिले को देखकर ऐसा लगता है कि मानो सृष्टिद्द कर्ता ने इसकी प्रकृति का निर्माण फुर्सत के क्षणों में बैठकर बड़े मनोयोग से किया होगा। चारों ओर संतुलित मौसम, खूबसूरत मनोहारी, छोटी-छोटी पहाड़ियां, झील, नदियां, सडकों के किनारे हरे-हरे वृक्ष आदि मिलकर इसमें चार-चांद लगा देते हैं।

# सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है बेतला नेशनल पार्क की खूबसूरती

## पर्यटकों के घूमने के लिए है एक से बढ़कर एक पर्यटन स्थल

## यह प्रकृतिस्थल विश्व के जनमानस में अपनी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है

**लातेहार।** लोग नयी उम्मीद व उत्साह के साथ नव वर्ष की तैयारी जूट गये है। बेतला नेशनल पार्क जो पलामू टाइगर रिजर्व का एक क्षेत्र है। पक्षियों के कलरव से गुंजायमान रहता है। इस पार्क में रंग-बिरंगे कई प्रकार के पक्षियों को देखा जा सकता है। जिसे देखकर मन प्रसन्न चित्त हो जाता है। उनकी अलग अलग किस्म की आवाज दिल में रोमांच पैदा करती है। आंकड़ों पर गौर करें तो पलामू टाइगर रिजर्व में 174 प्रजातियां की पक्षियां पाई जाती है। बेतला नेशनल पार्क भ्रमण के दौरान निगाहें जंगली जानवरों पर होती है। कई पर्यटकों की पक्षियों पर ही निगाह रहती है। रंग-बिरंगे पक्षियों वृक्षों की डाल पर,सड़क के किनारे व जलाशयों के पास झुंड के झुंड दिखाई पड़ती है। कई पक्षी तो ऐसे भी दिख जाते हैं। जो आज लुप्त होने के कगार पर हैं। इसलिए बेतला नेशनल पार्क भ्रमण के दौरान सिर्फ जंगली जानवरों को ही देखने की इच्छा ना रखें बल्कि खूबसूरत पक्षियों को भी देखें जो अपनी मीठी मीठी आवाजों से सबका स्वागत करती है। बेतला में मुख्य रूप से जो पक्षी पाई जाती है। उसमें शिकारा, सामा, टिटही, डोबारा, चील, कठफोड़वा, तीतर, मोर, भीमराज, बुलबुल, ठठेरा, तोता, मैना आदि मुख्य हैं। भारत का राष्ट्रीय पक्षी मोर भी इस पार्क में पर्याप्त मात्रा में हैं। बरसात के महीने में इनकी गतिविधियां देखते से ही बनती है। अक्सर सावन माह में नाचते हुए मोर को देखा जा सकता है। बेतला व आसपास के प्रवासी पक्षियों का भी आना जाना लगा रहता है। जो अलग-अलग देशों से बेतला आते रहते हैं। पक्षियों से प्रेम करने वाले व शोधकर्ता बेतला आकर पक्षियों के बारे में अध्ययन भी करते रहते हैं।

**पक्षियों के कलरव से गुंजायमान रहता है बेतला नेशनल पार्क, पर्यटकों को अपनी मीठी-मीठी आवाजों से सबका स्वागत करती हैं पक्षियां**


बेतला पार्क।


कमलदह झील।

**बेतला के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारियां :** ततहा जलप्रपात, मिर्चाइया जलप्रपात, सुग्गाबांध जलप्रपात लोध जलप्रपात ये सभी पर्यटक स्थल को देखने के बाद पर्यटको का यहां से जाने का मन नहीं करता।

**बेतला नैशनल पार्क :** बेतला नेशनल पार्क के मुख्य द्वार से प्रवेश करते ही जानवरों का दिखना शुरू हो जाता है हिरण, बंदर, हनुमान तो गेट के पास ही दिखते हैं। पार्क के अंदर पांच रोड बने हैं प्रत्येक रोड में अलग-अलग जानवर दिखते हैं परंतु पूरे पार्ट को घूमने में करीब 2 घंटे से भी अधिक समय लगता है साथ में गाइड रखना अनिवार्य होता है जो विभिन्न जानवरों व पार्क के अंदर की खूबियां खूबसूरत नजारों को बताते रहते हैं।

**पलामू किला :** बेतला नेशनल पार्क से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर पलामू किला है। औरंगा नदी के किनारे पुराना किला व पास से ही एक पहाड़ी पर नया किला है। हालांकि किला का अधिकांश हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। फिर भी यहां पहुंचने पर सैलानियों को भरपूर आनंद मिलता है। पलामू किला के समीप कार्तिक मास के छठ पर्व के पारण के दिन से दो दिवसीय ऐतिहासिक वार्षिक मेले का आयोजन की जाती है। जिसमें झारखंड,बिहार,छत्तीसगढ़, समेत कई अन्य राज्यों से सैलानी यहां आते हैं। ऐसे तो देश व विदेशों से सालों भर पर्यटक आते रहते हैं। और यहां का खूबसूरत वादियां नदियों का कल-कल बहना एवं हरे-भरे घने वनों को देख मन प्रसन्न चित्त हो जाता है।

**कमलदह झील :** कमलदह झील पलामू किला से करीब 2 किलोमीटर दूर है। यह जलाशय है जहां वॉच टॉवर लगे हैं। यहां सैलानी घंटों बैठकर आनंद लेते हैं। यहां का शांत वातावरण व जानवरों की आवाज सुनने का सुनहरा मौका मिलता है। इस क्षेत्र में हाथियों का जमावड़ा भी बना रहता है।

### पीटीआर क्षेत्र में जलप्रपात

ततहा जलप्रपात, मिर्चाइया जलप्रपात, सुग्गाबांध जलप्रपात लोध जलप्रपात, यह सभी पीटीआर क्षेत्र अंतर्गत जलप्रपात है। यहां पर पर्यटक सालों भर आते रहते हैं। यहां पर मनोरम मनमोहक प्राकृतिक सौंदर्य दृश्य देखकर मन विभोर हो जाता है। लोगो को यहां से जाने का मन नहीं करता है। इन सभी को विकसित करने के लिए पर्यटन विभाग और सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही है ताकि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो एवं पर्यटन स्थलों की पहचान देश विदेशों में हो सके।

# सुभाष चंद्र फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैच में शामिल हुए विधायक बैद्यनाथ राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** प्रखंड के पोचरा पंचायत में हो रहे सुभाष चंद्र फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल मैच में लातेहार के विधायक वैद्यनाथ राम शामिल हुए। बताते चले कि फाइनल मैच अम्वाटिकर और करकट के बीच खेला गया। जिसमें अम्वाटिकर की टीम विजय हुई। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला परिषद् सदस्य विनोद उरांव, क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी अमलेश सिंह, समाजसेवी लाल जितेंद्र नाथ शाहदेव, युवा नेता अंकित पाण्डेय, रामदेव सिंह, अनूप कुमार, दीपक कुमार, विवेक चंद्रवंशी, अनुपम मिश्र, विकाश कुमार, कौशल पाण्डेय, राजू विश्वकर्मा, सोनू पाठक, मोनू सिंह, शैलेश ठाकुर, अविनाश विश्वकर्मा, दिलीप कुमार समेत सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।


संबोधित करते विधायक बैद्यनाथ राम।

# पोस्ते की खेती को किया गया नष्ट

**बारियातू।** एसपी की गुप्त सूचना व बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार सिंह द्वारा गठित टीम बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी व सीआरपीएफ एफ 11 सहायक कामांडेड विशांत कुमार के नेतृत्व में बालुभांग पंचायत के श्री समाद, बेलवर व जानही के जंगली क्षेत्रो में लगभग दस एकड़ से भी अधिक में अवैध रूप से की गई पोस्ते की खेती को विनष्टीकरण शनिवार को किया गया। बारियातू थाना प्रभारी मुकेश ने बताया कि बालुभांग पंचायत के श्री समाद, बेलवर व जानही सहित अन्य जंगली व नदी किनारे लगाए गए अवैध रूप से लगभग दस एकड़ की पोस्ते की खेती को ट्रैक्टरों से विनष्टीकरण किया गया है। साथ ही जहां पर ट्रेक्टर नही पहुंच पा रहा है वहां पर स्प्रे के माध्यम से पोस्ते की पौधों को विनष्टीकरण किया गया। पोस्ते की खेती का विनष्टीकरण अभियान लगातार चलता रहेगा।

# बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सरकार द्वारा पड़ रही कड़ाके की ठंड के मद्देनजर आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों के लिए उपलब्ध कराए गए स्वेटर के वितरण को लेकर प्रखण्ड के जमीरा अंतर्गत रक्सी गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-1 में शिविर आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा व मुखिया दुर्गावती देवी ने संयुक्त रूप से दर्जनों बच्चे-बच्चियों को स्वेटर का वितरण किया। इस दौरान जेएमएम जिला उपाध्यक्ष श्री मुंडा ने कहा कि राज्य कि हेमंत सोरेन सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के साथ गरीबों के उत्थान को लेकर तत्पर है। राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। मौके पर उप मुखिया ललिता देवी, राजेन्द्र प्रजापति, चंद्रकिशोर गिरी, मणिलाल यादव, सेविका संध्या बाला, अवध यादव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।


स्वेटर वितरण करते सितमोहन मुंडा।

# मेसर्स संतोष कंस्ट्रक्शन ने करायी नगर मोड़ से मंदिर तक सड़क की मरम्मत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** एनएच-22 रांची-चतरा मार्ग अंतर्गत चंदवा से गोनिया तक पथ निमार्ण कार्य में लगी कंपनी से पेटी संवेदक मेसर्स संतोष कन्स्ट्रक्शन के द्वारा चंदवा के प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर मंदिर को जोडने वाले नगर मोड से मंदिर परिसर तक जर्जर हुये सड़क की मरम्मती करायी गयी। इस दौरान सड़क जहां-जहां क्षतिग्रस्त हो गया था व गड़ढे बन गये थे, उन स्थानो पर स्टोन चिप्स व अलकतरा डलवाकर कर रोलिंग कराया गया। इधर मंदिर जाने वाले मार्ग के मरम्मत होने पर श्रद्धालुओं ने मेसर्स संतोष कन्स्ट्रक्शन को साधुवाद दिया है। मरम्मत कार्य में कंपनी के साइट इंजीनियर अशोक कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार, सलमान अंसारी, पंकज कुमार यादव समेत अन्य लोगो ने योगदान दिया।

# मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने 21 योजनाओं का किया शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा लातेहार प्रखंड में 21 योजनाओ का शिलान्यास किया गया। जिसमें विधायक मद सहित ढाई करोड़ के योजना शामिल है। इस मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि जो वादा उन्होंने लोगों से किया है उसे पुरा करेंगे और इस क्षेत्र का विकास के लिए लागातार कोशिश करते रहेगें। इस शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इस्तेखार अहमद, पंकज तिवारी ,प्रदेश महासचिव आफताब आलम, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, दरोगी यादव, सुनिल प्रसाद, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव, विधानसभा अध्यक्ष टिंकू बाबू मुखिया रामदयाल उरांव, अनिता देवी, पूर्व मुखिया जलेश्वर लोहरा, कामिल अंसारी, साजिद अंसारी, रब्बानी हुसैन वाजिद, मनोज पासवान, लुलू दूबे, मनोज दुबे, सतेन्द्र प्रसाद, धनंजय यादव, प्रभु यादव व फूलचंद यादव सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।


शिलान्यास करते विधायक रामचंद्र सिंह।

# जमीन विवाद में एक ही परिवार के 3 लोगों के साथ मारपीट, मामला पहुंचा थाना

## भुक्तभोगियों ने 16 लोगों पर लगाया मारपीट का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सेरक ग्राम पंचायत में जमीन विवाद में एक ही परिवार के आंखों से दिव्यांग व्यक्ति, वृद्ध मां व उसकी पत्नी के साथ जमकर मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। पिटाई से घायल वृद्धा सुकरी उराइंन (70) पति जगलाल उरांव, दिव्यांग पुत्र रमेश उरांव (39) व रमेश उरांव की पत्नी का प्राथमिक उपचार चंदवा सीएचसी में किया। मारपीट के मामले को लेकर पीड़ित दिव्यांग रमेश उरांव ने मामले को लेकर चंदवा थाना में आवेदन देकर 16 लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। जिन पर आरोप लगाया है उनमें नागदेव उरांव, मुनेशर उरांव, मणिलाल उरांव, जितेंद्र उरांव, सकेन्द्र उरांव, जितनी देवी, बंधु उरांव, संगीता उरांव, चांद मुनि उरांव, प्रमिला देवी, चंपा देवी, नामो उरांव, सविता उरांव, सावित्री देवी, सबिता उरांव व धर्मलाल उरांव का नाम शामिल है। आवेदन भुक्तभोगी ने कहा है कि मेरी मां सुकरी उराइंन के नाम से 2.81 एकड़ जमीन है। जिसका खाता 86 प्लॉट संख्या 969 है। उक्त जमीन पर गांव के ही कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगों की नजर है। उक्त लोगों के द्वारा गुरुवार को मेरी विरुद्ध मां पत्नी और मेरे साथ जमकर मारपीट की गई है। काफी देर तक मुझे और मेरी मां को रस्सी से बांधकर बंधक बनाकर रखा। शाम को मैं किस तरह से वहां से भागने में सफल रहा व थाना पहुंचकर मामले की जानकारी दी। इन्होंने आवेदन में आगे कहा है कि उक्त जमीन के मामले को लेकर गांव में भी कई बार बैठक हुई है, लेकिन आरोपी बैठक में नहीं आते है। वे लोग मेरी मां के जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी भी देते हैं। इन्होंने मामले में न्याय की गुहार प्रशासन से लगाई है। मामले को लेकर पूछे जाने पर अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है, गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है, जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी।



### दो अलग-अलग मामले में 2 गये जेल

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस ने विशेष छापामारी अभियान चलाकर दो अलग-अलग मामलों के दो अभियुक्त रौशन लोहरा पिता गोविंद लोहरा (महावीर नगर खलारी) व आशीष कुमार सिन्हा उर्फ आशीष लाल (मैकलुस्कीगंज) को गिरफ्तार कर लिया। अग्रतर कार्रवाई के बाद दोनो को मंडल कारा लातेहार भेज दिया।

# कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए मनायें नववर्ष का जश्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नव वर्ष को लेकर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त संदीप सिंह ने जिलावासियों को शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन्होंने जिलावासियों से नए साल में पर्यटन स्थल पर सुरक्षित व सतर्क रहने की अपील की है। उपायुक्त ने कहा कि कुछ जगह से कोविड-19 के मामले बढ़ने की सूचनाएं मिली है। इसलिए लोग सरकार की नई गाइडलाइन के अनुसार भीड़भाड़ वाले क्षेत्र, पर्यटन स्थल, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, बाजार इत्यादि में मास्क लगाएं व 2 गज की दूरी का पालन करें। उन्होंने बताया कि जिले के सभी पर्यटन स्थल व पिकनिक स्पॉटों में विधि व्यवस्था पूरी कर ली गयी है। साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जिले के और बाहर से जिले में आने वाले सभी सैलानियों से अपील है कि वे सभी शांति पूर्वक नव वर्ष की खुशियां मनाएं।



### शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं

उपायुक्त ने लोगों से शराब पीकर वाहन नहीं चलाने व यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। नशे की हालत में तेज और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण रास्ते में चलने वाले राहगीरों के लिए असुरक्षित हो जाता है। खासकर नए साल में इस तरह की घटनाएं ज्यादा देखी जाती है। इसे लेकर उपायुक्त ने लोगो से अपील की है कि सुरक्षित तरीके से नए साल का स्वागत करें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

### पर्यटन स्थलों पर हैं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

जिले के सभी फॉल, डैम, पार्क सहित सभी पिकनिक स्पॉट को लेकर प्रशासन भी सतर्क है। खासकर साल के पहले दिन, 1 जनवरी, को पिकनिक स्पॉट पर उमड़ने वाली भीड़ को लेकर धनबाद जिला प्रशासन ने पुख्ता तैयारी कर ली है।नए साल के उमंग में खलल न पड़े इसको लेकर भी जिला प्रशासन ने सभी पिकनिक स्पॉट के साथ प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस पदाधिकारी व अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है। सभी थानों को, खासकर जिनके इलाके में पर्यटन स्थल व पार्क आदि है, वहां विशेष गश्ती अभियान चलाने का निर्देश दिया है। वहीं बोटिंग करने वालों से लाईफ जैकेट पहनने का सख्ती से अनुपालन कराने का निर्देश दिया गया है।

## नववर्ष पर बोकारो प्रशासन हुआ चुस्त

**बोकारो।** नव वर्ष के स्वागतार्थ जिलेवासियों के उमंग कोई व्यवधान न होए घटना, दुर्घटना न घटे। इस बाबत जिला प्रशासन सचेत हैं।उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिले वासियों को नव वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दी और एहतियाती कदम उठाते हुए चिन्हित स्थानों पर दंडाधिकारियोंध्पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया है। एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत एवं बेरमो अनंत कुमार को जरूरी दिशा.निर्देश देते हुए उन्होंने जिलेवासियों से सभी सुरक्षा पहलुओं को ध्यान में रखते हुए नव वर्ष मनाने का अपील किया। चास अनुमंडल अंतर्गत हरला थाना क्षेत्र के कुलिंग पौंड.2एबालीडीह थाना क्षेत्र के गरगा डैम एवं बेरमो अनुमंडल अंतर्गत तेनुघाट डैम नंबर वनए दामोदर नदी पर प्रशासन द्वारा गोताखोरों की भी व्यवस्था की गई है।उन्होंने सभी प्रखंडों के बीडीओध्सीओए आपदा प्रबंधन पदाधिकारी कुमार शक्तिए सभी थानों के थाना प्रभारी आदि को भी अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है।

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत

**धनबाद।** झरिया के चासनाला 2 नंबर वस्ती में शनीवार को झरिया प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में झरिया प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अली के नेतृत्व में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह का अभिनंदन सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए संतोष कुमार सिंह ने कहा कि अब वक्त स्वागत और मिलन का नहीं, आदर्श नेता राहुल गांधी के संघर्ष से कुछ सीखने का है। देश की आजादी से लेकर इसके निर्माण में कांग्रेस पार्टी के योगदान को भुलाने की मानसिकता से ग्रसित भाजपा देश की सभी स्वतंत्र एजेंसियों को ध्वस्त कर रही है। एकाधिकार से देश को बचाने राहुल गांधी निकल पड़े हैं। कांग्रेस के एक एक सिपाही को अपना स्वार्थ त्याग कर आगे आना होगा।

### वार्ड 2 के पार्षद प्रतिनिधि ने किया कंबल वितरण

**कतरास।** भीषण ठंड को देखते हुए झारखंड राज्य सरकार के सौजन्य से धनबाद नगर निगम अंतर्गत छाताबाद सामुदायिक भवन वार्ड संख्या 2 में निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान के नेतृत्व में गरीबों बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर ,जितेंद्र यादव, राजेश यादव, पुदीन,मो नईम अंसारी, मुन्नी खातून, मो सगीर ,छोटू, इस्तकार, रुखसार, रिंकू, अनवर, जॉनी, आदि उपस्थित थे।

### एसी ने मुआवजा राशि भुगतान में तेजी लाने का दिया निर्देश

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में एसी सादात अनवर ने अंचलाधिकारियों के साथ बैठक कर एनएचआइ एवं विभिन्न बालू घाटों को लेकर चल रहे सर्वे की प्रगतिध्समस्या की समीक्षा की। मौके पर जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंहए राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना निदेशकए जिला भू अर्जन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।उन्होंने भारतमाला परियोजना के प्रथम फेज के तहत भूमि अधिग्रहण कार्य एवं प्रभावित रैयतों के बीच मुआवजा राशि भुगतान कार्य की जानकारी ली।जिला भू अर्जन कार्यालय को शिविर लगाकर मुआवजा राशि भुगतान कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित भूमि की समस्याओं पर चर्चा की और अंचलाधिकारियों को सकारात्मक पहल करने का निर्देश दिया।समीक्षा क्रम में जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि मेण्साथी प्लानर्स प्राण्लिण द्वारा जिलान्तर्गत बालू घाटों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस पर एसी द्वारा चिन्हित बालू घाटों का भूमि एवं वन भूमि से दूरी संबंधी प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

### ओबी डंप में बीसीसीएल कर्मी का मिला शव हत्या की आशंका

**झरिया।** धनसार थाना क्षेत्र के विश्वकर्मा परियोजना ओबी डंप 31 दिसंबर शनिवार को बीसीसीएल कर्मी वोल्वो ड्राइवर 48 वर्षीय घनश्याम भुइयां का शव बरामद किया गया है। उसकी मौत वोल्वो से दबकर हो हुई है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि घनश्याम भुइयां शनिवार की सुबह अपने घर से बाइक से विश्वकर्मा परियोजना डिप्टी पर पहुंचा था। सुबह 5:00 बजे हाजिरी बनाने के बाद वोल्वो गाड़ी लेकर डंप पहुंचा । जहां वोल्वो का अगला चक्का से दबकर उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ वहां इकट्ठा हो गई । घटना की सूचना धनसार पुलिस और सीआईएसएफ को दी गई, पुलिस और सीआईएसएफ मामले की जांच में जुटी है। इधर मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है । मृतक घनश्याम भुइयां के भाई गणेश भुइयां ने धनसार थाने में इसकी लिखित शिकायत देकर हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने पुलिस से कहा है कि घनश्याम भुइयां की किसी ने जानबूझकर वोल्वो गाड़ी चढ़ा कर उसकी हत्या कर दी है । प्रबंधन और पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की है ।

## लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय के सभागार में वर्तमान सरकार के तीन वर्ष पूरा होने के अवसर पर झारनेट के माध्यम से प्रोजेक्ट बिल्डिंग के नये सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से ऑनलाइन जिले के पदाधिकारी एवं कुछ लाभुक जुड़े। मौके पर डीसी कुलदीप चौधरीए डीडीसी कीर्ति श्री जीए एडीसी अनिल कुमारए एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावतए मंत्री प्रतिनिधि हीरालाल मांझीए डीटीओ संजीव कुमार आदि उपस्थित थे।सभी ने आनलाइन माध्यम से मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों का संबोधन सुना। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के कुल 1ए48ए616 लाभुकों के बीच डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत 38 करोड़ 34 लाख 69 हजार राशि हस्तांतरित किया गयाए परिसंपत्तिध्स्वीकृति पत्र वितरित किया गया और वर्ष 2023 का टेबल कैलेण्डर का विमोचन हुआ।मौके पर ओएसडी विवेक सुमनए पशुपालन पदाधिकारी डाण मनोज मणिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी अभिनीत सुरजए डीपीएम जेएसएलपीएस अनिता केरकेट्टाए एपीआरओ अविनाश कुमारए मनरेगा नोडल पदाधिकारी पंकज दूबेए परियोजना पदाधिकारी मणिकांत समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारीध्कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एडीपीआरओ राहुल भारती ने किया।

## आर्य व्यायामशाला के लिट्टी चोखा कार्यक्रम में जुटे समाज के प्रबुद्ध लोग

**कतरास।** आर्य व्यायामशाला एवं योग मंदिर के प्रांगण में नए साल के शुभ अवसर पर लिट्टी चोखा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टुंडी विधायक सह सचेतक मथुरा प्रसाद महतो, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो,डॉ वीएन चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कतरास थाना के सर्किल इंस्पेक्टर भिखारी राम, महिला थाना प्रभारी सोनिका वर्मा, अंगार पथरा ओपी प्रभारी कृष्ण कुमार, रामकनाली ओपी प्रभारी वीके चेतन मौजूद थे। व्यायामशाला के सदस्यों ने सभी अतिथियों का बुके देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में बुद्धिजीवी वर्ग, प्रशासनिक, पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुजी दुर्गा राम ने किया। वही संस्था के अध्यक्ष विजय कुमार झा ने व्यामशाला के इतिहास को बताते हुए कहा कि यह संस्था 1956 से निरंतर सेवा देते आ रही है यहाँ से पावर लिफ्टिंग के कई खिलाड़ी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में सेवा भी दे रहे हैं और प्रतियोगिता में मेडल ला रहे हैं। लेकिन इस संस्था को आर्थिक अनुदान नहीं मिलने से आगे के विकास में बाधा बन रही है। आर्थिक अनुदान स्थाई हो तो बालिकाओं के लिए भी एक सेंटर खोला जा सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मथुरा महतो ने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही व्यामशाला के खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल लाया था।

## मारपीट मामले में दो पर केस दर्ज, एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के फ्राईडे बाजार स्थित भगत सिंह पर बीते देर शाम बच्चों की आपसी विवाद ने इतना तुल पकड़ा की दोनो पक्ष से बड़े भी इसमे कुद गए और देखते ही देखते दोनों पक्षों मे जमकर मारपीट हुई जिसमें तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय थाना को उक्त घटना की सूचना मिलते ही थाने के एएसआई संदीप कुजुर दल बल के साथ वहां पहुचे और मामले को शांत करने मे जुट गए। इसी बीच कुछ लोगो ने एसआई श्री कुजूर के साथ हाथापाई करने लगे मगर इसी बीच अन्य पुलिस बल वहां पहुच स्थिति पर नियंत्रण पाया और लोगों को वहां से खदेड़ दिया। इधर गांधीनगर थाना के एसआई संदीप कुजुर थाने में आवेदन देकर उसके साथ हुई घटना से जुड़े दो लोगो को चिन्हित करते हुए क्रमशः सुधीर सिंह और सुजीत सिंह के विरुद्ध मामला दर्ज करवा दिए। इधर गांधीनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनो मे से एक आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर तेनुघाट न्यायिक हिरासत में भेज दिया जबकि दुसरे आरोपी की खोज बीन जारी है। दुसरी तरफ दोनो पक्षों के बीच अभी भी तनाव होना बताया जाता है। यहां एक बात बताता चलू कि उक्त चौक पर एक सरकारी शराब दुकान स्थित है जहां से लोग शराब खरीद कर पीते हैं।

## रेजांगला शहीदों का लहू मिश्रित कलश यात्रा पहुंचा धनबाद, अहिर रेजिमेंट बनाने की उठी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद शहर में जामताड़ा होते हुए रेजांगला के वीर अहीर शहीदों के लहू में मिश्रित पवित्र मिट्टी कलश यात्रा धनबाद पहुंची जहां दर्जनों की संख्या में अहिर समाज के सदस्यों ने शिरकत किया यात्रा के माध्यम से सभी अहिर समाज के लोग सरकार से सेना में अलग अहीर रेजिमेंट बनाने की मांग कर रहे हैं सांसद दिनेश लाल निरहुआ के द्वारा भी लोकसभा में सेना में अलग रेजिमेंट की मांग सदन में किया गया है उन्होंने कहा कि सभी सभी प्रांतों की अपनी अपनी सेना में रेजिमेंट है तो अहीर रेजिमेंट क्यों नहीं है इनमें सरकार से गुहार लगाई कि अहीर रेजिमेंट भी बनाया जाय उन्होंने कहा कि यह शहीदों की लहू मिश्रित पवित्र मिट्टी पूरे देश के लिए गर्व की बात है अहीर समाज के लिए नहीं भारत के हर एक नागरिक को इसका नमन करना चाहिए रेजांगला शहीदों की लहू मिश्रित कलश यात्रा जामताड़ा होते हुए धनबाद शहर में प्रवेश कर ललिता भवन धैया पहुंची।कतरास से चुना यादव के साथ हजारों की संख्या में युवा जय यादव जय माधव की जयकारा लगाते हुए ललिता भवन पहुंची। राजेश्वर यादव ने सरकार से अपील की जल्द से जल्द अहिर रेजीमेंट गठन कर शहीद हुए अहिर शहीद सैनिकों का सम्मान करें।

## तेनुघाट डैम : नौका विहार के लिए उमड़े सैलानी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/तेनुघाट।** तेनुघाट डैम में नव वर्ष को लेकर हर तरफ लोग पिकनिक मानते नजर आ रहे है वंही दूर.दराज से लोग डैम पर घूमने भी आ रहे है तेनुघाट स्पेलवे पर तरह.तरह के मनोरंजन के दुकान भी लगे हुए हैं वहीं डैम के दूसरे तरफ नौका विहार का भी लोग खूब मजा ले रहे हैं वंही बोटिंग करने वाले लोगो को बहुत ही आनन्द आ रहा है वंही राजेश कुमार ने बताया कि दिसम्बर से लेकर 20 जनवरी तक डैम में हम लोग आने वाले सैलानियों को नौका विहार आनंद दिलाते है इस क्रम में जो कुछ मिल जाता है उससे हम लोग अपने घर परिवार चलते है साथ ही ये भी बताया कि सैलानियों के लिए लाइफ जैकेट भी रखे हुए है सैलानियों को भी तेनुघाट डैम नौका विहार के लिए खूब लुभा रहा है तेनुघाट थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि जगह.जगह पुलिस बल को भी तैनात कर रखा गया है साथ ही साथ मैं स्वंम पेट्रोलिग में लगे हुए है किसी भी तरह के उपद्रव करने वाले को बॉक्स नहीं जाएगा शांति से आये और शांति से पिकनिक मनाये।

## गांवों के विकास में सहजकर्ता दल निभायेगा सक्रिय भूमिका

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित बहुउद्देशीय भवन में जन योजना अभियान 2023.24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका गांवए स्वस्थ गांवए बाल हितैषी गांवए जल प्राप्त गांवए स्वच्छ और हरित गांवए आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचाए सामाजिक रूप से सुरक्षित गांवए सुशासन वाला गांवए महिला एवं बाल हितैषी गांव इन सभी नौ विषयों पर योजनाओं के चयन एवं सफल बनाने हेतु प्रखंड संसाधन दल के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद प्रत्येक गांव में ग्रामवार जीपीडीपी में दिए गए मार्गदर्शन के अनुसार योजनाओं का चयन किया जायेगा।उक्त कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक अनुज कुमार पालए बीपीओ राकेश कुमारए पीएचडी समन्वय अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारियों द्वारा योजनाओं के चयन में तकनीकी विशेषताओं को विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर प्रतिमा देवीए डोली देवीए आशा देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# डहरे टुसू को लेकर बलियापुर से निकला जुलूस

### जुलूस के कारण सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**बलियापुर।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत डहरे टुसु परब को लेकर बलियापुर से भी विशाल जुलूस निकली। इस दौरान युवतियां भी पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। टुसू पर्व को लेकर अपनी बातों को रखने का कार्य सभी ने किया। उपप्रमुख आशा देवी ने कहा कि टुसु परब का मूल रूप धान है इसके लिए इसे धानी डिनी और टुसुमनि कहा जाता है। यह प्रकृति से जुड़ा हुआ है। हम अपने पर्व त्यौहार गांव घर में ही मनाते आए हैं ,इस कारण हमारे परिवार से दुनिया अनजान है। दुनिया को अपने झारखंडी परिवार से परिचित कराने के लिए पहले उस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । बलियापुर क्षेत्र से शोभा यात्रा एवं जुलूस निकाली गई, जो सराडला स्थान से कोर्ट मोर तक पारंपरिक वेशभूषा में ढोल नगारा मांदर आदि के साथ नाचने गाने खुशियां बांटने के लिए शामिल होने पहुंच रहे हैं, जिसमें असम उड़ीसा पश्चिम बंगाल एवं झारखंड के लोग शामिल हो रहे हैं। यह कार्यक्रम वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच शाखा द्वारा आयोजित की गई है।

### लंबे अंतराल के बाद हो रहा कार्यक्रम

जिला परिषद प्रतिनिधि आशीष महतो ने भी अपनी बातों को रखते हुए कहा कि लंबे अंतराल के बाद इस तरह का कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसको लेकर हर कोई उत्साहित है और भारी संख्या में बलियापुर क्षेत्र जो सिंदरी विधानसभा क्षेत्र से लोग धनबाद की ओर कु कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान निकाली गई शोभायात्रा एवं जुलूस में उमड़ी भीड़ के चलते घंटो बलियापुर सिन्दरी सड़क पूरी तरह से जाम रही।

## एक नजर में

### किंग क्लब के स्थापना दिवस पर बंटा कंबल



**बेरमो।** ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित पानी टंकी के सामने किग क्लब का स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया।क्लब के द्वारा इस ठंड से बचने के लिए गरीबों के बीच लगभग 100 नि:शुल्क कम्बल का वितरण वार्ड पार्षद श्रीकांत मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। क्लब के अध्यक्षा सोनी खातून ने क्लब के द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार पूर्वक रखा और आए हुए अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उक्त कम्बल वितरण के अवसर पर गरीब एवं वृद्ध व्यक्तियों ने के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमें हमेशा ही किंग क्लब के लोगों का मदद मिलता रहा है। मौके पर गुड़िया देवी सहित सैकड़ों महिला.पुरुष उपस्थित थे।

### इंटरस्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप का शुभारंभ

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा के तालडांगा स्थित लार्डस ग्राउंड में लार्डस क्लब द्वारा आयोजित इंटर स्टेट बैडमिंटन चैम्पियनशिप का शुभारंभ किया गया। चैंपियनशिप में झारखंड, प.बंगाल, उड़ीसा व बिहार की कुल 32 टीम हिस्सा ले रही है । नॉक आउट आधार पर चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है । चैंपियनशिप धनबाद जिला बैडमिंटन एसोसिएशन व झारखंड राज्य बैडमिंटन चैंपियनशिप से संबन्ध है । चैंपियनशिप का उद्घाटन पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, बीडीओ एग्यारकुंड बिनोद कुमार कर्मकार, झामुमो केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य अशोक मंडल, समाजसेवी कृतिवास झा व अन्य ने शुक्रवार देर शाम फीता काटकर किया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया । राष्ट्रगान के साथ खेल प्रारंभ किया गया । अतिथि व पत्रकारों को सम्मानित किया गया । शुक्रवार रात भर मैच खेला जाएगा और फाइनल होते-होते सुबह होने की संभावना है । पहले, दूसरे, तीसरे व चौथे स्थान पर आने वाली टीम को नगद पुरस्कार व ट्रॉफी दिया जाएगा ।मौके पर क्लब के समामा औसाल,गौहर सिद्दीकी,रंजीत मिश्रा,वसीम खान,मो असलम,जाहिद इस्लाम, समीर खान, आमिर खान, इमरान खान, अतीक रहमान,मो अंजुम, आसिफ सिद्दीकी,मो अजीम,आमिर उरवा, कौशर शेख आदि थे ।

### डालमिया सीमेंट बोकारो है ग्रामीणों के कल्याण को प्रतिबद्ध

**बोकारो।** झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षदए रांची द्वारा डालमिया सीमेंट ;भारतद्ध लिमिटेड की इकाई बोकारो सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग वर्क्स के प्रांगण में आयोजित जन.सुनवाई बैठक में ग्रामवासियों के सुझाव आमंत्रित किए गए ।उक्त कार्यक्रम में चास के एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावतए एडीसी सादात अनवरए सीओ दिलीप कुमारएक्षेत्रीय अधिकारी जेएसपीसीबी.धनबाद राम प्रवेश कुमारए क्षेत्रीय अधिकारीए जेएसपीसीबी.रांची कुमार मणि भूषणए डालमिया सीमेंट के यूनिट हेड प्रियरंजन जीए सरपंचए ग्राम पंचायत प्रतिनिधिए जिला परिषदए क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।बोकारो इकाई की उत्पादन क्षमता को 3ण्1 मिलियन टन प्रतिवर्ष तक बढ़ाने हेतु प्रदेश सरकार के प्रावधान अनुरूप आयोजित जन.सुनवाई सफलतापूर्वक संपन्न हुईस ज्ञातव्य है कि डालमिया सीमेंट ;भारतद्ध लिमिटेड की इकाई बोकारो सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग को स्थानीय एवं सम्बद्ध विभागों का सकारात्मक सहयोग मिलता रहा तो निस्संदेह इसका नाम अखिल भारतीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण विशालतम सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की सूची में शामिल हो जायेगा ।इससे स्थानीय ग्रामीणों एश्रमिकों के कल्याण सहित बोकारो और झारखंड सभी गौरवान्वित होंगे।

### मनायी गयी कृष्ण बल्लभ सहाय की 125वीं जयंती

बेरमो। पेटरवार तेनच चौके समाधान कार्यालय मैं संयुक्त बिहार के चौथे पूर्व मुख्यमंत्री स्वतंत्रता सेनानी कृष्ण बल्लभ सहाय की 125 वीं जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने स्वर्गीय सहाय के कृत्यों पर प्रकाश डालते हुए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की लोगों ने बताया कि श्री सहाय मंत्रि मंडल में भू राजस्व मंत्री रहते उन्होंने जिम्मेदारी प्रथा उन्मूलन कानून का शंखनाद करते हुए प्रथा उन्मूलन करने वाला पहला राज्य बिहार बना था । स्वर्गीय के बी सहाय का पेटरवार कसमार क्षेत्र से काफी लगाव रह था । पेटरवारके स्वर्गीय रघुनाथ प्रसाद बक्सी आसिम बाबू मुखिया सागरमल जैन सहित कसमार के स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय कासेश्वर चौबे आदि से उनका आत्मीय भाव रहा है चाहे बोकारो स्टील प्लांट हो या बेरमो अनुमंडल के पेटरवार प्रखंड अंतर्गत पढ़ने वालाएशिया कासबसे बड़ा मिट्टी का बांध जिसका शिलान्यास पट्ट पेटरवार तेनु चौक मैं ही लगा था जिसका शिलान्यास स्वर्गीय सहाय ने ही किया था जिससे बोकारो जिला को एक नई पहचान मिली स्वर्गीय सहाय जिनका मुख्यमंत्री काल संयुक्त बिहार ;बिहार झारखंडद्ध स्वर्णिय कॉल रहा है स्वर्गीय सहाय 963 सेलेकर1967तक बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में जाने जाते रहे हैं उपस्थित जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## पेज एक का शेष

### आज से विदेशियों ...

नये साल का जश्न देश के कई शहरों में शुरू हो चुका है लेकिन बीच-बीच में कोरोना को लेकर ऐसी खबरें सामने आ रही हैं जिससे चिंता बढ़ गयी है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को कहा था कि अगले 40 दिन बेहद अहम हैं। लोगों को सतर्कता बरतनी चाहिए। कोरोना की स्थिति पर हाइलेबल बैठक में समीक्षा : पीएम मोदी के मुख्य सचिव डॉ पीके मिश्रा ने शनिवार को शीर्ष अधिकारियों, विशेषज्ञों के साथ कोविड को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में कोविड की स्थिति और कोविड से लड़ने की तैयारी को लेकर चर्चा की। साथ ही उन्होंने कोविड को लेकर प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए पीएम के पिछले निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। बैठक के दौरान, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने श्री मिश्रा को चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, ब्राजील आदि सहित कुछ देशों में कोविड में वृद्धि के साथ महामारी के विकसित होते वैश्विक परिदृश्य से अवगत कराया गया। बैठक में पीएमओ के अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी समेत नीति आयोग के अधिकारी मौजूद थे।

### रिम्स को एकेडमिक...

कड़कड़ाती ठंड में भी गैलरी में रात गुजारनी पड़ रही है। आनेवाले मरीजों के परिजनों को इस समस्या से निजात मिल जायेगी। उन्हें कैंपस में ही डॉरमेट्री की सुविधा मिलने लगेगी। एक ही छत के नीचे ठहरने से लेकर खाने- पीने का भी इंतजाम होगा। 15 करोड़ की लागत से सुपरस्पेशियलिटी कैंपस में डेंटल कॉलेज के पीछे जी प्लस 5 फ्लोर का बिल्डिंग तैयार हो चुका है। पावरग्रिड ने सीएसआर फंड से इस बिल्डिंग का निर्माण कराया है। यहां पर 300 से अधिक बेड मरीजों के परिजनों के लिए होंगे। कैंटीन, कैफेटेरिया, लाउंड्री और फामेसी की भी सुविधा होगी। **मरीजों के लिए नई सीटी स्कैन मशीन :** रिम्स में पहले से ही 256 स्लाइस की सीटी स्कैन मशीन ट्रॉमा सेंटर में इंस्टॉल कराई गई थी। अब हॉस्पिटल की मेन बिल्डिंग में 128 स्लाइस की सीटी स्कैन मशीन लगाई गई है। इसका ऑफिशियल उद्घाटन 2023 में होगा। इस मशीन के चालू हो जाने के बाद मरीजों को सीटी स्कैन कराने के लिए प्राइवेट सेंटर की दौड़ नहीं लगानी होगी। वहीं सरकारी दर पर उनका सीटी स्कैन रिम्स में ही हो जाएगा।

# अभिनंदन 2023 : विदेशों में खास अंदाज में नये साल का स्वागत

दुनिया के कई देश में हर कोई जश्न में सराबोर हो गया। प्रशांत द्वीप के देश सामोआ, टोंगा, किरिबाती उन देशों में से हैं, जहां दुनिया में सबसे पहले नए साल का स्वागत होता है। इसके बाद अन्य देश इसकी खुमारी में डूबते जाते हैं। इन देशों के बाद दूसरा नंबर न्यूजीलैंड का है, जहां करीब एक घंटे बाद नए साल का स्वागत होता है। शनिवार को यहां के लोगों ने न्यू ईयर का स्वागत जोर-शोर से किया। यहां पटाखे फोड़कर जश्न मनाया गया।

**31 दिसंबर से यहां शुरू हो जाता है सेलिब्रेशन**

31 दिसंबर को भारतीय समयानुसार शाम साढ़े तीन बजे सामोआ, टोंगा व किरिबाती से नए साल का जश्न शुरू होता है। इसके बाद 3:45 मिनट पर न्यूजीलैंड नया साल मनाया जाता है। शाम साढ़े चार बजे न्यूजीलैंड के कुछ अन्य हिस्सों में सेलिब्रेशन होता है। इसके बाद 5:30 बजे रूस के एक छोटे क्षेत्र के अलावा सात अन्य लोकेशन पर नए साल का स्वागत होता है।



स्पीड न्यूज

### पूर्व पोप बेनेडिक्ट 16वें का निधन, शोक



**वेटिकन सिटी।** पूर्व कैथोलिक पोप बेनेडिक्ट 16वें का शनिवार को वेटिकन सिटी में निधन हो गया। उन्होंने 95 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। वेटिकन चर्च के प्रवक्ता ने कहा कि हमें दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि पूर्व पोप बेनेडिक्ट 16वें का शनिवार सुबह 9:34 बजे वेटिकन के मैटर एक्लेसिया मठ में निधन हो गया।

### संघ मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर में संघ मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक अज्ञात शख्स ने कॉल करके यह धमकी दी है। इस कॉल की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। जिसके बाद से ही पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। इसके साथ ही साथ संघ मुख्यालय की पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### एलन मस्क 200 अरब डॉलर गंवाने वाले दुनिया के बने पहले शख्स

**न्यूर्याक।** ट्विटर के नए बॉस एलन मस्क को करीब 200 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार वह इतनी बड़ी राशि गंवाने वाले इतिहास के पहले व्यक्ति बन गए हैं। जेफ बेजोस के बाद 200 अरब डॉलर से अधिक की व्यक्तिगत संपत्ति तक पहुंचने वाले मस्क दूसरे व्यक्ति थे। दिलचस्प बात यह है कि जनवरी 2021 में मस्क अरबपतियों में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए थे। मस्क की संपत्ति में गिरावट का सबसे बड़ा कारण टेस्ला के शेयरों में भारी गिरावट आना है।


## कोरोना : भारत में भी इसकी पुष्टि, इससे गंभीर रोग का खतरा

# नये वैरिएंट एक्स बी बी.1.5 के कारण अमेरिका में बिगड़े हालात

एजेंसी

**नयी दिल्ली/वॉशिंगटन।** चीन-जापान में ओमिक्रॉन के बीएफ-7 वैरिएंट के कारण बिगड़े हालात के बीच अमेरिका में ओमिक्रॉन के एक नए सब-वैरिएंट का कहर देखा जा रहा है। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन द्वारा शुक्रवार को प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में ओमिक्रॉन के एक्स बी बी.1.5 वैरिएंट ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अमेरिका में इस समय के 40 फीसदी से अधिक कोरोना के मामलों के लिए इसी सब-वैरिएंट को प्रमुख कारण माना जा रहा है। पिछले हफ्ते की तुलना में इस वैरिएंट के कारण संक्रमण की मामले दो दुना तक बढ़े हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह ओमिक्रॉन के अब तक के सभी सब-वैरिएंट्स की तुलना में अधिक समस्याकारक हो सकता है। इस बीच भारत में भी एक्स बी बी.1.5 वैरिएंट से संक्रमण के पहले मामले की पुष्टि की गई है। इंडियन सार्स-सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम की रिपोर्ट के मुताबिक गुजरात में इस नए वैरिएंट का पहला मामला सामने आया है। जिस तरह से इसके कारण न्यूयॉर्क में हालात बिगड़ते देखे गए हैं, ऐसे खतरे को ध्यान में रखते हुए भारत को भी विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

## क्या है एक्स बी बी.1.5 वैरिएंट



**अमेरिका का कई हिस्सों, विशेषकर न्यूयॉर्क में एक्स बी बी.1.5 वैरिएंट से संक्रमण के कारण स्थिति बिगड़ने की खबरें हैं। वैज्ञानिकों ने शुरूआती अध्ययनों में पाया है कि यह इइ सब-वैरिएंट में हुए नए म्यूटेशन से उत्पन्न हुआ है जिसकी प्रकृति कई मामलों में चिंता बढ़ाने वाली है। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी में वायरोलॉजिस्ट एंड्रयू पेकोज बताते हैं एक्स बी बी.1.5 अपने फैमिली के अन्य के सदस्यों से अलग है, क्योंकि इसमें एक अतिरिक्त म्यूटेशन देखा जा रहा है, जो इसे कोशिकाओं से बेहतर ढंग से बाइंड करने में मददगार हो सकता है। ऐसे में यह अधिक संक्रामक होने के साथ शरीर में तेजी से बढ़कर गंभीर रोग विकसित कर सकता है। पेकिंग विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक यूनलॉन्ग रिचर्ड काओ यह वैक्सीन से बनी प्रतिरक्षा को चकमा देने में सफल हो सकता है, ऐसे में नए वैरिएंट को गंभीरता से लेने की जरूरत है।**

## भारत को इससे कितना खतरा!

कोविड रिपोर्टस के मुताबिक गुजरात में एक मामले के अलावा देश के अन्य किसी भी हिस्से से फिलहाल इस नए सब-वैरिएंट की पुष्टि नहीं है। महाराष्ट्र में कोरोना के मामलों पर नजर रखने वाले अधिकारियों का कहना है कि यहां इइ सब-वैरिएंट के 275 से अधिक मामले रहे हैं, हालांकि अब तक इस नए सबवैरिएंट की पुष्टि नहीं है। जिस तरह से अमेरिका में इससे संक्रमण के कारण हालात बिगड़े हैं इस खतरे को लेकर भारत को भी सावधान रहने की जरूरत है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भारत में इसका असर ज्यादा नहीं होना चाहिए क्योंकि इसी परिवार के इइ वैरिएंट से यहां लोग पहले भी संक्रमित होकर ठीक हो चुके हैं, साथ ही यहां ज्यादातर लोग प्राथमिक और बूस्टर डोज भी ले चुके हैं। हालांकि इसकी प्रकृति को देखते हुए कोविड से बचाव को लेकर सख्ती बरतना बहुत जरूरी है।

**गंभीर रोगों का भी खतरा**

वायरोलॉजिस्ट एंड्रयू पेकोज कहते हैं, वायरस के बाइंडिंग की क्षमता इसे लोगों को अधिक आसानी से संक्रमित करने में मदद करती है। न्यूयॉर्क की रिपोर्ट से पता चलता है कि यहां संक्रमितों के अस्पताल में भर्ती होने की दर भी बढ़ी है, जिससे साफ होता है कि यह सब-वैरिएंट अब तक के अन्य वैरिएंट्स की तुलना में न सिर्फ तेजी से लोगों को अपना शिकार बना सकता है साथ ही इससे गंभीर रोग विकसित होने का खतरा भी अधिक है। शोधकर्ताओं की टीम ने पाया कि एक्स बी बी.1.5, अन्य वैरिएंट्स की तुलना में अधिक आसानी से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को चकमा देने में भी सफल हो रहा है।

## मोटर दुर्घटना जांच के लिए थानों में विशेष इकाई गठित करें

### सुप्रीम कोर्ट का राज्यों को निर्देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मोटर दुर्घटना के मामलों की जांच एवं इससे जुड़े दावों के निपटान के वास्ते सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए देश भर के थानों में एक विशेष इकाई गठित करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति एस ए नजीर और जे के महेश्वरी की पीठ ने राज्यों को तीन महीने के अंदर पुलिस थानों में एक विशेष इकाई गठित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी दुर्घटना की सूचना मिलने पर संबंधित थाना प्रभारी को तीन महीने के भीतर क्लेम ट्रिब्यूनल को दुर्घटना सूचना रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए।

पीठ ने अपने फैसले कहा, 'राज्य के गृह विभाग के प्रमुख और पुलिस महानिदेशक मोटर दुर्घटना से संबंधित दावों के मामलों की जांच और सुविधा प्रदान करने के लिए सभी पुलिस थानों में या कम से कम शहर स्तर पर एक विशेष इकाई का गठन करेंगे।'

### शिक्षा नीति में बदलाव की जरूरत : राहुल

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी ने शिक्षा नीति पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इसमें बहुत खामियां हैं इसलिए पूरी शिक्षा व्यवस्था में बदलाव लाने की जरूरत है। राहुल ने शनिवार को कहा कि भाजपा सरकार की नयी शिक्षा नीति की दिशा अलग है। देश में जो शिक्षा नीति चल रही है वह बच्चों में नई सोच विकसित नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा, 'बच्चों को जो दृष्टि दी जानी चाहिए थी वह नहीं दी जा रही है। मैं कन्याकुमारी से दिल्ली तक 108 दिन पैदल चल कर पहुंचा हूं और इस दौरान मैंने हजारों बच्चों से बात की और बच्चों से पूछा कि वे क्या करेंगे तो सिर्फ एक लड़की ने कहा कि वह अपना बिजनेस चलाना चाहती और लड़के ने कहा कि वह मैकेनिक बनना चाहता है। मैंने जितने बच्चों से बात की उनमें से 99 प्रतिशत बच्चों ने कहा कि वे डॉक्टर, वकील, आईएएस, पीसीएस बनना चाहते हैं।

## सीबीएसइ 12वीं की चार अप्रैल की परीक्षा 27 मार्च को होगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। सीबीएसइ ने संशोधित परीक्षा कार्यक्रम यानी रिवाइज्ड डेट शीट भी जारी कर दी है। सीबीएसइ ने आधिकारिक वेबसाइट पर अपडेटेड कक्षा 12वीं की डेट शीट जारी की है।

**चार अप्रैल को नहीं, 27 मार्च को होंगे ये पेपर :** संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, सीबीएसई कक्षा 12वीं डेट शीट के अनुसार, चार अप्रैल, 2023 को होने वाली परीक्षा अब 27 मार्च, 2023 को ही आयोजित कर ली जाएगी। हालांकि, आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, सीबीएसइ ने 10वीं डेट शीट 2023 में कोई बदलाव नहीं किया है। कक्षा 12वीं के लिए सीबीएसइ दो जनवरी, 2023 से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित करेगा। अब सीबीएसइ उर्दू वैकल्पिक, संस्कृत वैकल्पिक, कर्नाटक संगीत गायन और अन्य की परीक्षा चार अप्रैल, 2023 के बजाय 27 मार्च को आयोजित करेगा।

## बिहार में 21 आइपीएस अफसरों का तबादला

**पटना।** बिहार सरकार के गृह विभाग ने शनिवार 31 दिसंबर को आदेश जारी कर 21 आईपीएस अधिकारियों का अगले आदेश तक अलग-अलग पदों पर तबादला कर दिया है। यह आदेश 1 जनवरी या उक्त पदाधिकारी के पदभार ग्रहण की तिथि से मान्य होगा। 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी आलोक राज को बिहार निगरानी अन्वेषण ब्यूरो का महानिदेशक बनाया गया है, वे इससे पहले महानिदेशक (प्रशिक्षण) का पदभार संभाल रहे थे। वहीं, अब 1991 के बैच की आईपीएस प्रीता वर्मा महानिदेशक (प्रशिक्षण) का पदभार संभालेंगीं।

**अनिल किशोर यादव अतिरिक्त प्रभार से मुक्त**

सुनील कुमार झा अपर पुलिस महानिदेशक, तकीनीकी सेवाएं और वितंतु, बिहार का पद संभालेंगे। सुधांशु कुमार को पुलिस महानिरीक्षक, यातायात के पद से उत्क्रमित करते हुए एडीजीपी, यातायात, बिहार, पटना का पदभार सौंपा गया है।

## एनआइए ने 2022 में रिकॉर्ड 73 मामले किये दर्ज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने 2022 में रिकॉर्ड 73 मामले दर्ज किए, जो कि 2021 में दर्ज किए गए 61 मामलों से 19.67 प्रतिशत ज्यादा है। इन मामलों में जम्मू-कश्मीर, असम, बिहार, दिल्ली, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में जिहादी आतंक के 35 मामले शामिल हैं। इन मामलों में से 11 जम्मू-कश्मीर, 10 वामपंथी उग्रवाद, पांच उत्तर पूर्व, सात प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया से जुड़े मामले, चार पंजाब,




तीन गैंगस्टर-आतंकवाद-नशीली दवाओं के गठजोड़ से जुड़े थे जबकि एक मामला टेरर फंडिंग और नकली भारतीय करेंसी नोट से जुड़े दो मामले थे। आतंकवाद रोधी एजेंसी ने इस साल 368 लोगों के खिलाफ 59 आरोपपत्र भी दायर किए और 19 भगोड़ों सहित 456 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## बिहार में अवैध शराब से 80 लोगों की जान लेने वाला राम बाबू गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** बिहार में अवैध शराब पिलाकर 80 लोगों की जान लेने वाले मुख्य आरोपी को दिल्ली पुलिस अपराध शाखा की इंटरस्टेट सेल ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राम बाबू महतो के रूप में हुई है। 14 दिसंबर को बिहार के सारण जिले में हुई वारदात के बाद आरोपी भागकर दिल्ली आ गया था। राम बाबू यहां द्वारका जिला में एक निमार्णाधीन साइट पर छिपकर रह रहा था। बिहार पुलिस से सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम ने शुक्रवार को आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ पहले से सात आपराधिक मामले दर्ज हैं, इनमें ज्यादातर मामले अवैध शराब की तस्करी करने के मामले शामिल हैं। दिल्ली पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना बिहार पुलिस को दे दी है। अपराध शाखा के विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि बिहार के सारण जिले के इसुआपुर और मशरक थाना क्षेत्र में 14 दिसंबर को दो अलग-अलग केस दर्ज किए गए थे।

## वर्ष 2023 में हॉकी विश्व कप से लेकर एशियाई खेलों तक पर रहेगी नजर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय एथलीट्स के लिए साल 2023 काफी व्यस्त रहने वाला है। 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों को देखते हुए यह साल काफी महत्वपूर्ण है। हॉकी विश्व कप से लेकर एशियाई खेलों तक भारत के खिलाड़ी कई टूर्नामेंट में नजर आएंगे। हॉकी विश्व कप की मेजबानी भारत के पास ही है। टूर्नामेंट का आयोजन 13 से 29 जनवरी तक ओडिशा में होगा। भुवनेश्वर और राउरकेला में सारे मुकाबले खेले जाएंगे। एशियाई खेलों का आयोजन 2022 में 10 से 25 सितंबर तक होना था, लेकिन चीन में कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण इसे एक साल के लिए आगे बढ़ा दिया गया था। अब चीन के हांग्झू में ही यह 23 सितंबर से आठ अक्तूबर तक आयोजित होगा। एएफसी एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन इसी साल कतर में होगा। यह टूर्नामेंट पहले चीन में होना था।

**सिंधु सहित कई बैडमिंटन स्टार पर नजर**

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत पर सबकी नजरें होंगी। ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप (14 से 19 मार्च), विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप (21 से 27 अगस्त) और वर्ल्ड टूर फाइनल्स (13 से 17 दिसंबर) अगले साल होने वाले बड़े बैडमिंटन टूर्नामेंट हैं।

**विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने उतरेंगे नीरज चोपड़ा**

नीरज चोपड़ा, अविनाश साब्ले और एल्डहोज पॉल जैसे भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट्स देश को अलग-अलग टूर्नामेंट में पदक दिलाना चाहेंगे। अगस्त में हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का मुख्य आयोजन होगा। इसके अलाव एशियाई खेलों और दोहा डायमंडल लीग में इन खिलाड़ियों पर नजरें रहेंगी।



**स्पोर्ट्स कैलेंडर 2023**

| तारीख | टूर्नामेंट | खेल | जगह |
|---|---|---|---|
| 13-29 जनवरी | पुरुष हॉकी विश्व कप | हॉकी | भुवनेश्वर, राउरकेला |
| 16-29 जनवरी | ऑस्ट्रेलियन ओपन | टेनिस | मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया |
| 31 जनवरी-11 फरवरी | खेलो इंडिया यूथ गेम्स | विविध खेल | मध्य प्रदेश |
| 15-31 मार्च | महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप | बॉक्सिंग | नई दिल्ली |
| 14-19 मार्च | ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप | बैडमिंटन | बर्मिंघम, इंग्लैंड |
| 28 मार्च-2 अप्रैल | एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप | रेसलिंग | नई दिल्ली |
| 1-14 मई | पुरुष विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप | बॉक्सिंग | ताशकंद, उज्बेकिस्तान |
| 3-13 मई | एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप | वेटलिफ्टिंग | जिंजू, दक्षिण कोरिया |
| 5 मई | दोहा डायमंड लीग | एथलेटिक्स | कतर |
| 22-28 मई | विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप | टेबल टेनिस | डरबन, दक्षिण अफ्रीका |
| 28 मई-11 जून | फ्रेंच ओपन | टेनिस | पेरिस, फ्रांस |
| 3-13 जुलाई | विम्बलडन ओपन | टेनिस | लंदन, इंग्लैंड |
| 20 जुलाई- 20 अगस्त | महिला फीफा विश्व कप | फुटबॉल | ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड |
| 14-30 जुलाई | विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप | स्विमिंग | फूकूओका, जापान |
| 19-27 अगस्त | विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप | एथलेटिक्स | बुडापेस्ट, हंगरी |
| 21-27 अगस्त | विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप | बैडमिंटन | कोपेनहेगन, डेनमार्क |
| 28 अगस्त - 10 सितंबर | यूएस ओपन | टेनिस | न्यूयॉर्क, अमेरिका |
| 2-17 सितंबर | विश्व वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप | वेटलिफ्टिंग | रियाद, सऊदी अरब |
| 3-10 सितंबर | विश्व रोइंग चैंपियनशिप | रोइंग | बेलग्रेद, सर्बिया |
| 16-24 सितंबर | विश्व रेसलिंग चैंपियनशिप | रेसलिंग | बेलग्रेद, सर्बिया |
| 23 सितंबर- 8 अक्तूबर | एशियन गेम्स | विविध-खेल | हांग्झू, चीन |
| 13-17 दिसंबर | वर्ल्ड टूर फाइनल्स | बैडमिंटन | घोषित नहीं |
| घोषित नहीं | एएफसी एशियन कप | फुटबॉल | कतर |




## राष्ट्रीय ताइक्वांडो में शारदा ग्लोबल स्कूल ने लहराया परचम




**कोलकाता।** एस.वी.एस विद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय ओपन नेशनल ताइक्वांडो में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में झारखंड टीम ओवरऑल चैंपियन रही। इस प्रतियोगिता में बंगाल, बिहार, उड़ीसा, मेघालय, मणिपुर तथा मिजोरम की टीम ने हिस्सा लिया। शारदा ग्लोबल के आयुष ने अंडर -11 के बालक वर्ग में 38 किलोग्राम, इसान सिंह ने अंडर-14 के 74 किलोग्राम और अमित कुमार गोस्वामी ने अंडर 15 के 54 किलोग्राम में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीता।

### देहरादून में ही चलेगा पंत का इलाज

**देहरादून।** कार हादसे में घायल क्रिकेटर ऋषभ पंत की पांच विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम इलाज कर रही है। वहीं, डीडीसीए के अधिकारी शनिवार को मैक्स अस्पताल पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि पंत के इलाज के लिए भारत के बेस्ट डॉक्टरों से परामर्श लिया जा रहा है। पंत का इलाज देहरादून के मैक्स अस्पताल में ही चलेगा। डीडीसीए के डायरेक्टर श्याम शर्मा ने पंत से मुलाकात के बाद ये जानकारी दी।

माही केयर फाउंडेशन ट्रस्ट
- मासिक धर्म जागरूकता अभियान
- महिला सशक्तिकरण
- वृद्ध कल्याण सेवा
- स्वस्थ बिटिया स्वस्थ भारत
- शिक्षित बिटिया समृद्ध समाज
- दिव्यांगजन सशक्तिकरण

Happy New Year

सहयोग राशि/Donation के लिए सम्पर्क करें - 9835165875, 9835508455
मकान सं.: 304, लेन सं.: 3, बसंत विहार, हरमू, राँची-834002 (झारखण्ड)
ईमेल: mahicarefoundationtrust@yahoo.com, सम्पर्क सं.: 7895873943, दूरभाष सं.: 0651-3130687

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

Class - VIII
- Class VIII Today (Combined) ₹ 250
- Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
- Mathematics Practical ₹ 60
- Science Practical ₹ 60
- S. Science Practical ₹ 60
- Hindi Vyakaran-I ₹ 60
- English Grammar-I ₹ 60
- Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

Classes VI & VII
- Class VII Today (Combined) ₹ 240
- Class VI Today (Combined) ₹ 240
- Hindi Vyakaran-I ₹ 60
- English Grammar-I ₹ 60
- Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!